महानगर नई दिल्ली मंगलवार 2 जुलाई, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

दिल्ली में गरमी के कहर से बिजली की खपत का रेकार्ड टूटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

भारतीय मौसम विभाग के आंकलन के मुताबिक दिल्ली में सात जुलाई से पहले बारिश के आसार नहीं है और भीषण गरमी के कारण बिजली की खपत ने सारे रेकार्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली के आया नगर में सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से सात डिग्री की उछाल पर है। जबकि न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस की बढ़त के साथ 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा आंधी व बादल के कारण एक या दो डिग्री का अंतर जरूर हो सकता है।

दिल्ली में सोमवार को बिजली की रेकार्ड मांग दर्ज की गई। सोमवार दोपहर करीब 3:29 बजे दिल्ली में 7241 मेगावाट बिजली की खपत हो चुकी थी। यह दिल्ली में अब तक सबसे अधिक मांग है। लगातार मांग बढ़ने के कारण राजधानी के कई इलाकों में लोगों को अघोषित बिजली की कटौती से जूझना पड़ रहा है। मांग और आपूर्ति में अंतर की वजह से कई कॉलोनियों में घंटों तक बिजली की कटौती हो रही है। हालांकि, बिजली वितरण करने वाली कंपनी का कहना है कि एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7400 मेगावाट तक जा सकती है जबकि दिल्ली के सभी संयंत्रों में मात्र 994 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

बिजली वितरण करने वाले कंपनी के प्रवक्ता सीपी कामत ने बताया कि इससे पूर्व 2010 में एक जुलाई को बिजली की मांग 4720 मेगावाट दर्ज की गई थी। इसी प्रकार साल 2016 में एक जुलाई को बिजली की मांग 6261 मेगावाट दर्ज की गई थी। जुलाई महीने में अक्सर बिजली की मांग और खपत में रेकार्ड उछाल दर्ज की गई है। 2009 में आठ जुलाई को बिजली की मांग 4408 मेगावाट थी। इसी प्रकार 2012 की पांच जुलाई को 5642 मेगावाट और 2014 की 15 जुलाई को बिजली की मांग 5925 मेगावाट थी। वहीं, साल 2017 के छह जून को दिल्ली में बिजली की मांग 6526 मेगावाट, 2015 में 19 जून को 5846 मेगावाट और 2013 में छह जून को बिजली की मांग 5653 मेगावाट दर्ज की गई थी। वहीं, 2011 में एक बार दो अगस्त को बिजली की मांग 5028 मेगावाट दर्ज की गई थी।

फिलहाल सात जुलाई से पहले बारिश के आसार नहीं। *बिजली* की खपत 7241 मेगावाट तक पहुंची।

2018 में 10 जुलाई को 7016 मेगावाट बिजली की मांग दर्ज की गई थी। आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2002 की तुलना में दिल्ली में बिजली की मांग में 250 फीसद की वृद्धि हुई है।

जम्मू-कश्मीर में मिनी बस गहरे खड्ड में गिरी, 35 मरे

जम्मू, 1 जुलाई (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मिनी बस के सड़क से फिसल कर गहरे खड्ड में गिरने से कम से कम 35 व्यक्तियों की सोमवार को मौत हो गई। बस में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। केश्वान से किश्तवाड़ जा रही मिनी बस सुबह करीब साढ़े सात बजे केश्वान-ठकराई मार्ग से फिसल कर गहरे खड्ड में गिर गई।

किश्तवाड़ के उपायुक्त एएस राणा ने बताया कि हादसे के वक्त 28 सीटों वाली बस में 52 व्यक्ति सवार थे। मामले की जांच का आदेश दिया जाएगा। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शक्ति पाठक ने बताया कि हादसे में 35 लोगों की जान चली गई है और 17 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस, सुरक्षा एजंसियों व स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जम्मू के सरकारी मेडिकल कालेज अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से हेलिकाप्टरों बाकी पेज 8 पर

हेलिकाप्टरों के जरिए तीन घायलों को निकाला गया, हादसे में 17 व्यक्ति घायल हुए हैं।

28 सीटों वाली मिनी बस में 52 व्यक्ति सवार थे। मामले की जांच के आदेश दिए जाएंगे।

राज्यपाल ने मृतकों के परिवार वालों को पांच-पांच लाख रुपए देने का एलान किया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुर्घटना पर दुख जताया है।

हादसे में घायल बच्चा

शिमला में बस खाई में गिरी, तीन की मौत

शिमला, 1 जुलाई (भाषा)।

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में एक बस खाई गिरने से सोमवार को एक स्थानीय स्कूल के दो छात्रों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) के क्षेत्रीय प्रबंधक देव सिंह नेगी ने यह हादसा खलीनी के नजदीक झिझारी में सुबह करीब 7:35 बजे हुआ।

जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने को राज्यसभा की मंजूरी

आतंकियों-अलगाववादियों से कड़ाई से निपटेंगे : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

राज्यसभा ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन छह महीने और बढ़ाने को मंजूरी दे दी। लोकसभा इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इससे पहले राज्यसभा में सोमवार को जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि को बढ़ाने के प्रस्ताव और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2019 पर एक साथ चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने विधेयक एवं प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग तैयार हो तो हम जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने में एक मिनट की भी देरी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, राज्य में आतंकवाद और अलगाववाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों को कठोरता एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

भाकपा के डी राजा और कुछ अन्य सदस्यों ने जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाए जाने से जुड़े अध्यादेश के विरोध में संकल्प पेश किया। अध्यादेश एक मार्च, 2019 को जारी हुआ था।

घाटी सहित जम्मू कश्मीर के प्रत्येक हिस्से के लोगों के विकास के प्रति राजग सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए गृह मंत्री ने कहा कि हम नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाह ने जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि संबंधी संकल्प तथा जम्मू और कश्मीर आरक्षण विधेयक (संशोधन) विधेयक 2019 पर एक साथ हुई चर्चा के बाकी पेज 8 पर

विपक्ष ने उठाए सवाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने और और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2019 पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने कई सवाल उठाए। चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस की विप्लव ठाकुर ने सवाल किया कि जब लोकसभा चुनाव कराए जा सकते हैं तो विधानसभा चुनाव क्यों नहीं कराए जा सकते। उन्होंने मांग की कि राज्य में जल्द से जल्द चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वहां के लोग चुनाव चाहते हैं। उन्होंने राज्य में जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की। उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र को जिदा बाकी पेज 8 पर

राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाए : सिन्हा

नई दिल्ली, 1 जुलाई। (भाषा)

राज्यसभा में सोमवार को जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि को बढ़ाने के प्रस्ताव और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2019 पर एक साथ चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह मुद्दा राष्ट्रीय महत्त्व का है और इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अतीत में जम्मू क्षेत्र को उचित प्रतिनिधित्व नहीं बाकी पेज 8 पर

इस तरह तो जानवरों को भी नहीं पीटते हैं : तेलंगाना वन सेवा अधिकारी

अनिता पर रविवार को हमला हुआ। (फाइल फोटो)

हैदराबाद/नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

तेलंगाना वन विभाग की अधिकारी सी अनिता ने कहा, 'इस तरह से तो जानवरों को भी नहीं पीटा जाता है।' उन पर, सत्तारूढ़ टीआरएस विधायक के भाई की कथित रूप से अगुआई वाली भीड़ ने केबी-आसिफाबाद जिले में भूमि मुद्दे को लेकर हमला कर दिया था।

इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने वन अधिकारी पर हुए हमले पर चिंता जताते हुए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक को इस बारे में एक रिपोर्ट भेजने का अनुरोध किया है। चौंतीस साल की वन रेंज अधिकारी (एफआरओ) का इलाज यहां एक निजी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में चल रहा है। अनिता ने कहा कि बाकी पेज 8 पर

टीआरएस विधायक के भाई के हमले में घायल हुई अनिता का अस्पताल में चल रहा है इलाज

केंद्र ने लिया संज्ञान- पेज 5

कर्नाटक में कांग्रेस के दो विधायकों ने दिया इस्तीफा

बंगलुरु, 1 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक के दो कांग्रेस विधायकों ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया जिससे 13 माह पुरानी एचडी कुमारस्वामी की डांवाडोल सरकार को झटका लगा है। विजयनगर के कांग्रेस विधायक आनंद सिंह द्वारा विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार को इस्तीफा सौंपने के कुछ ही घंटे बाद उनके पार्टी सहयोगी रमेश जरकिहोली ने भी अपना इस्तीफा भेज दिया।

अटकलें हैं कि कांग्रेस के कुछ और विधायक जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। इससे जद (सेकु)-कांग्रेस गठबंधन सरकार के लिए परेशानी बढ़ गई है और सरकार के स्थायित्व पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। अमेरिका की निजी यात्रा बाकी पेज 8 पर

आनंद सिंह और *रमेश जरकिहोली* ने दिया इस्तीफा। कुछ और विधायकों के भी इस्तीफा देने की संभावना।

राम रहीम ने पैरोल की अर्जी वापस ली

चंडीगढ़, 1 जुलाई (भाषा)।

जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने अपने पैरोल की अर्जी सोमवार को वापस ले ली जो उन्होंने हरियाणा के सिरसा में अपने खेतों में खेती के लिए दी थी।

हरियाणा कारागार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, 'उसने अपनी पैरोल की अर्जी सोमवार को वापस ले ली।' राम रहीम बलात्कार के दो मामलों और बाकी पेज 8 पर

17 जातियों को अजा में शामिल करने को असंवैधानिक कहा मायावती ने

सरकारी आदेश से नहीं बदल जाएगी श्रेणी

लखनऊ, 1 जुलाई (जनसत्ता/भाषा)।

बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछले दिनों 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जातियों के प्रमाणपत्र जारी करने संबंधी हाल के आदेश को सबसे बड़ा धोखा करार दिया है।

मायावती ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा, 'उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का यह आदेश इन 17 जातियों के साथ सबसे बड़ा धोखा है। इससे न तो इन जातियों को अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण का और न ही अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ मिलेगा।'

'उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का यह आदेश इन 17 जातियों के साथ सबसे बड़ा धोखा है। इससे न तो इन जातियों को अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण का और न ही अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ मिलेगा।'

उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए होगा कि प्रदेश सरकार इस आदेश के बाद उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग नहीं मानेगी। वहीं, इन बिरादरियों को अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ इसलिए नहीं मिलेगा, क्योंकि कोई भी सरकार मात्र आदेश जारी करके न तो उन्हें किसी सूची में डाल सकती है और न ही हटा सकती है।

मायावती ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर भी हमला करते हुए कहा कि बसपा ने प्रदेश में पूर्व की सरकार द्वारा असंवैधानिक तरीके से इन 17 जातियों के सिलसिले में जारी इसी तरह के आदेश का भी विरोध किया था। बसपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा उपचुनावों को ध्यान में रखते हुए अपने राजनीतिक लाभ के लिए लोकतंत्र की बाकी पेज 8 पर

कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों ने राहुल से मुलाकात की

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सोमवार को राहुल गांधी से मुलाकात की और उनसे पार्टी अध्यक्ष पद पर बने रहने का आग्रह किया। लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद से गांधी इस्तीफा देने पर अड़े हुए हैं। बैठक के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवाददाताओं से कहा, 'हमने राहुल जी से आग्रह किया कि वह अध्यक्ष पद पर बने रहें। उन्होंने हमें धैर्यपूर्वक सुना। हम आशा करते हैं कि वह हमारे आग्रह को स्वीकार करेंगे।' बैठक में बाकी पेज 8 पर

अध्यक्ष पद पर बने रहने का आग्रह किया

कश्मीर के राजनीतिक, सुरक्षा हालात पर चर्चा की राहुल ने

खबर पेज-8 पर

दरअसल

कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अमरनाथ यात्रा हुई प्रारंभ | जय बर्फानी बाबा | पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों से यात्रा को मिली हरी झंडी

पहले दिन आठ हजार से अधिक लोगों ने दर्शन किए

जम्मू, 1 जुलाई (भाषा)।

दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को वार्षिक यात्रा शुरू हुई। पहले दिन 8000 से अधिक लोगों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए। इससे पहले राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने प्रथम पूजा में भाग लेकर राज्य में शांति के लिए प्रार्थना की। यह 46 दिवसीय यात्रा रक्षा बंधन के दिन 15 अगस्त को संपूर्ण होगी।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों मार्गों से सोमवार सुबह यात्रा शुरू हुई और यात्रियों के पहले जत्थे ने अपने-अपने आधार शिविरों से पवित्र गुफा की ओर प्रस्थान किया। प्रवक्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों से यात्रा को हरी झंडी दी। 17 बच्चों समेत कुल 2234 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रविवार को नुनवान-पहलगाम व बालटाल आधार शिविर पहुंचा था। अधिकारियों ने बताया कि वार्षिक तीर्थयात्रा के सुचारु संचालन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि राज्यपाल व श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के प्रमुख मलिक ने पवित्र गुफा के दर्शन किए और 'प्रथम पूजा' में भाग लिया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के साथ श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमंग नरूला भी थे। राज्यपाल ने राज्य में शांति, सद्भावना, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने यात्रा के लिए किए गए प्रबंधों की भी समीक्षा की और श्राइन बोर्ड की ओर से राज्य सरकार, सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य पुलिस और सभी संबंधित एजंसियों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इससे पहले 4,417 यात्रियों का एक जत्था जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सुरक्षा में बसों और मोटर गाड़ियों में सवार होकर 2,800 तीर्थयात्री आधार शिविर से पहलगाम के रास्ते रवाना हुए जबकि बालटाल के लिए 1,617 तीर्थयात्री बसों और हल्के मोटर वाहनों में रवाना हुए। जम्मू से पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ था।

1.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने इस यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया है अभी तक देश भर से। यह तीर्थयात्रा जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के 36 किलोमीटर के रास्ते और गंदेरबल जिले में बालटाल के 14 किलोमीटर के रास्ते से होकर गुजरती है।

4,417 तीर्थयात्री हैं दूसरे जत्थे में, जिनमें 3,543 पुरुष, 843 महिलाएं,31 बच्चे हैं। पहलगाम-बालटाल के लिए भगवती नगर शिविर से 142 वाहनों का एक काफिला रवाना हुआ।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,**Tarun** Kumar S/o Kishori Lal R/o: A5A/235, Janakpuri, NewDelhi-58. Have Changed My Minor Son's Name.from Kartik Kanojia to Drishit Kumar. 0040501472-1

I,**Saurabh** Kumar Vashishth,S/o Mahender Kumar Vashishth R/o-F-63 Kunwar Singh-Nagar, Nangloi,Delhi-41. Changed my minor daughter's name Yana Vashishth to Yuvakshi Vashishth. 0040501465-5

I, Raj Kumar Chauhan S/o Ratan Lal R/o H.No-A-62, Shakti Vihar, Block-A, Mohan Garden, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059, have changed my name to RAJ KAMAL for all future purposes. 0040501459-1

I, Mukesh Kumar Agrawal S/o-Late Rameshwar Dayal Goyal R/o. C-304, Sansad Vihar, Plot. No.2, Sector-3, Dwarka, Delhi-110078 inform that Rameshwar Dayal Goyal and Rameshwar Dayal Govil are names of same person. 0040501469-1

I, Komal Virmani D/o Vinod Virmani R/o Flat no. 1007, Gaur Ganga 1, Sector-4, Vaishali Ghaziabad have change name from Komal Virmani Bagga to Komal Virmani for all future purposes. 0040501459-4

I,**Harminder** Singh S/O-Gurbachan Singh R/O-B-13, G.F,Fateh-Nagar, New Delhi-110018. Have Changed My Name To Harminder Singh Luthra. 0040501472-7

I,**Deepti** Arora Gupta D/O Rajinder Kumar Arora R/O-48-A, Mig-Flats, Century Apartment, Sector-100, Noida, Uttar Pradesh-201301. Changed my Name to Deepti Arora. 0040501484-3

I, Vishnu Kant Lundia R/o 406, Kakrola Housing Complex, Kakrola, Dwarka, New Delhi-110059, have changed my minor daughter name from Nishka Lundia to Nishka Agarwal. 0040501460-1

I, Virendar S/o Late. Babu Lal R/o-H.No.-54, Block-B, Khanpur, J.J.Colony, Ambedkar Nagar, N.Delhi-62 have changed my Name to Virender Khanna. 0040501459-3

I, Tanya Ahuja W/o-Ujwaldeep Singh Arora R/o:A-74,Second-Floor,Gali No-12, Krishna-Park Extn.,Tilak-Nagar,New Delhi-18. Have Changed My Name to Tanya Arora. 0040501472-5

I, Syed Kurshid Hussain S/o Zahin Hussain, H.No.C-107, F/F, New Jafrabad, Shahdara, Delhi-110032, have changed my name to Khurshid Hussain. 0040501472-10

I, Swagata Nath D/o Swapan Kumar Nath R/o-283-E, DDA-Flats, Pocket-II, Mayur-Vihar Phase-I, Delhi-110091 have changed my name to Anju Nath. 0040501479-2

I, Sushil Kumar S/o Ram Parkash R/o-C-11, 143-144, 1st-Floor, Sector-3, Rohini Delhi-110085, have changed my name to Sushil Goel for all purposes. 0040501465-6

I, Sumer Singh Bhati S/o Bheru Singh Bhati R/o VPO Khudiyala, Teh-Balesar, Distt-Jodhpur, Rajasthan-342306 have changed my minor son's name from Raghvendra Singh aged 17 years to Raghvendra Singh Bhati for all future purposes 0070662961-1

I, Suman Garg W/O- Parveen Kumar R/O 52, Madan-Park, East Punjabi Bagh, Delhi-26, Changed My Name To Suman Singla. 0040501454-8

I, Subhadra Devi W/O Late Shri Umrav Sharma R/O-H.NO-116,Shahbad Dairy, Delhi-110042,have changed my name to Sumitra Devi for all purposes. 0040501469-3

I, Surekha W/o Harish Kumar R/o. WZ-338, SF, SriNagar, Shakur Basti, Delhi, Changed Name to Surekha Gandhi. 0040501479-9

I, Srawan S/o Sudarshan Padhi R/o-B-3, Sainik-Enclave Part-1, Jharoda Kalan, N.Delhi-110072 have changed my name to Srawan Padhi. 0040501465-1

I, Sewak Ram S/o Lala Ram R/o 804-A, Baba Faridpuri, West Patel Nagar, New Delhi-110008, inform that my minor Daughter Tanya true and correct date of birth is 15/05/2006 (Fifteenth Day of May Two Thousand Six). 0040501415-1

I Sukhpreet Kaur Bassi D/o Babu Singh and W/o Ranjit Singh R/o Swaran Avenue, Street No.-2, Nankiana Road, Sangrur, Punjab-148001, have changed my name to Sukhpreet Kaur for all purposes. 0070662962-1

I Punam Dabas W/O Rajpal Dabas R/O 352A, 1st Floor, B-Block, VasantKunj Enclave, Delhi-110070. Changed my Name to Poonam Dabas. 0040501454-10

I Surya Kant Govila, S/o Sh. Dinesh Kumar Govila, R/o Govila Gas Godown, Ram Ghat Road, Aligarh-202001, Uttar Pradesh have changed my name to Satyam Govila for all purposes. 0040501419-1

व्यक्तिगत

I, Sawarn Kaur W/o Sh.B.S.Saini R/o Pocket GH-5&7, Flat No.868, Paschim Vihar, New Delhi-110087, have changed my name after marriage to Swarn Kaur for all purposes. 0040501416-2

I, Satyapal Singh Rawat S/o K.S. Rawat R/o-G-12/53 Sector-15 Rohini Delhi-89. Inform that my name wrongly-mentioned as Satyapal Rawat in my son Priyanshu Rawat School-record but my correct name is Satyapal Singh Rawat. 0040501472-3

I, Saneha Dua D/o Late Sh.Ramesh Dua, R/o-C-141, Ground Floor, Moti Nagar, New Delhi-110015.have changed my name to Sneha Dua. 0040501454-1

I, Ritu Bala Khurana, Ritu W/o Anil Khurana R/o-M-84A, Prem Nagar, Uttam Nagar, Delhi-110059. have changed name to Ritu Khurana. 0040501454-6

I, Rita Roy Chowdhury W/o Amitava Chatterjee R/o H-2/98, E4, Plot-98, T/F KH-79/17/2, 24 Mahavir-Enclave, Palam, ND-45,have change my name to Rita Chatterjee. 0040501479-1

I, Rinku Kumari W/O Anand, H. No-212, Block 1, Express-Garden, Vaibhavkhand, Indirapuram, Ghaziabad, U.P.201014, Changed My Name To Rinku Prasad. 0040501484-7

I, Reetu W/o Rajiv Kumar R/o-A-48, Sunder Apartment, Sector-14, Rohini, Delhi-110085. have changed my name to Reetu Relhan permanently. 0040501465-2

I, Reena Rani W/o Mr. Parveen Kumar R/o 595/13, Sikka Colony, Near Laxmi Narayan Mandir, Sonepat, Haryana-131001, have changed my name to Reena for all purposes. 0040501446-1

I, Rani Sharma w/o Satish Sharma R/o.MH-318, Rao har Nath-Marg, galiNo-2, Kapashera, Delhi-110037, have changed my name to Kamlesh Sharma Permanently. 0040501472-8

I, Rakhi Bansal W/o Dinesh Goel R/o AG-505, Shalimar-Bagh, Delhi-110088, have changed my name to Deepa Goel for all purposes. 0040501454-5

I, Rakesh s/o Ram Sewak r/o SF, A-3/245, Paschim Vihar, Delhi-110063, have changed my name to RAKESH GARG. 0040501437-1

I, Rajnt Garg W/O Pradeep Garg R/O B-103, Kedar Apartment, Sector-9, Rohini, Delhi-110085. Changed My Name To Rajni Garg. 0040501484-5

I, Ragini Jain D/o Rakesh Kumar Jain R/o 82, Bahubali Enclave, Delhi-110092, have changed my name to Aashi Jain for all future purposes. 0040501427-1

I, Radha Rani W/o Sh.Ajay Kumar D/o Sh. Subhash Chander R/o H.No.H-54, Second Floor, Khasra No.38-39, West Jyoti Nagar, Pur Shahdara, North East Delhi, Delhi-110094, have changed my name to Shweta Mittal for all purposes. 0040501416-3

I, Pradeep Kumar S/O Megh Raj Garg R/O B-103, Kedar Apartment, Sector-9, Rohini, Delhi-110085. Changed My Name To Pradeep Garg. 0040501484-4

I, Prabhat Ranjan Jha S/o Sh.Hare Krishna Jha R/o N-2, Lower Ground Floor, Malviya Nagar, South Delhi, Delhi-110017, have changed my name to Prabhaat R Jha for all purposes. 0040501416-6

I, Pooja W/o Kapil Kumar R/o N-2, 404, Eros Sampoornam, Plot No.GH-01, Sector-2, GreaterNoida West, UP have changed my name to Pooja Rani. 0040501484-2

I, Pawan Kumari W/O Nathu Ram Jyotshi, R/O.A-357-D, New Ranjit Nagar, PatelNagar, N.Delhi-110008. Changed My Name To Pawan Kumari Jyotshi. 0040501484-9

I, Parveen Mahajan S/O Madan Lal R/O-58, Dwarkadheesh Appartments, Pocket-2, Sector-12, Nsit, Dwarka, N.Delhi-110078.Changed My Name To Parveen Chander Mahajan. 0040501484-8

I, Pankaj S/o Ravinder Kumar R/o 28B, J.J.Colony Hastsal, Uttam Nagar, Delhi-110059. have changed my name to Pankaj Mahajan. 0040501479-5

I, Nirmal Devi W/o Bijender Singh R/o F-1/121-122, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Nirmala Devi. 0040501484-1

I, Nathu Ram S/O Chander Bhan Name) R/O.A-357-D, New Ranjitnagar, Patelnagar, New Delhi-110008. Changed My Name To Nathu Ram Jyotshi. 0040501484-10

I, Puja Singhal W/o Mudit Govil R/o SJ-105, Shastri Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201002, have changed my name from Puja Singhal to Pooja Govil for all future purposes. 0040501414-1

I, Jitendra Bahadur Singh S/o Shri Mahesh Pratap Singh R/o KM00300103, Kosmos, Jaypee Greens, Wish Town Sector-134, Noida, informs that my correct name is Jitendra Bahadur Singh. In certificate of my daughter, my Name is written as Jitendra Singh. I hereby informs that Jitendra Singh and Jitendra Bahadur Singh both are same person. 0040501425-1

I, Naseem Begum W/o Abdul Salam R/o A-429 A-Block, Gali No.6, Janta-Mazdoor-Colony, Garhi Mendu, Delhi-110053. have changed my name to Nasim Jahan. 0040501479-3

I, Naman Jethani S/o Late Sh.Ramesh Chander Jethani R/o B-9/9, Mianwali Nagar, Paschim Vihar, New Delhi-110087, have changed my name to Naman Sharma for all purposes. 0040501416-1

I, Mohammad Shakil Ahmad S/O Rafiq Ahmad R/O-WZ-862-A,2nd-Floor Gali.No.16 Sadh-Nagar Palam-Colony Delhi-110045.changed my name to Shakil Ahmed. 0040501472-2

I, Mohammad Jalaluddin S/o Late Amir Baksh R/o H.No. 11/413, Gali No.11, Lalita Park, Laxmi Nagar, Delhi-110092, have changed my name to Jalaluddin for all purposes. 0040501416-4

I, Manoj Chhabra R/o 13/5, IIIrd Floor, West Patel Nagar, New Delhi-110008 have changed the name of my minor son from Aaryan Chhabra to Aryan Chhabra. 0040501422-1

I, Mamtadevi Brijmohan Agrawal W/o Prashant Kumar Goel R/o.AG-505, Shalimar-Bagh, Delhi-110088,have changed my name to Mamta Goel for all purposes. 0040501454-4

I, Mahendra Singh Chhabra S/O Gurucharan Singh Chhabra R/O ward no.35/126, HariBhawan, Jagmal-Chowk, Torwa, Bilaspur, Chhatisgarh-495001. Have changed my minor DAUGHTER'S name from JASHIKA CHHABRA to JASHIKA KAUR CHHABRA for all purposes. 0040501477-4

I, L.Christina Nakir D/O P.Lazar. Nakir, H.NO-2/67, Block.no-2, DakshinPuri Extension, Dr.Ambedkar Nagar, N.Delhi-110062. Changed my Name to Christina Nakir. 0040501465-7

I, Kusum D/o Rajendra Singh,W/o Mr.Kuldeep Singh, R/o H.No.7, Water-Tank To HM House-Bijwasan, New Delhi-110061,have changed my name to Kusum Sejwal. 0040501479-8

I, Kinjal Bahen Shah W/o Hemant Shah R/o 716, 2nd Floor, West Side Gali No.21, Joshi Road, Karol Bagh, New Delhi-110005 have changed my name to Kinjal Shah. 0040501448-2

I, Kanika Huria, Father Pramod Kumar Huria, Mother Sumita Huria, R/o C-282, Prashant Vihar, Delhi-85, have changed my name to Kanika, Father Pramod Kumar and Mother Sumita for all purposes. 0040501447-1

I, Gurjot S/o Harpal Singh R/o Saifpur Firozpur, Post-PS-Bahsuma, Meerut, have changed my name to Gurjot Singh Mangat. 0040501479-7

I, Kailash Singh S/o Shri Laxman R/o-B-873/E-1,Amar Singh Market,Sangam Vihar,New Delhi-110080,have changed my name to Kailashi for all future purposes. 0040501469-5

I, K.Basudev Rao S/o K.V. Raman Murty, Flat.No.1, RZD-45, Gali.No.4, Mahavir-Enclave-I, Delhi-110045. Have changed the name of my minor son K. Ayushman age about 13-years and he shall hereafter be known as Kari Ayushman Rao. 0040501472-6

I, Hukam Chand s/o Daya Chand R/o T-43, Near Haryana Dharamshala, Karampura, New Delhi-110015, informs that my name has been wrongly written as Hitesh in birth certificate of my son Kartik. 0040501450-1

I, Hemant Kumar Shah S/o Subhash Chandra Shah R/o 716, 2nd Floor, West Side Gali No.21, Joshi Road, Karol Bagh, New Delhi-110005 have changed my name to Hemant Shah. 0040501448-1

I, Harpreet Kaur Ranci D/o Harbhajan Singh R/o F-438, Budh Nagar, JJ Colony, Inderpuri, New Delhi-110012, have changed my name to Harpreet Kaur. 0040501449-1

I, Gurvinder Kaur Virk W/o Balihar Singh Gureta R/o Bahadarpur, Husainpur, Muzaffarnagar, have changed my name to Gurvinder Kaur Gureta. 0040501479-6

I, Gressy Khanna D/o,Late Raman Khanna R/o-1/11666, Panchsheel Garden,Navin Shahdara, Delhi-110032.have changed my name to Gracy Khanna. 0040501465-3

I, Farhat Bano Moazziz W/o Mohd Rais Farooqui D/o Moazziz Husain Farooqui R/o 11/368, FF, Gali No.11, Lalita Park, Laxmi Nagar, Delhi-110092, have changed my name to Farhat Bano for all purposes. 0040501416-5

I Narender Kumar S/o. Sh. Ved Parkash, H.no-1208, Dundahera, Gurgaon Haryana-122016, have changed my name to Narender Rao. 0040501454-2

I Anil Kasana S/o Ram Nivas R/o H.No.5, Swaroop Park, Sahibabad, Ghaziabad Uttar Pradesh-201005, have changed my minor daughter's name from Shalviya to Shalviya Kasana for all future purposes. 0040501414-2

I Amarjeet Singh S/o.Tara Singh R/o.A-57B, Arya-Nagar, Chander Vihar, Nilothi Extn. Delhi-110011 have changed my name to Amarjit Singh. 0040501472-9

व्यक्तिगत

मैं दीपक गोयल पुत्र श्री ओम प्रकाश पता हाउस नं.-17 अंसारी रोड नीयर फ्रांसिस स्कूल दरियागंज दिल्ली-110006 ने अपना नाम दीपक कुमार से बदल कर दीपक गोयल रख लिया है।

मैं, मंजू रानी उर्फ मंजू W/o मनोज कुमार R/o RZ-65/209-210, गली नं. 8H, Block-I, वेस्ट सागरपुर, नई दिल्ली, दोनों मेरे ही नाम है और भविष्य में मुझे मंजू के नाम से जाना जाए।

I, Army No.8034731X Rank HAV (GD) name Milan Kumar Ghosh S/o Akshay Kumar Ghosh of (UNIT) 1872 Rocket REGT 56 A P O, Indian Army, Inform that in services my wife (Nita Ghosh) date of birth has been wrongly written as 02/02/1980 instead of 01/02/1981.

I, Dinesh Kumar Sharma S/O Subhash Chand R/O B-4/1-C, Janta Flat, Keshav Puram, Delhi-110035. Changed My Name To Dinesh Kumar. 0040501484-6

I, Dinesh Chand Garg S/O Shri Niranjan Lal Garg R/O H-34/102, Sector-3,Rohini Delhi-110085, have changed my name to Dinesh Garg. 0040501469-4

I, Dharmander Singh S/o Shri Braham Singh R/o-C-522,Sangam Vihar,New Delhi-110080,have changed my name to Dharmender Singh for all future purposes. 0040501469-2

I, Deepika C/O Inderpal Ratawal R/O 5530/73, Regarpura, Karol Bagh, Delhi-110005, Changed My Name To Deepika Ratawal. 0040501454-7

I, Darshan Kumar S/o Amir Chand R/o-B-38, Backside, Shivaji-Vihar, Janta-Colony, Raghubir-Nagar, N.Delhi-110027,have changed my name to Prem Nagar. 0040501465-4

I, Bharat Bhushan S/o Madan Mohan Sharma R/o 19-A, South Anarkali Extn., Krishna Nagar, Delhi-110051 have changed my name to Bharat Sharma permanently 0040501423-1

I, Banne Singh Tanwer S/O Babu Lal Adress: A-2 Block-2, Ndmc-Flats, Palika-Enclave, Motibagh-I, N.Delhi-110021, Changed My Name To Banay Tanwar. 0040501465-8

I, Bajinder Singh Shokeen S/o Randhir Singh R/o F-1/121-122, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Bijender Singh. 0040501479-10

I, Ashok Kumar S/o Kishan Lal R/o 130 E, Pocket-A-2, LIG Flat Mayur Vihar Phase-3, Delhi-110096, I have changed my name from Ashok Kumar to Puttan Singh for all future purposes. 0040501435-1

I, Arti W/o Mukesh Kumar R/o H. No.B-8/124, Sector-5, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Arti Sharma for all future purposes. 0040501424-1

I, Divya Gupta W/o Neerav Gupta R/o-T-4, Flat.No.302, Parsavnath Sristi Sector-93A, Noida have changed my name to Punita Gupta. 0040501459-2

I, Ananya Sethi D/o Goldy Sethi R/o H.No.BL-20, Second Floor, ShalimarBagh, Delhi-110088. have changed my name to Ananya Kaur Sethi. 0040501454-3

I, Shubhangi D/o Dinesh Singh R/o-345/1, Sector-5, Vasundhara,Ghaziabad (U.P)201012. Have changed my name to Shubhangi Singh,for all future purposes. 0040501465-9

I, Sanjay Kaushik R/o.H.No.144, Sec-22, Pocket-6, Rohini, Delhi, have changed my minor son's name from Akhand to Akhand Kaushik permanently. 0040501472-4

I, Mamta W/o Dinesh Singh R/o-345/1, Sector-5, Vasundhara, Ghaziabad (U.P)201012. Have changed my name to Mamta Singh for all future purposes. 0040501465-10

I Vishnu Kumar Sharma S/o-Diwan Chand Sharma.H.No-3 Street No-5 Nimla-Avenue Naraingarh Amritsar-I, Amritsar Punjab-143105.have changed my name to Vishnu Sharma. 0040501479-4

I Urvi D/o Shailendra Singh R/o C 1102, Gidrej Frontier, Sector 80, Gurgaon 122001 have changed my name to Urvi Singh. 0070662963-1

I Sumit Kumar S/O Kharati Lal Resident H. No-199, Sector-13, Sonipat, Haryana. Have Changed My Name To Sumit Jhamb. 0040501454-9

I Hitherto Known As Swati Bhagchandka W/o Vikash Bhagchandka D/o Surendra Kumar Jhunjhunwala R/o 1010-A, Tower 10 The Magnolias DLF 5, Golf Course Road, Sec 42, Galleria DLF-IV, Gurgaon, Haryana- 122009, Have Changed My Name And Shall Hereafter Be Known As Swati Bhagchndka. 0070662920-1

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my clients, (1) Raj Kumar s/o Late Uday Bhan & (2) Shashi Bareja w/o Raj Kumar Bareja both R/o H. No.2598, Gali No.6, Khasra No. 91/2, Wazirabad, Delhi (formerly R/o D-285-286 Gandhi Vihar, Delhi-110009), have disowned/debarred their daughter Leena Bareja w/o Baldev R/o T-181, Shukar Bazar Road, Uttam Nagar, New Delhi-110059 & son Gaurav Bareja R/o E-271, Gandhi Vihar, Delhi-110009, from their all moveable and immovable assets/ properties located at anywhere & also severed all relations with them. Any person/s dealing with them shall be at his/her own risk. Parvesh Kr. Tyagi (Advocate) Seat Behind Court Room No. 36, Tis Hazari Courts, Delhi.

व्यक्तिगत

Flat # 124, Sundaram Khand Sec-19 वसुन्धरा, गाजियाबाद आवास एवं विकास परिषद के पत्रांक संख्या 1003 प्रदेशन पत्र दिनांक 22/09/01 एवं पत्रांक संख्या 369 भौतिक कब्जा पत्र दिनांक 05/11/01 की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है। मैं बच्चा सिंह पुत्र स्वर्गीय ठाकुर सिंह निवासी Flat # 124, Sundaram Khand, Sector-19,Vasundhra, Ghaziabad, U.P. के मूल दस्तावेज किसी को मिलते हैं तो निम्न मो. नं. पर संपर्क करें 9412800753

I, have Lost my Property Registration Stamp Paper Number 453 to 460 date 30.01.1991 of Address-2/144, Sector-2 Rajinder Nagar Sahibabad Ghaziabad UP-201005, On my house Last Seen 24 June 2019, Damodar Satyawali, Founder please contact-9990911762 0040501440-1

It is notified for the information that my original-Marksheet of main secondary exam year-2016 Roll No.8170077 passout from CBSE Delhi hasbeen actually lost Rinki,D/o Acchey Lal B-975, Jawahar Camp,Kirti Nagar Delhi. 0040501477-5

It is to notified for the information that my Original-Qualifying Examination-Certificate of Main-Secondary Education of year-2017 and Roll.No.8172347 issue by CENTRAL BOARD OF EDUCATION (C.B.S.E.DELHI) has been actually lost.KAMRAN KHAN S/O ZAINULLAH, Address-PLOT NO-A-230/1, STREET.NO-9, WAZIRABAD-VILLAGE, N.DELHI-110084 Mob:-8920943040. 0040501477-9

I Ajay Singh S/O- Baburam House No. 97/1. V.P.O Dhanounda, District Mahendergarh, Haryana (123027) Have Lost 10th (Roll No-2111402) & 12th (Roll No.-2626665) Passing Certificate. 0040501477-7

I, MANISH KUMAR s/o-Gajendra Sahoo R/o-G-/B Rana Park Durga Mata-Mandir Siraspur Delhi-110042.Have lost my original-certificate class-10th year-2019 Rollno-8678800 C.B.S.E-Delhi. 0040501477-8

I, Saksham mavi S/o Hardeep Singh R/oh.no-222 village-Gopalpur st.no-1,Have lost my original-certificate class-10th year-2017 Rollno-8171034 C.B.S.E-Delhi. 0040501477-6

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Sh. **Ramphal Bhardwaj S/o Late Sh. Dharm Singh &** his wife **Smt. Bimla Devi** Both **R/o H.No.-54, Gali No.8, Extn-2-B, Nangloi, Delhi-110041,** has severed all relations with their son namely **Sh. Rahul Bhardwaj** & his wife **Smt. Mamta** & has disowned them from all their movable & immovable properties, owing to their rude, indifferent & unruly behavior. Whosoever deals with them in any matter whatsoever shall do so at his / her own risk & consequences.

Parvinder Sehrawat (Advocate)
Ch. No. 1022, Rohini Court, Delhi-85

PUBLIC NOTICE

My Client **Smt. Savitri Devi W/o Late Shri Om Prakash R/o Village Nathupur District Sonipat Haryana-131029** has disowned disiherited & served **releation form her son namely Naveen Kumar S/o Late Shri Om Prakash** from all maovable and immovable properties. Anybody who deals with him shall be doing against her will and shall be doing at his/her/their own risk, responsibility and cost.

Sd/-
MANISHA BARUAH (Advocate)
Ch. No. 722, Dwarka Court, New Delhi-75

PUBLIC NOTICE

It is to be notified that my clients Sh. Rajiv Sahni S/o Late Sh. O.P Sahni and Smt. Usha Sahni W/o Sh. Rajiv Sahni both R/o 687, Double Story, New Rajinder Nagar, New Delhi, have disinherited, disowned and debarred their sons namely Sh. Deepak Sahni, Sh. Rakesh Sahni and Sh. Nitin Sahni from all their movable and immovable properties, including all the Tenting businesses and this is for the knowledge of the public at large that any one dealing with them shall be doing so at their own costs and risks.

Dilpreet Singh Advocate
1 Pusa Road, New Delhi-110005

PUBLIC NOTICE

NOTICE TO THE GENERAL PUBLIC IS BEING SERVED TO THE EFFECT THAT MY CLIENTS SHRI ARVIND MEHTA S/O LATE SHRI NN MEHTA AND Mrs ANITA MEHTA W/O SHRI ARVIND MEHTA, BOTH R/O 2423, CUMBERLAND CIRCLE, LONG GROVE, ILLINOIS-60047 (LOCAL ADDRESS C/O COL MMK SINDHI R/O GAF34, NEW TOWN HEIGHTS, SECTOR 86, GURGAON-122004, ARE THE JOINT OWNERS OF HOUSE NO L-19/3, DLF CITY PHASE-II, GURGAON AND HAS LOST THE ORIGINAL SALE SEED NO 4384 DATED 24 AUG 1993, EXECUTED BY ANURAG CONSTRUCTION CO LTD, AS ATTORNEY OF M/S DLF UNIVERSAL LTD AND SOME ORIGINNAL PAYMENT RECEIPTS, AND HAVE LODGED AN ONLINE FIR NO LRNO: 957749/2019 DATED 19 APR (INFORMATION REPORT In respect of Article/ Document Lost in Delhi SO No: 430/2014 Delhi (Police) IF ANYBODY FINDS THE ABOVE MENTIOND LOST DOCUMENTS, FINDER MAY CONTACT COL MMK SINDHI ON 9811012481/ 9873882030. IF ANY OTHER CLAIMENT HAS ANY RIGHT OR CLAIMSIN THE AFORESAID PROPERTY, HE/SHE TO FILE AN FIR, PROJECTING CLAIMS IF ANY AND SIMULTANEOUSLY CONTACT THE UNDERSIGNED AND COL MMK SINDHI PERSONALLY AND IN WRITING, WITH IN 30 DAYS FROM THE DATE OF ISSUE OF THIS NOTICE.

Sd/-
SURENDER KUMAR (Advocate)
Enrl. No. D-152/1988

PUBLIC NOTICE

ENTIRE SECOND FLOOR OF THE PROPERTY NO. 16, BLOCK B, SOUTH EXTN PART I, NEW DELHI

Public at large is hereby informed that the captioned property is subject matter of **Equitable / Registered Mortgage with State Bank of India**/ other Bank / FI. It is further submitted that **Agreement to Sell dated 24.05.2019** executed between Shri Jatinder Nath Behl (Seller) and Mrs Rupika Kumari & Shri Dharmender Kumar. The original/ photocopy of Occupancy/ Completion Certificate as well as Map Sanction Letter is not available for verification. The captioned floor property is mortgage with South Indian Bank at present.

It is hereby notified that any person or entity, firm / company, Bank , financial institution having claim any charge, interest or lien or claim on the basis of documents / court judgment or otherwise and / or objection to thereof, he/ she/ they may lodge/ notify the same to the undersigned with documentary proof/ court judgment within 15 days from the day of publication, failing which the title / Transfer Deed / Sale Deed executed in favor **Mrs Rupika Kumari & Shri Dharmender Kumar or its nominees** shall be deemed to be clear and marketable without any defect , encumbrance, flaw and impediment and my client (s) is/are free to create Equitable / Registered Mortgage by deposit of Chain of available title documents with any person/ firms, company , financial Institution / Bank.

NIRMAL KUMAR (Advocate)
Mobile - 8587856197, Email : nir2verma@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरे मुव्वकिल श्रीमती रचना डाँग पत्नी श्री राज कुमार डाँग निवासी ए-553, सरिता विहार, नई दिल्ली, ने अपनी बहन श्रीमती नमिता नागपाल पत्नी श्री मोहनीश नागपाल निवासी सी-5सी/32बी, जनकपुरी, नई दिल्ली से अपने सारे रिश्ते तोड़ लिए हैं। मेरे मुव्वकिल उसके पति व पुत्र सिद्धार्थ डाँग का सम्पत्ति नं. सी-5बी/21ए, जनकपुरी, नई दिल्ली में कोई अधिकार नहीं है। भविष्य में श्रीमती नमिता नागपाल या उसके पति मोहनीश नागपाल द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मेरे मुव्वकिल के परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेवार नहीं होगा।

Sd/-
RAMESH KUMAR
Advocate
Enrolment No. D/2421/99

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरे मुव्वकिल श्रीमति पन्ना देवी पत्नी स्व. श्री धन्नाराम, भँवर लाल पुत्र स्व. श्री धन्नाराम एवं श्रीमति शीला देवी पत्नी श्री भँवर लाल, निवासीगण मकान नं. 220/1ए, गली नं. 4, पदम नगर, किशनगंज, दिल्ली-110007 ने क्रमशः अपने पौत्र एवं पुत्र अजय कुमार एवं उसकी पत्नी रचना को अपनी हर चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं क्योंकि वे मेरे मुव्वकिल के आज्ञाकारी नहीं रहे हैं और उनका व्यवहार मेरे मुव्वकिल एवं उनके परिवार के प्रति ठीक नहीं है। मेरे मुव्वकिल को उनसे खतरा है। अतः भविष्य में वे अपने समस्त कार्यों व लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे, मेरे मुव्वकिल व उनके अन्य परिवारजनों का कोई लेना-देना नहीं होगा।

BIRENDER KUMAR YADAV - ADVOCATE
24/18, St. 6, Jharoda Mazra, Part-III, Delhi -110084

PUBLIC NOTICE

My client Surender Singh S/o Late Zile Singh R/o B-61, Moti Bagh (North), New Delhi-110021 has debarred his sons Vikas & Dinesh Kumar alongwith their wives Gauri & Mamta from all his movable & immovable properties and severed all relations due to their misconduct and day-to-day criminal activities causing immense mental, tension, torture.

Gyan Prakash Singh (Advocate)
Ch. No. 575, Saket Court, New Delhi-17

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Shri Subedar Son of Late Shri Pokpal R/o H-16/666, Sangam Vihar, New Delhi-110080 has severed his relations & debarred his son named Manoj Singh, daughter in law named Mrs. Neetu and his Grand Children Rashmi Singh and Aarav Singh from all moveable & immoveable properties. Anybody dealing with them shall be doing so at his / her their own risk and liability.

L.A. Vashishtha (Advocate)
Off.: J3/283-84, (First Floor) DDA Flats, Kalkaji, New Delhi-19

PUBLIC NOTICE

My clients Sh. Birender Singh S/o Sh. Raj Singh & Smt. Sudesh W/o Sh. Birender Singh both R/o RZ-155A/396, Gali No-2, Shivpuri, West Sagarpur, New Delhi-110046 have disinherited/ disowned their Son Sanjeev Kumar & his wife Deepika Singh from their moveable & immoveable properties with immediate effect because of harassment, torture, cruelty & atrocities committed by them against my clients. Anybody dealing with them in any manner whatsoever will be doing so at his/her own cost, risk & responsibilities thereto & my clients shall be in no way responsible for any acts, deeds & things done by them.

Sanjay Kapoor & Associates
788, Tis Hazari Court, Delhi

PUBLIC NOTICE

My client Smt. Padma Devi W/o. Sh. Dungar Ram R/o. House No. 121-D Railway Colony, Loco Shed, Kishan Ganj, Delhi -110006, had disowned and disinherited her daughter namely Manisha D/o. Dungar Ram and her husband Amar Pal and her children from all her moveable and immoveable properties and also severed all relations from them as they are no more in her control and if anybody deals with them, my client will not be responsible in any manner whatsoever, for all present & future acts and deeds.

ABHISHEK RANJAN-ADVOCATE
Ch. No. M-8, M-9, Wester Wing Tis Hazari Courts, Delhi -110054

PUBLIC NOTICE

It is for general information that, I Neha Kaushik D/o Late Neeraj Kaushik Residing at D-37, East Uttam Nagar, New Delhi-110059, Declare that my father died on date 27th Dec. 2004 and my mother remarried with Chander Prakash Kohli on dated 14th June 2016 henceforth my name & father's name may be known as Neha Kohli and Chander Prakash Kohli respectively in future for all purposes. It is certified that I have compiled with other legal requirements in this connection.

(Neha Kaushik)

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I PANKAJ KATARIA S/O SATYA NARAYANA KATARIA residing at H. NO.-106, V.P.O:- TIKRI KALAN, PANA BARSAN, DELHI- 110041 declare that name of my father has been wrongly written as SATYA NARIAN in my Caste Certificate No.:- SC/03/31 /9289/7/2/2008/101524. The actual name of my father is SATYA NARAYAN KATARIA, which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

The general public is hereby informed that my client Kanta Devi, W/o Sh. Rattan Singh, R/o D-1/53, Mansa Ram Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059, being dissatisfied with the conduct and behavior of her son Mr. Sandeep Kumar and his wife Mrs. Radha has severed all her relations with her said son and daughter-in-law and disowned them from all her movable and immovable properties, more specifically from her property bearing no. D-1/53, Mansa Ram Park, Uttam Nagar, New Delhi- 110059 and any person dealing with her said son and daughter-in-law with respect to the above mentioned property shall be doing so on his/her own risk.

Sd/-
Amit Shrivastava, Advocate
Chamber no. 618, Dwarka Courts, New Delhi-75

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my clientess Lakshmi Devi wife of Late Moolchand, R/o 9650, Mohalla Bagh Raoji, Kishan Ganj, Delhi, disowned their sons namely (1) Husan Lal, Pooja (wife) and children & (2) Suraj, Renu (wife) and children from their all moveable immoveable properties as they have abusing and quarreling with my clientess and other family members and my clientess have broken all relations from them and my clients have no concern with any liabilities or any transactions belongs to them in any manner.

Sd/-
G. L. GOSWAMI (Advocate)
3530, QUTAB ROAD, Delhi-110 006

पिटाई से घायल हुए अधिकारी ने दम तोड़ा

चंडीगढ़, 1 जुलाई (भाषा)।

पंजाब के संगरूर जिले के एक गांव में बिल बांटने गए राज्य सरकार के जल विभाग के एक अधिकारी की स्थानीय लोगों ने पिछले महीने जमकर पिटाई कर दी थी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि 16 जून को लाभ सिंह (57) मलेरकोटला के बिशनगढ़ गांव में पानी का बिल बांटने गए थे जहां लोगों ने उनकी कथित रूप से पिटाई कर दी।

उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्हें लुधियाना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मनोहर लाल नामक व्यक्ति और उसके परिजनों के साथ बहस के बाद उन पर हमला हुआ। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था।

इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए मलेरकोटला के पुलिस उपाधीक्षक योगी राज ने बताया कि उस वक्त मनोहर समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और उसकी मौत के बाद उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि मनोहर लाल को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

PUBLIC NOTICE

This notice has been issued for Gen. Public, under instruction from and on behalf of my client Surender Kumar Tannan S/o Late R.K. Tannan, Owner of Flat No. 55A, Pocket A-13, Kalkaji Extn. New Delhi-110019, has applied for conversion of said flat into freehold in DDA. Demand Cum Alotment Letter, NOC Possession Letter,Site Possession Slip, Payments Challans, and Sale Purchase Documents i.e. GPA, Agreement to Sell, Reciepts etc. of the above flat has been lost. An FIR has been loged in Crime Bran

मौसम

तापमान **नई दिल्ली**
अधिकतम–43.4 डि.से. सूर्योदय– 5:27
न्यूनतम– 30.6 डि.से. सूर्यास्त– 19:23

एक झुग्गी बस्ती में पानी की कहानी

'पहले आओ, पहले पाओ' फिर नौकरी पर जाओ





आरुष चोपड़ा
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

चाणक्यपुरी इलाके में रविवार सुबह साढ़े छह बजे डिप्लोटेमिटिक एन्क्लेव से सटी संजय कैंप झुग्गी-बस्ती में लोग अपनी बाल्टी लेकर दिल्ली जल बोर्ड के टैंकर का इंतजार कर रहे थे। यहां पास में ही एक बोरवेल से पानी भर रही महिला को लोग बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं, क्योंकि महिला बोरवेल से पानी भर रही है और इस बात का ध्यान भी रख रही है कि कोई और इस बोरवेल से पानी न ले। इसी बीच साढ़े सात बजे जैसे ही निगम का टैंकर यहां पहुंचता है एकदम से हलचल शुरू हो जाती है। लोग अपने बर्तन और पाइप लेकर टैंकर की तरफ दौड़ते हैं। उनकी चिंता है कि उनके सारे बर्तन भर जाएं। बच्चे टैंकर पर चढ़ते हैं और अपनी-अपनी पाइप को सबसे पहले टैंकर में लगा देते हैं। किसी की चार बाल्टी भर गई तो किसी ने सिर्फ दो भरी है।

यहीं रहने वाली स्याली अपना बर्तन लेकर इंतजार कर रही थी। वह पानी भरने की आपाधापी नहीं कर पाती है जिस वजह से अक्सर उसका बर्तन खाली ही रह जाता है। उसको उम्मीद है कि 11 बजे आने वाले दूसरे टैंकर के लिए भीड़ कम होगी, इसलिए वह तभी भरेगी। इलाके में 25 साल से रह रहे राजकुमार का कहना है कि टैंकर के आने का कोई समय नहीं होता है। लोग अपनी नौकरी पर जाएं कि टैंकर का इंतजार करें। बोरवेल के पास खड़ी महिला टोटी से पानी भर रही थी। वह पास में ही झुग्गी में रहती है। वह सुबह साढ़े छह बजे से ही पानी भरना शुरू कर देती और तब तक पानी भरती है जब तक वह आता है। आसपास के लोग बताते हैं कि इस बोरवेल को लगाने के लिए जिन लोगों ने पैसे का सहयोग दिया था वही लोग इससे पानी भरते हैं। महिला से नाम पूछा गया तो उसने घूर कर देखते हुए कहा कि पानी की इतनी किल्लत है, हमारा पांच लोगों का परिवार है, हमारा ही पानी पूरा नहीं होता है। जो पहले आए वह भर ले। लोगों के लिए महिला मजाक का पात्र भी है, लेकिन उसे सिर्फ अपना बर्तन भरने की चिंता है।

जगदीश राणा ने कहा कि इलाके में पानी प्रमुख समस्या है लेकिन पानी की बर्बादी भी खूब है। राणा कहते हैं कि हमारे यहां तीन टैंकर आते हैं। एक टैंकर में हजार लीटर पानी आ जाता है, लेकिन वितरण के दौरान एक तो सबको बराबर पानी नहीं मिलता और उसकी बर्बादी भी होती है। सभी फोटो : आरुष चोपड़ा

26 सालों में दूसरी बार इतना सूखा जून

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली 1 जुलाई।

मानसून आने में अभी हफ्ते भर का समय बचा है, जबकि अभी तक दिल्ली में बारिश की 90 फीसद की कमी आ चुकी है। पिछले 26 सालों में दूसरी बार है जब दिल्ली जून में भयंकर सूखे की स्थिति से गुजर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में इस महीने में महज 6.6 मिलीमीटर बारिश हुई है। भारतीय मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय मौसम विभाग ने कहा किदिल्ली में औसतन जून में 64.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज होती है। इस बार यहां महज 6.6 मिलीमीटर बारिश हुई जो देश का सबसे सूखा 'प्रदेश' है।

आइएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि शहर में 1993 में बहुत कम बारिश दर्ज की गई थी। तब पांच मिलीमीटर बारिश हुई थी। उन्होंने बताया कि 82 फीसद कम बारिश के साथ चंडीगढ़ जून में दूसरा सबसे सूखा 'प्रदेश'बना हुआ है। एक जून और एक जुलाई के बीच होने वाली औसतन बारिश 137 मिलीमीटर की तुलना में यहां केवल 24.8 मिलीमीटर बारिश हुई। आइएमडी में वरिष्ठ वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि मानसून में देरी प्राथमिक कारण है। आमतौर पर मानसूनी हवाएं 29 जून तक शहर में पहुंच जाती हैं। अगर यह समय पर आतीं, तो बारिश की कमी को पूरा कर सकती थीं। पिछले महीने दिल्ली में सूखे का फीसद सौ था।

मेट्रो के खंभे से टक्कर के बाद कार में लगी आग, दो लोग जिंदा जले

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

दिल्ली के मुंडका इलाके में सोमवार तड़के शराब से भरी एक कार में उस समय आग लग गई जब कार मेट्रो पिलर से टकरा गई। अचानक लगी इस आग ने तुरंत भीषण रूप ले लिया और कार में बैठे दो व्यक्ति जिंदा जल गए। कार से पुलिस को रोहतक निवासी 40 वर्षीय दीपक के नाम का ड्राइविंग लाइसेंस मिला। उससे संपर्क करने पर कार में सवार दोनों युवकों की पहचान हरियाणा के इस्माइल के रहने वाले मोनू (28) और हरिओम (24) के रूप में हुई। दोनों के परिजनों और कार के मालिक से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने धारा 279, 304 ए और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> पुलिस के मुताबिक कार में शराब की तस्करी हो रही थी

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में मेट्रो के पिलर नंबर-549 के पास सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार कार अचानक टकरा गई। टकराने के बाद कार में आग लग गई। कार में अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी। शुरुआती जांच में मेट्रो पिलर से टकराने के बाद कार में आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस अन्य बिंदुओं से भी मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर कार की जांच के दौरान उसमें भारी मात्रा में अवैध शराब की बोतलें मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार का गेट काटकर दोनों के शव निकाले। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शवों को संजय गांधी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कार को कई बार खरीदा और बेचा गया।

पहली कटऑफ पर आज भी होंगे दाखिले

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने पहली कटऑफ के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ा दी है। अब इस कटऑफ के आधार पर मंगलवार को भी दाखिले होंगे। हालांकि रात 10:00 बजे तक इस संबंध में कॉलेजों को सूचना नहीं भेजी गई थी।

डीयू प्रशासन सूत्रों ने बताया कि हमारी आंध्र प्रदेश राज्य बोर्ड से बातचीत हुई है। पहले इस राज्य के विद्यार्थियों के अंकों को लेकर कुछ समस्या आ रही थी। इस बोर्ड की ओर से 12वीं के विद्यार्थियों को ग्रेड दिए गए थे। अब बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उनके राज्य के विद्यार्थियों के 12वीं के अंकों को देखकर ही डीयू में दाखिले दें। सुबह के कॉलेजों में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक छात्र दाखिला लेने के लिए जाएं। शाम के कॉलेजों में दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक छात्र दाखिला लेने जा सकते हैं।

कई कॉलेजों के प्राचार्यों ने कहा कि उन्हें रात 10:00 बजे तक इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली थी। एक कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि अगर हमें इतनी देर में सूचना मिलेगी तो हम अपने स्टाफ तक इस सूचना को कैसे पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे में मंगलवार को दाखिला प्रक्रिया पूरी करने के लिए कितना स्टाफ कॉलेज पहुंचेगा, यह तो मंगलवार को ही देखा जाएगा। डीयू के उत्तरी और दक्षिण परिसर के कॉलेजों के प्राचार्यों का कहना है कि उनके कॉलेज में बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र, बीए ऑनर्स अंग्रेजी जैसे पाठ्यक्रम में सबसे ज्यादा दाखिले हुए हैं। कई शीर्ष कॉलेजों में तो इन दोनों पाठ्यक्रमों में सामान्य वर्ग के दाखिले तय संख्या से काफी अधिक हो गए हैं। हिंदू कॉलेज में कुल 820 सीटें हैं, जिन पर 900 से ज्यादा दाखिले हो चुके हैं। मिरांडा हाउस में भी सभी पाठ्यक्रमों की सामान्य वर्ग की सीटें लगभग भर चुकी हैं।

प्रवेश परीक्षा से ही अधिक दाखिलों को रोकना संभव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में ऊंची कटऑफ के बाद भी कई कॉलेजों को तय सीट संख्या से अधिक दाखिले की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, डीयू का नियम है कि कटऑफ के अंदर आने वाले सभी विद्यार्थियों को कॉलेज को दाखिला देना होता है चाहे वह संख्या निर्धारित सीटों की संख्या से कितनी भी अधिक क्यों न हो जाए। इस समस्या का सामना विश्वविद्यालय के लगभग हर कॉलेज को करना पड़ता है। ऐसे में अब प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले करने की मांग पर जोर दिया जा रहा है क्योंकि अधिक दाखिलों का बोझ कॉलेजों को ही उठाना पड़ता है।

हिंदू कॉलेज ने बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र की 99 फीसद कटऑफ जारी की थी। इसके बावजूद तय सीटों से अधिक दाखिले हो गए। दाखिले के तीसरे दिन तक यहां 85 दाखिले हो चुके थे। रामजस कॉलेज में तीसरे दिन तक कुल 800 दाखिले हो चुके थे। कॉलेज में बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र की 68 और 20 सुपरनुमेरी (अतिरिक्त) सीटों को मिलाकर कुल 88 सीटें हैं, जिन पर 200 दाखिले सोमवार शाम तक हो चुके थे।

आत्मा राम सनातन धर्म (एआरएसडी) के प्राचार्य डॉक्टर ज्ञानतोष कुमार झा ने कहा कि मेरा मानना है कि सीटों से अधिक दाखिले की समस्या से प्रवेश परीक्षा से दाखिले करके बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि डीयू में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाला विद्यार्थी कटऑफ में आने पर किसी भी कॉलेज में दाखिला लेने के लिए स्वतंत्र है। ऐसे में कॉलेजों के पास सही-सही कटऑफ जारी करने का कोई पुख्ता तंत्र नहीं होता है। सिर्फ अंदाज के आधार पर ही कटऑफ तय की जाती है। इस बार अधिकतर कॉलेज में यह अंदाजा गलत साबित हुआ है। प्रवेश परीक्षा वाली दाखिला प्रक्रिया में काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने पसंद के कुछ कॉलेजों का चुनाव करना होता है। इससे कॉलेजों को पता होता है कि उनके यहां कितने बच्चे दाखिला लेने के लिए आ सकते हैं। उसके मुताबिक ही फिर कॉलेज कटऑफ तय कर सकते हैं। इससे अधिक दाखिले की समस्या से बचा जा सकेगा।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा, भूतल, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली

कब्जा सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के तहत

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्या 54) के अंतर्गत **यूको बैंक, परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा, भूतल, यूको बैंक बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक **19.11.2018** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः श्री ललित मोदी पुत्र श्री जीव राम मोदी और श्रीमती रजुल मोदी पत्नी श्री ललित मोदी, दोनो निवासीः मकान नं.ई–20, लाजपत नगर–III, नई दिल्ली–110024,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.3,87,72,678/– (तीन करोड़ सतासी लाख बहत्तर हजार छः सौ अठहत्तर रूपये मात्र) और उस पर 31.01.2018 से आगे ब्याज के साथ** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर **आकस्मिक शुल्क, लागत, व्यय,** को चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार/रेहन तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले अधिनियम के अनुच्छेद 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **27 जून, 2019** को ले लिया है। **कर्जदार/रेहन** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.3,87,72,678/– (तीन करोड़ सतासी लाख बहत्तर हजार छः सौ अठहत्तर रूपये मात्र) और उस पर 31.01.2018 से आगे ब्याज, साथ में आकश्मिक शुल्क, लागत, खर्च के साथ यूको बैंक, परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा, भूतल, यूको बैंक बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप–अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्री ललित मोदी पुत्र श्री जीव राम मोदी के नाम आवंटित सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से जो सम्पत्ति यूनिट सं.डी–0302, तीसरी मंजिल, क्रिश प्रुवेंस एस्टेट, ग्वाल पहाड़ी, गुड़गाँव। परिमाप क्षेत्र 5800 वर्ग फीट।

तिथिः 27/06/2019 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थानः गुरूग्राम **यूको बैंक**

टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड

TATA

पंजी. कार्यालयः 11वां तल, टावर ए 1101, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013 (भारत) शाखा का पताः टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि., 7वाँ तल, विडियोकॉन टावर, झण्डेवालान एक्स्टेंशन, नई दिल्ली-110055

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये बिक्री सूचना
(प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत)

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना

ऋण खाता सं. 3369134 (मै. अल्ट्रा टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लि.)

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक/सह-ऋणधारक को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. (प्रतिभूत क्रेडीटर) के पास गिरवी नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. (प्रतिभूत क्रेडीटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक कब्जा कर लिया गया है, 1. मै. अल्ट्रा टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिट द्वारा उसके निदेशक, 2. श्री सैफ मोबिन, सी-16/ए, कालकाजी, भू तल, नई दिल्ली-110019, श्री सैफ मोबिन, मकान सं. बी-150, जाकिर बाग के सामने, 3. कृष्ण पाल सिंह, मकान सं.-627, सेक्टर-16ए, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 से रु. 75,60,384/- (रुपये पचहत्तर लाख साठ हजार तीन सौ चौड़ासी मात्र) की कुल राशि की वसूली के लिये "जैसा है जहां है" एवं "जो भी वहां है" आधार पर 18 जुलाई, 2019 को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि का विवरण नीचे वर्णित है।

जैसा कि प्रतिभूत परिसम्पत्ति की यह बिक्री प्रतिभूत ऋण की वसूली के लिए की जाएगी तथा जैसा कि 15 मई, 2018 को सभी लागतों, ब्याज आदि के साथ रु. 75,60,384/- (रुपये पचहत्तर लाख साठ हजार तीन सौ चौड़ासी मात्र) की राशि बकाया है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के स्थगन/ रोकने की अनुपस्थित में उक्त सम्पत्ति की 7वाँ तल, विडियोकॉन टावर, ब्लॉक-ई, झण्डेवालान एक्स्टें., नई दिल्ली-110055 में उक्त 18 जुलाई, 2019 को 2.00 बजे अप. में ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जाएगी। सम्पत्ति की खरीद के लिए ईएमडी के डिमांड ड्राफ्ट के साथ मुहरबंद ई-बोली टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त 17 जुलाई, 2019 के 5.00 बजे अप. तक प्राप्त की जाएगी। सम्पत्ति की बिक्री जैसा है जहां है शर्त तथा उक्त सम्पत्ति से जुड़ी देयताओं तथा दावे, अनुसूची में वर्णित रूप में जिस समय तक वे सुनिश्चित हैं, के साथ की जाएगी।

प्रतिभूत सम्पत्ति का विवरण	कब्जा का प्रकार रचनात्मक/भौतिक	आरक्षित मूल्य रु. / धरोहर राशि रु.
यूनिट नं. एसएफ 6ए, दूसरा तल जो "द बिजनेस टावर", 13/6, मैन मथुरा रोड, सेक्टर-32, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित है, माप 2089 वर्ग फीट सुपर एरिया	सांकेतिक	रु. 51,00,000/- / रु. 5,10,000/-

बिक्री के लिए रखी गई सम्पत्ति का विवरण अनुसूची में है। यदि प्राधिकृत अधिकारी के पास ऊपर में वर्णित बकाये, ब्याज लागत (बिक्री लागत आदि) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रमाणपत्र की राशि, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो यह बिक्री रोक दी जाएगी। बिक्री में आम जनता को व्यक्तिगत रूप से निविदा जमा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ऐसे किसी भी अधिकारी या व्यक्ति जिन्हें इस बिक्री के सिलसिले में किसी भी प्रकार के कर्तव्य का निर्वहन करना हो, चाहे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति में कोई हित अर्जित या अर्जित करने का प्रयास नहीं करेंगे। यदि बिक्री की तिथि से पूर्व टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. को देय राशि का ऋणधारक पूरी तरह से भुगतान कर देते हैं तो यह बिक्री रोक दी जायेगी। यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा अधोलिखित शर्तों के अधीन होगीः ई-नीलामी बिक्री प्रति 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ 18 जुलाई, 2019 को 2.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. के बीच पोर्टल https://sarfaesi.auctiontiger.net या Auctiontiger Mobile App (Android) के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

1. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किये गये हैं, लेकिन इस उद्घोषणा में किसी गलती अथवा खामी के लिये अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से नीलामी पर प्रस्तुत किया जायेगा।
2. आरक्षित मूल्य से कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी।
3. बोली वृद्धि राशि रु. 10,000/- होगी।
4. सम्पत्ति की खरीद के लिये जमा की गई सभी निविदाओं के साथ "टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि." के पक्ष में देय दिल्ली में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट द्वारा ऊपर वर्णित धरोहर राशि संलग्न की जायेगी। असफल बोलीदाता का डिमांड ड्राफ्ट वापस लौटा दिया जायेगा।
5. उच्चतम बोलीदाता को किसी लॉट का क्रेता घोषित किया जायेगा व शर्ते वे कानूनी रूप से बोली करने के लिये योग्य हों तथा उनके द्वारा जमा राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं हो। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होता है तो अधोहस्ताक्षरी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को अस्वीकार कर सकते हैं।
6. दर्ज कारणों से प्राधिकृत अधिकारी को स्वेच्छा से बिक्री को स्थगित करने/ रोकने का अधिकार है।
7. सम्पत्ति का निरीक्षण 9 जुलाई, 2019 को 11 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे सायं तक किया जा सकता है।
8. क्रेता घोषित किये जाने वाले व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी के पास तत्काल पच्चीस प्रतिशत क्रय मूल्य का भुगतान करना होगा तथा उसमें विफल होने पर सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी।
9. यदि उपरोक्त रूप में आरंभिक जमा की जाती है तो शेष क्रय मूल्य का भुगतान क्रेता को सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर, उस दिन को छोड़कर, अथवा यदि 15वाँ दिन अवकाश या रविवार होता है तो पन्द्रवें दिन के बाद प्रथम कार्यालय दिवस में प्राधिकृत अधिकारी के पास करना होगा। उपरोक्त अवधि में भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी। जमा की गई राशि टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. के लिये जब्त कर ली जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस सम्पत्ति अथवा उस राशि के किसी भाग से वंचित हो जाएंगे जिसके लिये बाद में उसकी बिक्री की जायेगी। प्राधिकृत अधिकारी की ईच्छा पर सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी।
10. टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. को सम्पत्ति के प्रति देय अधिभारों की जानकारी का विवरण शून्य, सम्पत्ति पर रखे गये दावे अथवा उस प्रकृति एवं मूल्य के अन्य ज्ञात विवरणोंः शून्य उपरोक्त के अतिरिक्त कुछ नहीं।
11. विवरणों, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन ई-नीलामी पर प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाताः मै. ई-प्रॉक्योर्मेन्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड अहमदाबाद, फोनः 07961200520/598/554/587/559/587/538, ईमेल आईडीः delhi@auctiontiger.net एवं support@auctiontiger.net एवं tilak@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
12. टिप्पणीः इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी श्री जगदीप शेरावत, ई-मेल आईडीः jagdeep.sherawat@ TataCapital.com तथा मोबाईल नं. 8588806158 से सम्पर्क कर सकते हैं।
13. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट अर्थात् https://sarfaesi.auctiontiger.net में दी गई लिंक देखें।

स्थानः दिल्ली हस्ता./-
तिथिः 2.7.2019 प्राधिकृत अधिकारी, टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि.

कार्यालय लखनऊ
क्षेत्रीय प्रमुख

फेडरल बैंक
आपका सम्पूर्ण बैंकिंग भागीदार
पंजी. कार्यालयः अलवाये, केरल

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

चूंकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 का प्रवर्तन (यहां के बाद अधिनियम के रूप में संदर्भित) के अंतर्गत फैडरल बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (यहां के बाद नियम के रूप में संदर्भित) के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक 04.10.2018 जारी की थी, जिसके द्वारा कर्जदार **(1) श्री राज किशोर मिश्रा पुत्र श्री सोन लाल मिश्रा** जो कि संतोष विहार दुबग्गा, लखनऊ–227107, उत्तर प्रदेश में **मैसर्स आर.के ट्रेडर्स** के नाम एवं स्टाइल से व्यवसाय सम्पादित कर रहे हैं **(2) श्रीमती नीलम मिश्रा पत्नी श्री राज कुमार मिश्रा** दोनों निवासी नया, नई कॉलोनी, संतोष विहार, लखनऊ–227107, उत्तर प्रदेश को उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि **रु.21,23,254.76 (एक्कीस लाख तेइस हजार दो सौ चौवन रुपए एवं छिहत्तर पैसे)** प्लस उस पर आगे लागत एवं अन्य प्रभार का भुगतान करने के लिए कहा गया था। कर्जदार के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त नियम के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उपर्युक्त अधिनियम के अनुच्छेद 13 (4) के अंतर्गत उन्हें को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 29 जून, 2019** को ले लिया है।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति (प्रतिभूत परिसम्पत्तियों) को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद 13(8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

कर्जदार को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन फैडरल बैंक लि. को रु.23,96,137.22 (तेइस लाख छियाबने हजार एक सौ सैतीस रुपए एवं बाईस पैसे) और उस पर आगे ब्याज तथा लागत एवं अन्य प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

प्लॉट नं. 52, गांव बेगारिया वार्ड कन्हैया माधोपुर, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ में स्थित सभी सुधारों के साथ आवासीय प्लॉट परिमाप 900 वर्ग फीट के सभी भाग एवं हिस्से जो निम्नानुसार घिरा हैः पूर्व में: 15 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम में: अन्य भूमि, उत्तर में: प्लॉट नं. 51 एवं दक्षिण में: प्लॉट नं. 53

दिनांक : 29.06.2019 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : लखनऊ **दि फैडरल बैंक लि.**

प्रपत्र – 'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	आरजीटीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	10/11/2004
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U27109DL2004PLC130509
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	24/1ए, मोहन कोआपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, साउथ दिल्ली–110044, भारत
6.	कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	18/04/2019
7.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	02/07/2019
8.	संहिता की धारा 25(2)(जं) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता :	कोड की धारा 25(2)(h) के तहत संभावित संकल्प आवेदक के लिए पात्रता मानदंड cirp.rgtl@gmail.com पर ईमेल करके मांगा जा सकता है
9.	धारा 29क के अधीन लागू अग्राह्यता के मानदंड :	आईबीबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है। cirp.rgtl@gmail.com पर ईमेल करके विस्तृत विवरण मांगा जा सकता है
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	17/07/2019
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	27/07/2019
12.	अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	01/08/2019
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	11/08/2019
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	01/08/2019
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि	cirp.rgtl@gmail.com पर ईमेल करके मांगे जा सकते हैं
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	31/08/2019
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि	ईमेल आईडी या स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से या क्रम संख्या 20 या 21 पर दिए गए पते पर हाथ से डिलीवरी करके इलेक्ट्रॉनिक रूप में
18.	निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	30/09/2019
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	श्री अंशुल गुप्ता आईपी पंजीकृत सख्या IBBI/IPA-002/IP-N00310/2017-18/10899
20.	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है	फ्लैट नंबर 1501, स्प्रिंग ग्रोव टॉवर–4, लोखंडवाला टाउनशिप, कांदिवली पूर्व, मुंबई –400101
21.	पता और ई–मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है	पता : डी–116, सरिता विहार, नई दिल्ली–110076 ईमेल : cirp.rgtl@gmail.com
22.	अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है	cirp.rgtl@gmail.com पर ईमेल करके मांगे जा सकते हैं
23.	प्रपत्र 'जी' के प्रकाशन की तिथि	02/07/2019

अंशुल गुप्ता
समाधान प्रोफेशनल
कृते **आरजीटीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
आईपी पंजीकृत सख्या : IBBI/IPA-002/IP-N00310/2017-18/10899
पंजीकृत पता : फ्लैट नंबर 1501, स्प्रिंग

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	41.6 डि.से.	41.6 डि.से.	41.7 डि.से.	41.7 डि.से.
न्यूनतम	30.6 डि.से.	30.6 डि.से.	30.5 डि.से.	30.5 डि.से.

खबरों में शहर

आयुष क्षेत्र में डिजिटलीकरण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,1 जुलाई।

आयुष मंत्रालय (एमओए) और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आयुष क्षेत्र के डिजिटलीकरण में एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय आयुष ग्रिड परियोजना की योजना और विकास में परामर्श व तकनीकी सहायता प्रदान करने के बारे में सहमत हो गया है।

विकास की पटरी पर लौटा फरीदाबाद : मंत्री

फरीदाबाद,1 जुलाई (जनसत्ता)।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गर्जुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की नीतियों के कारण कारखाना नगरी फरीदाबाद दोबारा विकास की पटरी पर लौट आई है। हरियाणा के मैनचेस्टर के नाम से पहचान बनाने वाले फरीदाबाद को पिछली सरकार की अनदेखी के कारण यह कारखाना नगरी 'फकीराबाद' बन गई थी। यह बात रविवार को देर शाम केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करने के बाद कही।

'बिजली बिल से स्थायी शुल्क वापस हो'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

बिजली के बिल पर लगे फिक्स चार्ज को वापस कराने के लिए भाजपा नेता विजय गोयल ने डीईआरसी अध्यक्ष से मुलाकात की। उनके साथ यूआरडी महासचिव प्रतिनिधि सौरभ गांधी समेत आरडब्लूए संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। विजय गोयल ने कहा कि चार वर्ष में बिजली के बिल पर लगने वाले फिक्स चार्ज 6 गुना बढ़ा दिए गए हैं। इससे आम जनता का बिजली बिल बढ़ गया है। इस फिक्स चार्ज को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

जीएसटी पर व्यापारियों ने दिया सुझाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,1 जुलाई।

जीएसटी के दो साल पूरे होने पर कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री से जीएसटी के अंतर्गत कर का दायरा बढ़ाने की मांग की है। कैट के अध्यक्ष बीसी भरतिया और महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि अब तक 1 करोड़ 35 लाख व्यापारी पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि जीएसटी लोकपाल का गठन किया जाए और जिला स्तरों पर जीएसटी सलाहकार समिति का गठन किया जाए जिसमें अधिकारियों के अलावा व्यापारियों का भी प्रतिनिधित्व हो ।

भाजपा में शामिल हुए दो पूर्व विधायक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

सोमवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू व बसपा के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार ने भाजपा की सदस्यता ली। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू तिमारपुर विधानसभा से 2003 से 2013 तक विधायक रहे हैं। वहीं सुरेंद्र कुमार 2008 से 2013 के बीच बसपा से विधायक रहे हैं। इनके पास बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी थी।

12 घंटे में बुझी प्लास्टिक फैक्टरी की आग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

नरेला इलाके में रविवार रात लगी आग सुबह बुझाई गई। करीब 12 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। पीवीसी मार्केट में प्लास्टिक की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग की 21 गाड़ियों को तैनात किया गया था। पूरी रात के बाद सोमवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। आग से लाखों रुपए का सामान जल गया।

व्यक्ति ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाश को पकड़ा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

शाहदरा फ्लाईओवर पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार एक युवक को नीचे गिरा दिया और चाकू दिखाकर लूटपाट करने लगे। युवक ने साहस का परिचय देते हुए बदमाशों से उनका चाकू छीनकर फ्लाईओवर से फेंक दिया। युवक के चिल्लाने लोगों ने आरोपियों को पकड़ा।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : 'द जरनी ऑफ टू कॉलेज फ्रेसमेन एंड द सोल ऑफ इंजीनियरिंग' नामक उपन्यास का लोकार्पण, मुख्य ऑडिटोरियम, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम 5:30 बजे।

हौज काजी में दो समुदाय के बीच झगड़े के बाद पुलिस बल तैनात

पार्किंग विवाद के बाद इलाके में तनाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

- एक समुदाय के धार्मिक स्थल को भी क्षति पहुंचाने का आरोप
- दोनों समुदाय के लोगों ने पुलिस थाने के बाहर किया प्रदर्शन

हौज काजी थाना क्षेत्र के लाल कुआं में कार पार्क करने को लेकर हुए विवाद में दो समुदाय आमने-सामने आ गए। गुस्साए एक सुमदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ की। मामला तब और बढ़ गया, जब एक समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया और मारपीट करने पर उतारू हो गए। घटना की सूचना शनिवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाया जा चुका था। बताया जा रहा है कि धार्मिक स्थल काफी पुराना है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर मध्य जिला पुलिस उपायुक्त मनदीप सिंह रंधावा ने ट्वीट करके लोगों से क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा है कि हौज काजी में एक पार्किंग मुद्दे को लेकर कुछ विवाद और झगड़े के बाद अलग-अलग समुदायों के लोगों के दो समूहों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। हमने विधिक कार्रवाई की है और भावनाओं को शांत करने और सौहार्द्र के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों से सामान्य स्थिति बहाली में मदद का अनुरोध किया जाता है।

मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे आसपास एक युवक सड़क पर एक व्यक्ति की दुकान के आगे स्कूटी खड़ी करने लगा। जब व्यक्ति ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की पिटाई कर दी। युवक चिल्लाते हुए घर गया और चार-पांच साथियों के साथ वापस लौटा। उसने व्यक्ति और उसके साथियों की जमकर पिटाई की। इसके बाद वह शोर मचाते हुए थाने की तरफ चला गया। वह थाने में अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दे रहा था, इस बीच इलाके में अफवाह फैला दी गई कि भीड़ हिंसा हुई है, जिसके बाद एक समुदाय के 400-500 लोग युवक के समर्थन में थाने पर पहुंच गए। उन्होंने थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।

बताया जा रहा है कि जब तक पुलिस कुछ कदम उठाती या फिर समझ पाती, भीड़ घटना स्थल की ओर बढ़ी। जहां भीड़ ने पहले तो व्यक्ति के घर पर पत्थर और बोतलें फेंके। जिसके बाद कुछ शरारती तत्त्वों ने गली में कोने में बने धार्मिक स्थल पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। धार्मिक स्थल के शीशे टूट गए और कुछ टूट फूट भी हुई। उपद्रव की सूचना मिलते ही मध्य जिला के अलावा उत्तर जिला पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सोमवार को दोनों पक्षों ने बीच सड़क पर बैठकर धरना दिया। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। फिलहाल पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट की धारा में एफआइआर दर्ज कर ली है। साथ ही दोनों पक्षों के एक-एक लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ के मामले की जांच कर रही है।

इलाके में पुलिस की बैरीकेडिंग का था यह हाल। फोटो : आरुष चोपड़ा

डूब क्षेत्र के निर्माणों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 जुलाई।

यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस और कॉलोनियां ध्वस्त होंगी या नहीं, इसके लिए नोएडा प्राधिकरण सर्वेक्षण करा रहा है। अगले 10 दिन में सर्वे पूरा होने का दावा किया गया है। 2013 में भी प्राधिकरण ने डूब क्षेत्र का सर्वे कराया था। तब 400 फार्म हाउस अवैध श्रेणी में चिन्हित किए गए थे। पिछले छह साल में वहां क्या बदलाव आया है और वास्तविक स्थिति क्या है, इसको लेकर सर्वे कराया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक डूब क्षेत्र में बने अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त कराया जाएगा। अभियान में जिला प्रशासन सहयोग देगा।

यमुना और हिंडन खादर की करीब पांच हेक्टेयर से अधिक जमीन प्राधिकरण का अधिसूचित क्षेत्र है। जहां पर कुछ कॉलोनी काटने वाले 50 से लेकर 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय भूखंड बेच रहे हैं। ये भूखंड आने वाले दिनों में नदियों के प्राकृतिक संरचना को नष्ट करने का काम करेंगे। 23 जून, 2013 को प्राधिकरण ने 319 फार्म हाउस मालिकों को ध्वस्त करने के नोटिस जारी किए थे। इन नोटिसों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस क्षेत्र की मौजूदा स्थिति का आकलन करने के लिए सर्वे कराया जा रहा है। इस रपट को शासन स्तर पर भेजा जाएगा। शासन से मिले निर्देशों के आधार पर प्राधिकरण काम करेगा। हिंडन डूब क्षेत्र में काफी कॉलोनियां बन गई हैं। इसके एक हिस्से में बिजली के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जबकि दूसरे को अवैध बताते हुए बिजली के कनेक्शन नही दिए गए हैं। हिंडन नदी की स्थिति की हालिया जांच में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा शून्य निकली है। यमुना का भी यही हाल है।

स्पा सेंटरों में छापामारी के दौरान 25 युवतियां समेत 35 गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 जुलाई।

नोएडा समेत दिल्ली के स्पा सेंटरों में सेवा देने के नाम पर अनैतिक कार्य होने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने रविवार रात को 14 सेंटरों पर छापामारी की। सेक्टर-18 के स्पा सेंटरों में हुई छापामारी में पकड़ी गई युवतियों ने बताया कि उन्हें वेतन के बजाए ग्राहक से कमीशन के आधार पर भुगतान किया जाता था। छापे में 25 युवतियों समेत 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गोपनीय सूचना के आधार पर एसपी देहात विनीत जायसवाल और क्षेत्राधिकारी ग्रेटर नोएडा की अगुआई में छापा डाला गया था।

एसएसपी वैभव कृष्ण के मुताबिक स्पा में यदि कोई व्यक्ति का स्पा हो रहा है, तो उस कमरे को अंदर से बंद नहीं होना चाहिए। सेक्टर-18 के सभी 14 स्पा के सभी कमरे छापेमारी के दौरान अंदर से बंद मिले थे। स्पा सेंटर में काफी अनापत्तिजनक सामग्री भी मिली हैं। जिससे स्पष्ट है कि स्पा की आड़ में देह व्यापार जैसी गतिविधियां संचालित हो रही थीं। छापेमारी के दौरान आठ युवतियां थाइलैंड की थी। इसके अलावा दिल्ली की पांच, उत्तर प्रदेश की चार, मणिपुर की तीन और राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल, मिजोरम और नागालैंड की एक- एक युवती पकड़ी गई हैं। नोएडा के मिनी कनॉट प्लेस के रूप में प्रख्यात सेक्टर-18 के स्पा सेंटरों में वेश्यावृत्ति होने की शिकायत मई महीने में जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई थी। मामले की लिखित शिकायत नहीं मिलने की बात कहकर पुलिस ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। 30 मई को सेक्टर-18 के चौकी प्रभारी ने स्पा में वेश्यावृत्ति होने की बात की जानकारी होने से इनकार करते हुए दावा किया था कि इसको लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है।

कैब चालक की कुल्हाड़ी से हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 जुलाई।

सेक्टर-44 स्थित छलेरा से 26 मई को लापता हुए कैब चालक सौरभ तोमर की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था। सौरभ के एक महिला से अवैध संबंध थे। इसी महिला के हिस्ट्रीशटर पति ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया था। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने आरोपी महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

बागपत के रहने वाले सौरभ तोमर छलेरा में किराए के कमरे में रहकर एक ट्रैवल एजंसी की कार चलाते थे। वारदात के मुताबिक प्रीति ने सौरभ को मुलाकात करने के लिए 26 मई को हापुड़ बुलाया। वहां पर रिंकू, रमेश और रमेश के नौकर प्रिंस ने उसे घेरकर कुल्हाड़ी से वार किए। हत्या के बाद सौरभ के शव को गाड़ी में डालकर गढ़मुक्तेश्वर नहर में बहा दिया।

चिकित्सकों ने की संसाधन व सुविधा बढ़ाने की मांग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

बाड़ा हिंदूराव अस्पताल में चल रही डॉक्टरों की हड़ताल के बीच डाक्टरों के खिलाफ बड़ती हिंसा की घटनाओं का हवाला देते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने सोमवार को सरकार से अस्पतालों को 'सुरक्षित क्षेत्र' घोषित करने व हिंसा से बचाने के लिए केंद्रीय कानून की मांग की है।

'डॉक्टर्स डे' पर आइएमए ने देश भर में फैली अपनी 1750 शाखाओं में जन जागरूकता कार्यक्रम किया। इस बीच सुरक्षा के इंतजाम किए जाने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के भरोसे के बाद हिंदूराव के डॉक्टर्स काम पर लौट आए। आइएमए ने पश्चिम बंगाल सहित देश में जगह-जगह डॉक्टरों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा जोन की मांग को लेकर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के मौके पर देश भर में कार्यक्रम किए। इसका उद्घाटन आइएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर शांतनु सेन ने किया। सेन ने कहा कि अस्पतालों को सुरक्षित जोन घोषित कर सुरक्षा के उपाय किए जाएं। अपराधियों को ऐसी सजा दी जाए जो एक मिसाल हो और इसका प्रावधान केंद्रीय कानून में हो। डॉक्टर नरेंदर सैनी ने कहा कि चिकित्साकर्मियों के खिलाफ हिंसा की वजह बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन में कमी है। चिकित्सा पेशे में डॉक्टरों पर बोझ व अभाव दोनों है। जबकि डॉक्टर-मरीज के बीच का रिश्ता मायने रखता है और प्रभावी संवाद भी अहम किरदार निभाता है। ऐसे में काम के दबाव में इस पर असर आता है। इसलिए संसाधन बढ़ाए जाएं।

युवाओं को जीवनशैली के बारे में सलाह दें : नायडू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,1 जुलाई।

उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने गैर संचारी रोगों में हो रही बढ़ोतरी के मद्देनजर डॉक्टरों से लोगों में जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खासकर युवाओं को आलस्यपूर्ण जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खानपान की आदतों के खतरों के प्रति जागरुक किया जाए।

सोमवार को चिकित्सक दिवस के अवसर पर दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करते हुए नायडू ने उन्हें डॉक्टरों के प्रति लोगों के श्रृद्धाभाव का स्मरण कराया और चिकित्सक समुदाय से अनुरोध किया कि वे पूरी सहानुभूति और करुणाभाव के साथ लोगों की सेवा करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहते हैं कि सभी डॉक्टर अपने आसपास के इलाकों के शिक्षण संस्थानों में जाएं और वहां बच्चों को आलस्यूपर्ण जीवनी शैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदतों के खतरों के प्रति सचेत करें।

निर्माण को लेकर भाजपा के आरोप पर दिल्ली सरकार का पलटवार

स्कूल कक्षाओं के निर्माण में 2 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला : भाजपा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

दिल्ली में सरकारी स्कूलों के निर्माण में भाजपा ने 2 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बताया कि दिल्ली सरकार ने बजट बढ़ाकर महंगे दामों पर स्कूलों के निर्माण का कार्य एजंसियों को सौंपा। जल्द ही भाजपा मामले में लोकपाल के पास शिकायत दर्ज कराएगी।

आरोप के आधार पर भाजपा ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से इस्तीफे की मांग की है। यह खुलासा प्रदेश प्रवक्ता हरीश खुराना की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूचना के अधिकार (आरटीआइ) से मिली जानकारी के आधार पर किया गया है। मनोज तिवारी ने कहा कि

आरटीआइ के तहत दिल्ली सरकार ने जानकारी दी है, जिसमें बताया है कि 24.86 लाख रुपए में एक कमरा बनाया है। ऐसी 12748 कक्षाओं में अभी निर्माण चल रहा है। सरकार को बताना चाहिए कि 25 लाख रुपए में एक कमरे का निर्माण कैसे किया जाता है। मामले पर विजेंद्र गुप्ता और विजय गोयल ने भी सवाल उठाए हैं।

अगर कोई घोटाला किया है, तो मुझे गिरफ्तार करो : मनीष सिसोदिया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

स्कूली कक्षाओं के निर्माण में घपले के आरोपों के बाद सोमवार को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी पर पलटवार किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि 'भाजपा ने 2000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है। घोटाले का आरोपी दिल्ली में खुला घूम रहा है। इससे शर्मनाक बात क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि सभी एजंसियां भाजपा के पास हैं और अगर उन्होंने कोई घोटाला किया है तो मुझे गिरफ्तार करवाएं। अन्यथा इस झूठ के लिए भाजपा दिल्ली की जनता से माफी मांगे'।

सिसोदिया ने कहा कि इन्होंने हमारी 400 फाइलें मंगवाई थीं। उन सभी फाइलों को खंगाल लिया है और जांच में कुछ नहीं मिला। सीबीआइ व आयकर की रेड भी करवाई गई थी लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला था। अब ये लोग सरकारी स्कूलों के निर्माण को रोकने की साजिश कर रहे हैं। मामले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ट्वीट करके कहा कि भाजपा नहीं चाहती की गरीब के बच्चे अच्छे स्कूलों में पढ़ें।

कनॉट प्लेस

नई व्यवस्था के खिलाफ कारोबारी खड़े

निर्भय कुमार पांडेय
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

कनॉट प्लेस के कारोबारियों ने ठान लिया है कि इनर सर्किल को वाहन मुक्त नहीं होने देंगे, क्योंकि इससे कारोबार पर असर पड़ रहा है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने निर्णय लिया है कि शनिवार और रविवार को इनर सर्किल में वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसके बाद से ही कनॉट प्लेस के कारोबारी इसका विरोध कर रहे हैं।

कारोबारियों का कहना है कि कनॉट प्लेस में न केवल देश के विभिन्न हिस्सों से खरीदारी करने वाले खरीददार आते हैं, बल्कि दुनिया के कई देशों से विदेशी पर्यटक भी खरीदारी करने के लिए आते हैं। अन्य दिनों की तुलना में शनिवार और रविवार को ग्राहकों की संख्या बढ़ जाती है। पर एक दिन के बंद से बाजार पर व्यापाक असर पड़ा था। अनुमान के मुताबिक, रविवार को बंद के दौरान 60-70 फीसद का नुकसान कारोबारियों का हुआ है।

यह है योजना

एनडीएमस की योजना है कि कनॉट प्लेस आने वाले लोग पैदल ही आएं ताकि इससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। इसके लिए शनिवार और रविवार को इनर सर्किल में वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया। शनिवार को इसका मॉक ड्रिल था और रविवार को व्यापारियों ने ट्रायल करने के लिए छोड़ा था। लेकिन कारोबारियों को इससे काफी नुकसान हुआ है।

नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) के सचिव विक्रम बधवार ने कहा कि शुरुआत में विरोध के बाद एक दिन के लिए ट्रायल के लिए कारोबारी तैयार हो गए और एनडीएमसी को अनुमति दे दी। इस दौरान फास्ट फूड का कारोबार करने वाले कारोबारियों ने 40 फीसद की गिरावट दर्ज की है। रेस्तरां संचालकों का 80 फीसद कम करोबार हुआ। खुदरा व्यापारियों को भी भारी नुकसान हुआ है। पेट्रोल पंप पर डीजल और पेट्रोल की ब्रिकी भी कम हो गई थी।

बंद करेंगे बाजार

सचिव विक्रम बधवार ने कहा कि आगामी बुधवार को कारोबारियों की एक बैठक होगी। इस बैठक के बाद रणनीति बनाई जाएगी। पर इतना तय है कि इस फैसले को लागू होने नहीं दिया जाएगा। बधवार ने कहा कि यदि विरोध के बावजूद इस फैसले को लागू कर दिया जाएगा तो कारोबारी बाजार को बंद रखने का निर्णय ले सकते हैं। इसका सीधा यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों पर भी पड़ेगा। कारोबारी मजबूर कर्मचारियों की संख्या कम करने पर विचार करेंगे। कारोबारी महेश जैन ने कहा कि जब तक फैसले को वापस नहीं लिया जाता कारोबारी विरोध करेंगे।

निर्माणाधीन स्थल पर सुरक्षाकर्मी की गोली से मौत

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 1 जुलाई।

थाना इकोटेक-एक इलाके में निर्माणाधीन साइट पर तैनात एक निजी सुरक्षाकर्मी की रविवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश के रूप में हुई है।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन पर जानकारी दी। परिजन का आरोप है कि साथी सुरक्षाकर्मी ने गोली मारकर हत्या की है। वहीं, दूसरे सुरक्षाकर्मी के मुताबिक मृतक व्यक्ति बेहोश होकर जमीन पर गिरा और उसकी लाइसेंसी बंदूक से गोली चल गई। परिजन की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शैक्षणिक संस्था विधेयक लोकसभा में हुआ पास

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

लोकसभा ने सोमवार को केंद्रीय शैक्षणिक संस्था (शिक्षक के कॉडर में आरक्षण) विधेयक 2019 को पारित कर दिया । इसमें केंद्रीय शैक्षणिक संस्थाओं और शिक्षकों के काडर में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों की सीधी भर्ती द्वारा नियुक्तियों में पदों के आरक्षण और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने का प्रावधान है। निचले सदन में मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने 'केंद्रीय शैक्षणिक संस्था (शिक्षकों के काडर में आरक्षण) विधेयक-2019' पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक से यह बात प्रमाणित हो गई कि नरेंद्र मोदी सरकार को कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की चिंता है।

उन्होंने कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के कथन का हवाला देते हुए कहा कि एक तरफ वे कह रहे हैं कि अध्यादेश क्यों लाया गया और दूसरी तरफ वे कहते हैं कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। आज इनका चेहरा बेनकाब हो गया है। मंत्री ने कहा कि अगर न्यायालय का आदेश का पालन किया जाता तो अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों को सामाजिक न्याय नहीं मिल पाता। इस संबंध में कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी, आरएसपी एन के प्रेम चंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के प्रो. सौगत राय ने सांविधिक संकल्प प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया था कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 7 मार्च 2019 को प्रख्यापित केंद्रीय शैक्षणिक संस्था (शिक्षकों के काडर में आरक्षण) अध्यादेश 2019 का निरनुमोदन करती है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने अधीर रंजन चौधरी के सांविधिक संकल्प को निरस्त करते हुए विधेयक को मंजूरी दे दी। इसके लिए पहले सरकार इसके लिए अध्यादेश भी लाई थी। यह विधेयक उस अध्यादेश के स्थान पर लाया गया।

इससे पहले विधेयक को चर्चा व पारित होने के लिये रखते हुए मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि पहले विश्वविद्यालय को इकाई मानकर ही शिक्षकों के पदों पर आरक्षण का प्रावधान था लेकिन बाद में एक याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशानिर्देश को अमान्य करार कर दिया। उन्होंने कहा कि बाद में यूजीसी ने 21 विश्वविद्यालयों में व्यवस्था का अध्ययन कराया और पता लगाने का प्रयास किया कि विश्वविद्यालय के स्थान पर विषय को इकाई मानेंगे तो क्या अंतर होगा।

पत्नी व दो बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या की

गुरुग्राम, 1 जुलाई (भाषा)।

यहां के सेक्टर 49 में उप्पल साउथएंड में अपने फ्लैट में 55 वर्ष के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात को हुई। स्थानीय लोगों ने सोमवार को पुलिस को इस मामले की सूचना दी जब उन्होंने सुबह से परिवार को बाहर निकलते नहीं देखा। पुलिस ने परिवार के सभी चार सदस्यों को फर्श पर मृत पाया। उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकाश सिंह (55) ने अपनी पत्नी सोनू सिंह (50), बेटी अदिति (22) और बेटे आदित्य (13) की धारदार हथियार से हत्या की, जब वे सो रहे थे। पुलिस ने कहा कि प्रकाश ने बाद में खुद छत के पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। प्रकाश पीएचडी थे और उन्होंने हैदराबाद स्थित रासायनिक कारखाने में काम किया था। वे पिछले आठ साल से गुरुग्राम में रह रहे थे। प्रकाश उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रहने वाले थे। उसकी पत्नी गुरुग्राम में अपना स्कूल चला रही थीं। घटनास्थल से मिले कथित तौर पर प्रकाश के लिखे सुसाइड नोट में लिखा था, 'वे अपने परिवार को संभालने में सक्षम नहीं हैं'।

पूरा नगालैंड अफस्पा के तहत और छह महीने के लिए 'अशांत' घोषित

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

पूरे नगालैंड राज्य को विवादास्पद अफस्पा के तहत और छह महीने के लिए, दिसंबर अंत तक 'अशांत क्षेत्र' घोषित कर दिया गया है जो कि सुरक्षा बलों को कहीं भी अभियान संचालित करने और बिना किसी पूर्व सूचना के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है।

सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) कानून नगालैंड में कई दशकों से लागू है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार का विचार है कि क्षेत्र जिसमें पूरा नगालैंड आता है, वह एक ऐसी 'अशांत और खतरनाक स्थिति' में है कि नागरिक प्रशासन की सहायता में सशस्त्र बल का इस्तेमाल जरूरी है।रविवार को जारी अधिसूचना में कहा गया, 'अब, इसलिए सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम, 1958 (1958 के नम्बर 28) की धारा तीन द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार घोषणा करती है कि उक्त पूरा राज्य उक्त अधिनियम के लिए 30 जून, 2019 से छह महीने की अवधि के लिए एक अशांत क्षेत्र होगा।'

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि हत्याएं, लूट और उगाही राज्य के विभिन्न हिस्सों में जारी हैं। इसने वहां तैनात सुरक्षा बलों की सुविधा के लिए इस कदम को जरूरी बना दिया।

भगवा झंडा फहराना अपराध नहीं : अदालत

मुंबई, 1 जुलाई (भाषा)।

बंबई हाई कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी व्यक्ति को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि भगवा झंडा फहराना और नारे लगाना इस कानून के तहत अपराध की श्रेणी में नहीं आता।

न्यायमूर्ति आइए महंती और न्यायमूर्ति एएम बदर की खंडपीठ ने हाल ही में कल्याण पुलिस थाने में दर्ज मामले में राहुल शशिकांत महाजन नाम के शख्स को अग्रिम जमानत दे दी। विशेष अदालत द्वारा पिछले साल अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद महाजन ने हाई कोर्ट में अपील की थी। हाई कोर्ट ने जुलाई 2018 में उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी।

ममता बनर्जी मीम मामला

भाजपा कार्यकर्ता की रिहाई में विलंब पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मीम कथित रूप से सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में गिरफ्तार भाजपा युवा मोर्चा की महिला कार्यकर्ता प्रियंका शर्मा की रिहाई में देरी को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया। याचिका में यह आरोप लगाया गया है कि शीर्ष अदालत से जमानत मिलने के बावजूद कार्यकर्ता प्रियंका शर्मा की रिहाई में देरी की गई।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस के खंडपीठ ने प्रियंका शर्मा के भाई राजीव शर्मा द्वारा दायर अवमानना याचिका पर राज्य सरकार और अन्यों को नोटिस जारी किए। इन सभी को चार हफ्ते के भीतर नोटिस का जवाब देना है।

भाजपा युवा मोर्चा की नेता प्रियंका शर्मा को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 10 मई को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (अवमानना) और सूचना एवं प्रौद्योगिकी कानून के प्रावधानों के आरोपों में मामला दर्ज किया गया था।

तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की शिकायत पर यह गिरफ्तारी हुई थी। शीर्ष अदालत के अवकाश पीठ ने 14 मई को भाजपा युवा मोर्चा की नेता प्रियंका शर्मा को तत्काल जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। न्यायालय ने प्रियंका को यह भी निर्देश दिया था कि जेल से रिहाई के समय वह ममता बनर्जी पर मीम साझा करने के लिए लिखित तौर पर माफी मांगें।

वन विभाग की अधिकारी पर हमले की घटना का केंद्र ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने तेलंगाना में वन विभाग की एक अधिकारी पर रविवार को किए गए कथित हमले की आलोचना करते हुये कहा कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जावडेकर ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में कहा कि मंत्रालय ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और इस तरह की स्थिति को भविष्य में रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि राज्य में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के कुछ नेताओं ने वन विभाग की अधिकारी सी अनीता पर आसिफाबाद जिले में हमला किया था। इस मामले में टीआरएस के एक विधायक के भाई को राज्य पुलिस ने हिरासत में लिया है।

सोनीपत में 12 साल के पहलवान की हत्या

सोनीपत, 1 जुलाई (भाषा)।

हरियाणा के सोनीपत जिले के पलड़ीकला गांव में 12 साल के पहलवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना देर रात की है जब बाल पहलवान की पहचान आयूष के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि वारदात के समय वह अपने घर की छत पर सो रहा था।

ममता ने अजा और अजजा समुदाय के विधायकों की बैठक बुलाई

कोलकाता, 1 जून (भाषा)।

अपनी तरह के पहले प्रयास में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में अनुसूचित जाति (अजा) और अनुसूचित जनजाति (अजजा) से संबंधित विधायकों की बैठक मंगलवार को बुलाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने यह बैठक राज्य के आदिवासी बहुल इलाकों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अत्प्रत्याशित पैठ को देखते हुये आहूत की है। राज्य विधानसभा की 294 सीटों में अजा और अजजा समुदाय के लिए कुल 80 सीटें आरक्षित हैं। एक वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता ने यह जानकारी दी।

नवीन जिंदल समेत पांच पर आरोप तय करने का आदेश

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कोयला खंड आबंटन घोटाला मामले में सोमवार को उद्योगपति नवीन जिंदल और चार अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया।

विशेष न्यायाधीश भरत पराशर ने जिंदल एवं अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया।

जिंदल के अलावा जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के पूर्व निदेशक सुशील मारू, पूर्व उपप्रबंध निदेशक आनंद गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विक्रांत गुजराल और कंपनी की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत अधिकारी डीएन अबरोल के खिलाफ आरोप तय किए जाने हैं। अदालत मध्य प्रदेश में अर्टन नॉर्थ कोयला खंड के आबंटन से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने मामले में आरोपियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए 25 जुलाई की तारीख तय की है।

झारखंड में अमरकोंडा मुर्गादंगल कोयला खंड आबंटन मामले में कथित अनियमितताओं से संबंधित अन्य मामले में पूर्व कोयला राज्य मंत्री दसारी नारायण राव और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के साथ जिंदल को भी आरोपी बनाया गया है।

मामले में सीबीआइ के आरोपपत्र के अनुसार आरोपियों ने मध्य प्रदेश कोयला खंड का अधिकार पाने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष अपने जनवरी 2007 के आवेदन में गलत तथ्य दिए थे और गलत तरीके से लाभ पाने के लिए कोयला मंत्रालय को धोखे में रखा, जिसकी वजह से इस कोयला खंड के लिए उनके नाम की सिफारिश की गई। मंत्रालय ने अक्तूबर 2009 में कंपनी को आबंटन पत्र जारी किया था। जांच एजंसी ने आरोपपत्र में 60 दस्तावेजों को जोड़ने के अलावा अपने मामले को साबित करने के लिए 64 व्यक्तियों के नाम अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर शामिल किए हैं।

आरोपपत्र में कहा गया है कि प्रतिक्रिया फॉर्म में कंपनी ने दो मायने में गलत दावे किए कि उसने झारखंड के पतरातू परियोजना के लिए पहले ही 964 एकड़ भूमि अधिगृहित कर ली है और उसने ओड़ीशा में अंगुल परियोजना के लिए 4,340 करोड़ रुपये के उपकरण का ऑर्डर दे दिया है।

राहुल के समर्थन में इस्तीफों का सिलसिला जारी

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

लोकसभा चुनाव के बाद इस्तीफे पर अड़े राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस नेताओं के इस्तीफों का दौर सोमवार को भी जारी रहा। अब पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख नितिन राउत ने अपने पद इस्तीफा दे दिया है।

राउत ने अपने त्यागपत्र में कहा, 'राहुल जी, आपने हमें जवाबदेही का रास्ता दिखाया है। मैं 2019 के चुनाव के नतीजों की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और अपना इस्तीफा पेश करता हूं।' सोमवार को इस्तीफों का दौर खासतौर पर उत्तर प्रदेश में चला। पार्टी के बयान के अनुसार पार्टी के उपाध्यक्ष सिराज मेंहदी, पूर्व विधान पार्षद गणेश शंकर पांडेय, दिग्विजय सिंह, अनुसुइया शर्मा एवं मुतीउर-रहमान, पार्टी के प्रचार एवं प्रकाशन विभाग के अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, संगठन मंत्री रमेश मिश्रा, सदस्य कार्यकारिणी पुरुषोत्तम नारायण सिंह, सचिव अभिमन्यु सिंह, ऊषा रानी कोरी एवं अजय सारस्वत सोनी समेत कई नेताओं ने राहुल गांधी के पक्ष में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।

शाह और भाजपा विधायक को धमकी

विदिशा (मप्र), 1 जुलाई (भाषा)।

विदिशा जिले की गंजबासौदा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक लीना जैन ने सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उन्हें एक पत्र मिला है जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह को गंजबासौदा आने पर बम से मारने की धमकी दी गई है। विधायक ने कहा कि उन्हें (जैन) भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा ने बताया कि विधायक लीना जैन ने सोमवार दोपहर को शिकायत की है कि उन्हें (जैन) जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला है।

केन्द्र सरकार के समक्ष
कंपनी पंजीयक, उत्तर प्रदेश (कानपुर)
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 115 के साथ पठित धारा 169 एवं उसके अधीन लागू अन्य प्रावधान, यदि कोई हो, के मामले में
और
अशलर कोमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
पंजीकृत कार्यालयः ए-38, सैक्टर-67, नोएडा, यूपी-201301
सीआईएनः U74900UP2009PTC044833
ई-मेलः accounts@ashlarindia.com
.....**आवेदक**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 115 के प्रावधानों के अनुसार निदेशक अर्थात सुश्री श्वेता गर्ग (डीआईएनः 03109126) को हटाने के प्रयोजन हेतु कम्पनी की 100 प्रतिशत प्रदत्त इक्विटी पूंजी धारण करने वाले सदस्यों से प्राप्त विधिवत् हस्ताक्षरित विशेष सूचना के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 169 के साथ पठित धारा 115 के अंतर्गत कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में शनिवार, 20 जुलाई, 2019 को प्रातः 11.00 बजे एक अतिविशिष्ट आम बैठक निर्धारित की है। बोर्ड ने उपरोक्त विषय को ध्यान में रखा है और तदनुसार उपरोक्त कथित अतिविशिष्ट आम बैठक के आयोजन का निर्णय लिया है जिसकें लिए सुश्री श्वेता गर्ग सहित सभी योग्य सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए सूचना भेजने का कार्य पूर्ण कर लिया है।

कोई भी व्यक्ति जिसका उपरोक्तानुसार निदेशक को हटाने पर कोई भी हित प्रभावित होने की संभावना हो, वह या तो **निवेशक शिकायत फार्म भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर** या अपने हित के प्रभाव से संबंधित आशय एवं आपत्ति की पृष्ठभूमि को दर्शाते हुए एक शपथपत्र के साथ अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा कंपनी पंजीयक, 37/17, वेस्टकॉट बिल्डिंग, दि माल, कानपुर-208 001 और/या क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदर भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 के पास इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर भेज सकता है और इसकी एक प्रति कंपनी के नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में भी भेजी जानी चाहिए:

अशलर कोमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएनः U74900UP2009PTC044833
ए-38, सैक्टर-67, नोएडा, यूपी-201301

कंपनी के लिए एवं उनकी ओर से
अशलर कोमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
भारत बंसल
निदेशक
डीआईएनः 02174164
स्थानः नोएडा
तिथिः 1 जुलाई, 2019

शुद्धिपत्र

मै. "जेडीएस एप्पैरल्स प्रा. लि." के लिए 30 जून, 2019 को जनसत्ता दिल्ली संस्करण में ई-नीलामी विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। उस विज्ञापन में 2री क्रम श्रृंखला में ईएमडी कॉलम के अंतर्गत तालिका के विवरण में राशि रु. 12,50,000/- गलत मुद्रित हुई है। सही राशि 1,25,000/- है।

हस्ता./-
सतीश कुमार माथुर
जेडीएस एप्पैरल्स प्रा. लि.
परिसमापक
IBBI Reg. No.: IBBI/IPA-002/IP-N00132/2017-18/1038
मो. नं. 8175859618

प्रपत्र सं. आइएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
शंघाई इन्फोटेक प्राईवेट लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : बी-153, जाकिर बाग, आपजट होटल सूर्य, नई दिल्ली - 110025. में स्थित है के मामले में
.....याचिकाकर्ता

सूचना

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से जम्मू एंड कश्मीर राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख बुधवार 01 मई, 2019 को आयोजित असाधारण सामान्य अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ मे कंपनी के संघम ज्ञापन मे संशोधन की पूष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनो के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक दवारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त नीचे दिया गए रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते बी-153, जाकिर बाग, आपजट होटल सूर्य, नई दिल्ली - 110025. पर भी भेजेगा।

उनके लिए और अनकी तरफ से
शंघाई इन्फोटेक प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
सानी निसार
(निदेशक)
(डीआईएन : 05352408)
तिथि : 01 जूलाई, 2019
स्थान : नई दिल्ली,

इंडियन टोनर्स एंड डेवलपर्स लिमिटेड
(कॉर्पोरेट पहचान संख्याः L74993UP1990PLC015721)
पंजी. कार्यालयः 10.5 किमी. माइलस्टोन, रामपुर बरेली रोड, रामपुर-244901 (उ.प्र.)
ई-मेल आईडीः info@indiantoners.com, वेबसाईटः www.indiantoners.com, फोनः 0595-2356271, फैक्स नं. 0595-2356273

29वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम), पुस्तक बंद होने तथा रिमोट ई-वोटिंग की सूचना एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इंडियन टोनर्स एंड डेवलपर्स लिमिटेड के सदस्यों की 29वीं वार्षिक साधारण सभा बुधवार, 31 जुलाई, 2019 को 2.30 अप. में 10.5 कि.मी. माइल स्टोन, रामपुर बरेली रोड, रामपुर-244901 (उ.प्र.) में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें उस सभा के आयोजन की सूचना में निर्दिष्ट साधारण/विशेष व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा।

29वें एजीएम की सूचना तथा रिमोट ई-वोटिंग एवं वोटिंग के निर्देश सहित उपस्थिति पर्ची तथा प्रॉक्सी प्रपत्र एवं वार्षिक रिपोर्ट 2018-2019 की इलेक्ट्रॉनिक प्रति ऐसे सभी सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ईमेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) के पास कम्युनिकेशन के लिए दर्ज हैं, बशर्ते किसी सदस्य ने उसकी हार्ड कॉपी के लिए अनुरोध नहीं किया हो। जिन सदस्यों ने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराये हैं उपरोक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां स्वीकृत पद्धति में भेजी गई हैं।

पुनः सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा सूचीयन विनियमन के विनियमन 42 के अनुपालन में सदस्यों के रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें 26 जुलाई, 2019 से 29 जुलाई, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक कम्पनी की 29वीं वार्षिक साधारण सभा तथा लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कम्पनी (प्रबंध एवं प्रशासन) संशोधन नियमावली, 2015 के नियम 20 तथा स्टॉक एक्सचैंजों के साथ सूचीयन विनियमन के विनियमन 44 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार यह कम्पनी सूचना में निर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग से इलेक्ट्रॉनिक पद्धत्ति द्वारा सदस्यों को मतदान की सुविधा सहर्ष उपलब्ध करा रही है। कम्पनी अधिनियम, 2013 तथा उक्त नियमावली के नियम 20 के अनुपालन में विवरण इस प्रकार हैं:

1. सूचना भेजने की पूर्णता की तिथिः 2.7.2019
2. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा मतदान आरंभ होने की तिथि एवं समयः **29 जुलाई, 2019 के 9.00 बजे पूर्वा. (आईएसटी)।**
3. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा मतदान समाप्त होने की तिथि एवं समयः **30 जुलाई, 2019 के 5.00 बजे सायं (आईएसटी)।**
4. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा मतदान की अनुमति नहीं होगीः **30 जुलाई, 2019 को 5.00 बजे सायं (आईएसटी)** के बाद।
5. रिमोट ई-वोटिंग तथा वोटिंग की प्रक्रिया सहित 29वें एजीएम की सूचना एनएसडीएल की वेबसाईट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।
6. ई-वोटिंग संबंधी विषयों के लिए संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का विवरणः श्री एस.सी. सिंघल, कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी से investor@indiantoners.com/ टेलीफोन नं. 45017000 तथा एनएसडीएल से evoting@nsdl.co.in/amitv@nsdl.co.in/pratikb@nsdl.co.in/ **फोनः 022-24994738/ 24994600/ एनएसडीएल हेल्प डेक्स, टेली. नं. (टोल फ्री) 1800-222-990**
7. रिमोट ई-वोटिंग तथा वोटिंग प्रक्रिया के लिए श्री वाराणसी हरि (सीपी नं. 8244), कार्यरत कम्पनी सचिव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी का शेयर अर्जित करते हैं तथा सदस्य बनते हैं तथा कट ऑफ तिथि अर्थात 24.7.2019 को शेयर धारित करते हैं तो वे evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लागिन आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करें तथा तदनुसार मतदान करें। लेकिन, यदि सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पहले से ही पंजीकृत हों तो अपना मतदान करने के लिए वे वर्तमान यूजर आईडी तथा पास्वर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।

एजीएम में मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा यदि कोई सदस्य एजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान करते हैं तो उन्हें भी एजीएम में भाग लेने की अनुमति होगी लेकिन फिर से मतदान करने के लिए वे अधिकृत नहीं होंगे।

सदस्यों का मताधिकार 24.7.2019 को कट-ऑफ तिथि (अभिलिखित तिथि) को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयर के अनुपात में होगा।

बोर्ड के आदेश से
इंडियन टोनर्स एंड डेवलपर्स लिमिटेड
के लिए
हस्ता./-
(एस.सी. सिंघल)
कम्पनी सचिव
स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 2.7.2019

कार्यालयः रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-II, दिल्ली
4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

आर.सी. नं. 146/2015 **ई-नीलामी बिक्री सूचना** **तिथिः13.6.2019**

मै. फीनिक्स एआरसी प्रा.लि. बनाम बीएसआरके केमिकल्स

कथित रिकवरी प्रमाण पत्र में मेरे आदेश तिथि 13.6.2019 के अनुसार 31.7.2019 को सार्वजनिक ई-नीलामी बिक्री द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति की बिक्री की जाएगीः

यह नीलामी बिक्री वेबसाईट https://drt.auctiontiger.net पर "ऑन लाईन ई-नीलामी" होगी।

नीलामी की तिथि एवं समयः 31.7.2019 को 11 बजे पूर्वा. से 12 बजे अप. (12 बजे अप. के बाद यदि जरूरी हुआ, 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ

संपत्ति का विवरण

क्रम सं.	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु.)	धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) (रु.)
1.	39, सुविधा कुंज, एच-4/5, जोन, पीतमपुरा, नई दिल्ली-88	7,40,00,000/-	74,00,000/-

नियम एवं शर्तें

1. नीलामी बिक्री वेबसाईट पोर्टलः https://drt.auctiontiger.net पर "ऑन लाईन ई-नीलामी" होगी।
2. ईएमडी का भुगतान रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली खाता 'आर.सी. नं. 146/2015" के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर के द्वारा या अधोलिखित खाता-कोटक महिन्द्रा बैंक लि., बैंक खाता नं. 2111438291, आईएफएससी कोड KKBK0000631 में एनईएफटी/ आरजीटीएस के द्वारा किया जाएगा। उक्त डिमाड ड्राफ्ट/ पे आर्डर के द्वारा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण के साथ पहचान के स्व- सत्यापित प्रमाण (वोटर आई-कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट) जिसमें भविष्य में पत्राचार का पता शामिल हो तथा पैन कार्ड की स्वतः सत्यापित प्रति तथा कम्पनी के मामले में कम्पनी की बोर्ड के सदस्य द्वारा पारित प्रस्ताव अथवा कम्पनी का प्रतिनिधित्व/एटॉर्नी की पुष्टि करने वाले अन्य दस्तावेज की प्रति अधिकतम 29.7.2019 के 4.00 बजे अप. तक रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. ईएमडी या ईएमडी के एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा जमा की गई मूल प्रमाण तथा प्रेषक के विवरणों जैसे पते, ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर आदि से युक्त लिफाफे के ऊपर 'आरसी नं. 146/2015' शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. संपत्ति की बिक्री "**जैसा है जहां है आधार**" पर की जा रही है।
5. बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए पोर्टल https://www.drtauctiontiger.net देखें एवं/ अथवा श्री अमित मासेकर, सीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी, मोबाईल नं. 9769497286 से संपर्क करें।
6. संभावित बोलीदाता को पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा तथा अग्रिम में लॉगिन आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा जो ई-प्रॉक्योर्मेंट टेक्नोलॉजीज प्राईवेटल लिमिटेड सम्पर्क नं. 079-61200513/594/596/598, मोबा. नं. 6351896834, ईमेल आईडीः tilak@auctiontiger.net, support@auctiontiger.com से प्राप्त किया जा सकता है।
7. इच्छुक बोलीदाता मै. ई-प्रॉक्योर्मेन्ट टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., सम्पर्क नं. 079-61200513/594/596/598, मोबा. नं. 6351896834, ईमेल आईडीः tilak@auctiontiger.net, support@auctiontiger.com से ई-नीलामी पर ऑन लाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल ऐसे बोलीदाता ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अधिकृत होंगे जिनके पास वैध यूजर आईडी एवं पास्वर्ड तथा डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर या एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान का निश्चित प्रमाण होगा।
9. संभावित बोलीदाता 23.7.2019 तथा 24.7.2019 को 10.30 पूर्वा. से 4.00 बजे अप. तक साईट पर सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।
10. जो इच्छुक बोलीदाता 29.7.2019 तक रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय में आरक्षित मूल्य से ऊपर अपना प्रस्ताव जमा करते हैं वे ई-नीलामी में भाग लेने के योग्य होंगे जो 31.7.2019 को 11 बजे पूर्वा. से 12 बजे दोपहर के बीच आयोजित की जाएगी। यदि बोली अंतिम 5 मिनट में रखी जाती है तो अंतिम समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगी।
11. बोलीदाता रु. 1,00,

जनसत्ता

2 जुलाई, 2019

सूखती धरती

पिछले कुछ सालों से पानी का संकट लगातार जिस पैमाने पर गहराता जा रहा है, उससे साफ है कि हम शायद ऐसे दौर में दाखिल होने को तैयार हैं जिसमें पानी के लिए युद्ध हो या फिर मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत को एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़े। इसलिए अगर प्रधानमंत्री ने पानी की एक-एक बूंद के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने पर जोर दिया है तो यह वक्त की नजाकत को देखते हुए एक जरूरी आह्वान है। ऐसा नहीं है कि इस तरह की चिंताजनक तस्वीर कोई पहली बार सामने आई है और इसके असर को लेकर एक व्यापक आशंका गहरा रही है। समय-समय पर तमाम पर्यावरणविद लगातार इस तरह की चेतावनी देते रहे हैं कि अगर जल्दी इन हालात से सामना करने के उपाय नहीं किए गए, जल-संरक्षण की व्यापक योजना बना कर उस पर अमल शुरू नहीं हुआ तो समूची दुनिया को इसका खमियाजा उठाना पड़ेगा। लेकिन विडंबना यह है कि विकास की तमाम परिभाषाओं में पानी को बचाने का सवाल हमारी प्राथमिकता में नहीं रहा। आज हालत यह है कि देश के ही कई राज्यों में पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है, झगड़ा-फसाद और जान जाने तक की नौबत आ रही है।

यह जगजाहिर तथ्य रहा है कि हमारे देश में पानी के संरक्षण के लिए कई पारंपरिक तौर-तरीके सदियों से चलन में रहे। लेकिन आखिर किन हालात में उन परंपराओं से हम दूर होते गए और आज भी हमें क्यों यह समझना जरूरी नहीं लगता कि जो पानी हमारे जिंदा रहने का आधार है, हम उसके संकट तक को समझने के लिए तैयार नहीं हैं। सवाल है कि आखिर जीवन के स्रोत के तौर पर हमने पानी की अहमियत को कैसे इस तरह गौण होने दिया कि आज इसी वजह से समूचे देश के सामने प्यास एक बड़ी समस्या के रूप में सामने है? एक सोचने-समझने वाले प्राणी यानी मनुष्य होने के बावजूद उस संकट का अंदाजा लगाने में कहां और क्यों चूक हुई कि आज वह हमारे अस्तित्व के सामने चुनौती बन कर खड़ा हो गया है। जब आधुनिक तकनीकी से लैस संसाधन नहीं थे, तब कुएं, तालाब, बावड़ी जैसे कई उपायों ने पानी की उपलब्धता को आसान बनाए रखा था। लेकिन आज जलशोधन यंत्र से लेकर पानी को साफ करने तक की कई आधुनिक तकनीकें होने के बावजूद समस्या क्यों गहराती जा रही है? क्या यह सच नहीं है कि इन्हीं आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल धरती से पानी के बेलगाम दोहन के लिए भी किया गया और छोटे-छोटे टुकड़ों में चलने वाली ऐसी व्यापक गतिविधियों का भी एक हासिल आज का जल-संकट है?

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले कुछ दशकों से मौसम में जिस तरह की अनियमितता देखी जा रही है, मौजूदा संकट की एक वजह यह भी है। लेकिन अब यह छिपी बात नहीं है कि जलवायु में होने वाले बदलाव और उसके मौसम पर पड़ने वाले सीधे असर के लिए दुनिया भर में चलने वाली मानवीय गतिविधियां किस तरह जिम्मेदार हैं! भारत में इस संकट के मद्देनजर जल-शक्ति मंत्रालय बनाया गया है। लेकिन मौसम और जलवायु के उतार-चढ़ाव के साथ-साथ मानवीय गतिविधियों की वजह से सूखती धरती को ध्यान में रख कर जब तक ठोस नीति अमल में नहीं लाई जाएगी, तब तक मौजूदा संकट का कोई कारगर हल खोजना मुश्किल होगा। एक ओर आम नागरिकों के सामने पानी का अभाव और प्यास एक बड़ी त्रासदी की जमीन रच रहा है और दूसरी ओर ठंडे पेय बनाने के लिए भूजल के बेलगाम दोहन से लेकर पानी के बाजार पर पूरी तरह कब्जा करने वाली कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस पहलकदमी नहीं दिखती है।

ट्रंप की रणनीति

अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच पिछले दो साल के घटनाक्रम हैरत में डालने वाले रहे हैं। कोई लंबा वक्त नहीं बीता, जब दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर था और लग रहा था कि तीसरे विश्व युद्ध के हालात बन रहे हैं। दोनों में से अगर किसी भी देश ने जरा भी संयम खोया तो दुनिया बड़ी तबाही देखेगी। लेकिन संतोषजनक यह रहा कि ऐसी किसी अनहोनी का खतरा तब टल गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन को समझ आ गया था कि बातचीत से ही कोई रास्ता निकल सकता है। इसके बाद ही शिखर वार्ताओं का सिलसिला चला। हालांकि इनके नतीजे उत्साहजनक नहीं निकले थे। लेकिन हाल में ट्रंप ने अचानक उत्तर कोरिया जाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। आधिकारिक तौर पर कहा तो यही जा रहा है कि उत्तर कोरिया जाने और किम जोंग उन से मुलाकात करने की ट्रंप की पहले से कोई योजना नहीं थी। तब सवाल है कि ट्रंप को अचानक उत्तर कोरिया जाने की क्यों सूझी, क्यों उन्होंने ट्वीट कर उत्तर कोरिया के शासक से मिलने की इच्छा जताई? कभी उत्तर कोरिया को मिटा देने की धमकी देने वाले ट्रंप का आखिर हृदय परिवर्तन कैसे हो गया और क्यों किम को लेकर इतना प्रेम उमड़ आया? जापान में जी-20 सम्मेलन से निपट कर ट्रंप सीधे दक्षिण कोरिया पहुंचे और रविवार को किम जोंग उन से उस जगह मिले, जिसे धरती की सबसे खतरनाक जगह कहा जाता है। यह खतरनाक जगह उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच असैन्यीकृत क्षेत्र है।

ट्रंप और किम दोनों में भले कितनी असमानताएं हों, लेकिन एक समानता जरूर है। दोनों कुछ न कुछ ऐसा करते हैं जिससे दुनिया चौंके। रविवार को ट्रंप ने वही किया। आज न केवल अमेरिका, बल्कि दुनिया के इतिहास में उन्होंने अपने को ऐसे पहले राष्ट्रपति के रूप में दर्ज करवा लिया जो पद पर रहते हुए उत्तर कोरिया की यात्रा पर गया। दरअसल, ट्रंप की उत्तर कोरिया की इस यात्रा को अचानक हुए दौरे के रूप में नहीं देखा जा सकता। इसके पीछे निश्चित ही कुछ खास रणनीतियां हैं। ट्रंप इस बात को अच्छी तरह से समझ रहे हैं कि उन्होंने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं। ईरान से टकराव चल रहा है, उत्तर कोरिया का संकट पहले से है, रूस-चीन जैसे देश अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं, दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर में चीन के दबदबे से अमेरिका की नींद उड़ी हुई है, दुनिया के कई देशों के साथ व्यापार युद्ध के हालात अलग बने हुए हैं। ऐसे में ट्रंप कहां-कहां और किससे उलझेंगे?

किम से मिल कर ट्रंप ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि वे शांति के पक्षधर हैं, उत्तर कोरिया के साथ कोई टकराव नहीं चाहते और शांति वार्ता के लिए अपनी ओर से पहल कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने किम को अमेरिका आने का न्योता भी दिया। अगर सब कुछ ठीक-ठाक चला तो उत्तर कोरिया और अमेरिका के रिश्तों में यह बदलाव बड़ा मोड़ साबित हो सकता है। अगर ट्रंप किम को अमेरिका बुला कर वार्ता की मेज तक ले आए तो उनके कार्यकाल की यह बड़ी उपलब्धि होगी। उत्तर कोरिया अपने को एक परमाणु शक्ति-संपन्न राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुका है। ट्रंप के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो यह है कि वे उत्तर कोरिया को परमाणु हथियारों से मुक्त बनाने के लिए किम को झुकाने में कहां तक सफल हो पाते हैं। इसलिए ट्रंप का इस बार उत्तर कोरिया पहुंचना हैरानी पैदा करने के साथ उम्मीदें भी जगाता है।

कल्पमेधा

छोटी-छोटी बातों से पूर्णता प्राप्त होती है
और पूर्णता कोई छोटी बात नहीं।
-माइकल एंजेलो

बढ़ती आबादी और चुनौती

रोहित कौशिक

भारत आज गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। यदि यह कहा जाए कि अधिकांश समस्याओं की जड़ जनसंख्या विस्फोट है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हालांकि हमारे नीति-निर्माताओं ने तीन-चार दशक पहले ही जनसंख्या विस्फोट से उत्पन्न खतरों को भांप लिया था। इस समस्या से निपटने के लिए अनेक योजनाएं भी बनाई गईं, लेकिन ये सभी योजनाएं आबादी नियंत्रण के लक्ष्य को पाने में नाकाम रहीं।

संयुक्त राष्ट्र की हाल में आई रिपोर्ट 'द वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2019: हाइलाइट्स' में बताया गया है कि अगले तीन दशकों में दुनिया की आबादी दो अरब और बढ़ जाएगी और 2050 तक धरती पर आबादी का आंकड़ दस अरब को छू रहा होगा। रिपोर्ट के मुताबिक अगले सात साल में यानी 2027 तक आबादी के मामले में भारत चीन को पछाड़ देगा। भारत की आबादी में 2050 तक सत्ताईस करोड़ से ज्यादा की वृद्धि हो सकती है और इसके साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक जनसंख्या में जो वृद्धि होगी, उसमें आधी से अधिक वृद्धि भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, कांगो, इथियोपिया, तंजानिया, इंडोनेशिया, मिस्र और अमेरिका में होने का अनुमान है। इन देशों में भी सबसे अधिक वृद्धि भारत में होगी। हालांकि जनसंख्या वृद्धि दर में लगभग हर जगह गिरावट दर्ज की जा रही है। वैश्विक स्तर पर प्रति महिला औसत जन्म दर 1990 में 3.2 थी, जो 2019 में घटकर 2.5 रह गई। दुनिया के पचपन देश ऐसे भी हैं जहां आबादी घट रही है। यह कमी सिर्फ जन्म दर में गिरावट के कारण नहीं आ रही है। कुछ देशों में इसके लिए लोगों का पलायन भी जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ने के साथ ही पूरी दुनिया में बुजुर्ग आबादी का हिस्सा भी बढ़ता जा रहा है। इस समय दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देशों में पहला स्थान चीन का है और दूसरा भारत का। चीन ने जनसंख्या में कमी लाने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। इससे चीन में जनसंख्या बढ़ने की दर में कमी आई है। 2010 के बाद से सत्ताईस देश ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या में एक या इससे भी अधिक फीसद की कमी आई है। वर्ष 2019 से 2050 तक पचपन देशों और क्षेत्रों में आबादी में कमी आने का अनुमान है। हालांकि भारत में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं लिहाजा, भारत के लिए बढ़ती आबादी भविष्य में अनेक चुनौतियां पेश करेगी। भारत में जितनी तेजी से संपन्नता बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से शहरी जनसंख्या भी बढ़ रही है। तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले भारत को भविष्य में जनसंख्या वृद्धि के कारण अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अगले चालीस वर्षों में भारत के समक्ष अपने नागरिकों को नौकरी, ऊर्जा, आवास और आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने की चुनौती होगी। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2050 तक भारत में शहरी जनसंख्या में उनचास करोड़ सत्तर लाख की वृद्धि होगी।

भारत आज गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। यदि यह कहा जाए कि अधिकांश समस्याओं की जड़ जनसंख्या विस्फोट है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हालांकि हमारे नीति-निर्माताओं ने तीन-चार दशक पहले ही जनसंख्या विस्फोट से उत्पन्न खतरों को भांप लिया था। इस समस्या से निपटने के लिए अनेक योजनाएं भी बनाई गईं, लेकिन ये सभी योजनाएं आबादी नियंत्रण के लक्ष्य में नाकाम रहीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जनता में जागरूकता का अभाव दिखाई देता है। आज सरकार करोड़ों रुपए विज्ञापनों पर खर्च कर रही है, लेकिन जनसंख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके पीछे काफी हद तक हमारे देश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचना भी जिम्मेदार है। दूसरी ओर परिवार नियोजन संबंधी नीतियों को भी प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया गया। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सब इस समस्या पर गंभीरता के साथ पुनर्विचार करें, ताकि भविष्य में जनसंख्या विस्फोट से होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिल सके ।

भारत में प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं, लेकिन हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जनसंख्या वृद्धि भी जलवायु परिवर्तन को प्रभावित कर रही है। दरअसल, आबादी बढ़ने से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी बढ़ता है और प्रदूषण जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। इसलिए जलवायु संकट का प्रभाव कम करने के लिए भी जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण आवश्यक है। हमें कुछ ऐसी नीतियां बनानी होंगी जिनसे जनता स्वयं इसमें रुचि ले। इमरजंसी के दौरान जिस तरह जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास किए गए थे, वे किसी से छिपे नहीं हैं। उस समय सरकार के इस प्रयास के विरोध में जनता जबरदस्त गुस्से में थी और इसका खमियाजा सरकार को उठाना पड़ा था। इसलिए यह स्पष्ट है कि यदि जनसंख्या नियंत्रण की नीतियों और जनअवधारणों के बीच असंतुलन और संवादहीनता की स्थिति कायम रहेगी तो बेहतर परिणाम सामने नहीं आएंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पिछले पचास वर्षों में सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठन जनता के साथ एक ऐसा संवाद स्थापित करने में नाकाम रहे हैं जिससे कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकल सके। आज विभिन्न धार्मिक एवं राजनीतिक नेता बड़े-बड़े समारोहों में जनता को इस देश की अनेक गंभीर समस्याओं के बारे में बताते हैं। इन समारोहों में नेताओं और धर्मगुरुओं द्वारा शायद ही कभी जनसंख्या वृद्धि की समस्या पर चर्चा की जाती है। कुछ धर्मगुरु तो अपने उपदेशों और पत्रिकाओं में अपनी-अपनी जाति की जनसंख्या बढ़ाने का आह्वान बड़े गर्व से करते हैं। दरअसल, आज जनसंख्या नियंत्रण सरकारी नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से ही होने वाला नहीं है। जब तक इस समस्या पर आम जनता ही विचार नहीं करेगी तब तक इस संबंध में किसी सार्थक परिणाम की उम्मीद रखना बेमानी है।

भारत में आज भी करोड़ों लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। इस वर्ग का बड़ा हिस्सा निरक्षर और अशिक्षित है। ऐसी स्थिति में बड़े-बड़े विज्ञापन और परिचर्चाएं किस हद तक प्रभावी होंगी, यह विचारणीय प्रश्न है। इस तबके को गर्भ निरोध के साधन उपलब्ध कराना और इनका सही ढंग से इस्तेमाल सिखाना भी एक बड़ी चुनौती है। जब तक हम इस चुनौती को स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करना एक दिवास्वप्न ही होगा। यह विडंबना ही है कि आज भी जनसंख्या नियंत्रण की अधिकांश योजनाएं और काम कागजों पर ही चल रहे हैं। जनसंख्या नियंत्रण में लगी अधिकांश स्वयंसेवी संस्थाएं भी कुछ कम नहीं हैं। कुछ अपवादों को छोड़ कर आज ये संस्थाएं भी लाभ कमाने के लिए ही काम कर रही हैं। गैर सरकारी संगठनों पर पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। सरकारी नीतियों का आलम यह है कि इस दौर में भी प्रलोभन देकर नसबंदी कराई जा रही है। इस कार्य के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं दिया जाना चाहिए। प्रलोभन से इस समस्या को जड़ से समाप्त नहीं किया जा सकेगा, बल्कि इससे भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा मिलता है।

हमारे देश में परिवार का भरण-पोषण शारीरिक श्रम पर आधारित था। इसलिए यहां ज्यादा बच्चे पैदा करने पर जोर दिया जाता था। हालांकि अब यह स्थिति बदल रही है। लेकिन अभी भी विकास की किरणें निचले स्तर तक नहीं पहुंच पा रही हैं। ऐसे में गर्भनिरोधकों का व्यापक पैमाने पर मुफ्त वितरण और किसी किस्म की जटिलता उत्पन्न होने पर उसका तात्कालिक समाधान निकालने के लिए व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाना चाहिए। हमें गर्भ निरोधकों से जुड़ी उन भ्रांतियों के निवारण पर भी ध्यान देना होगा जिन्हें अनपढ़ लोग खुद ही गढ़ लेते हैं। बहरहाल, आज जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित कोई भी योजना लागू करते समय व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। आज लोगों को यह समझाने की जरूरत है कि जनसंख्या वृद्धि से देश का नुकसान तो होगा ही, पहले उनकी अपनी समस्याएं भी बढ़ जाएंगी।

मुक्ति की चाह

राजकुमारी

दुनिया मेरे आगे

हट्टे-कट्टे, मरियल लोगों या नाबालिगों की हिंसा का मर्दाना और विकृत होना- यह सब मिल कर दिनोंदिन इंसानों को हैवानियत की तरफ धकेल रहा है। जन्म से ही समूची स्त्री जाति के अपकर्ष का नवीन इतिहास रोज रचा जाता है। स्त्रियों के खिलाफ हो रहे शारीरिक शोषण, बोलचाल तक में भद्दे और स्त्रीलिंग से जुड़े अपमानजनक अपशब्द कुल मिला कर महिलाओं को हीन भाव से ग्रस्त करते हैं। कानून के जरिए मुस्टंडे, आवारा लोगों का इलाज किया जा रहा है, लेकिन मुश्किल यह भी है कि कई बार स्त्रियां इस हालात में विरोध नहीं कर पाती हैं। इससे इतर, अगर औरतें पुरुषों से इसके विरोध की पहल की बाट जोह रही हैं, तो वे भ्रामक स्थिति में हैं।

दरअसल, यह या हमारा समूचा सामाजिक व्यवहार और दिमागी खेल पितृसत्तात्मक व्यवस्था में पले-बढ़े मनोविज्ञान की देन है। महिलाओं के खिलाफ बलात्कार जैसे अपराध संक्रमणशील बीमारी की तरह बन कर समाज के शरीर में तेजी से फैल रहे हैं। नतीजतन, यौन कुंठाओं से उपजे और संचालित उन्माद, जाति और धर्म के चलते बदले की भावना, महिलाओं पर छींटाकशी, पुरुष का स्त्री के प्रति भोग्या और अवमानना का भाव तेजी से बढ़ रहा है। आज हालत यह है कि स्त्री के लिए पुरुष गैरभरोसेमंद होता जा रहा है। लैंगिक निवृत्ति के कारण वासना में अंधे अपराधी पागलों की तरह बिना उम्र देखे बियाबान में कुत्तों की तरह बेटियों की बोटियां नोच डालते हैं। बर्बरता की कथाओं का अंत होने का नाम ही नहीं ले रहा। सच यह है कि हमें इसके पीछे सांप्रदायिकता की साजिशें भी नजर नहीं आतीं।

कभी ढाई साल की तो कभी सात साल की मासूम बच्चियां, सभी कमजोर तबकों की, जिनकी हत्या या बलात्कार के वक्त कुछ भी सोचना जरूरी नहीं समझा जाता। ठिकाना कोई भी हो सकता है- धार्मिक स्थान के रूप में मंदिर तो कहीं कचरा फेंकने की जगह। अपराधी कोई भी हो सकता है- पंडित और मौलवी भी।

कई बार ऐसा लगता है कि धार्मिक भावनाओं और सांप्रदायिकता को किसी ज्वलनशील पदार्थ की तरह प्रयोग में लाया जा रहा है। हो सकता कि हम गलत हों, लेकिन इन गंभीर मसलों को नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। कारण कुछ भी हो, लेकिन बलि का बकरा स्त्रियां और यहां तक कि मासूम बच्चियां भी क्यों? रोज ही ऐसे समाचार सुन और पढ़ रहे हैं। कभी-कभार समाज में आक्रोश और उबाल दिखता है, लेकिन फिर वही ठंडापन। अब खुद महिलाओं को आगे बढ़ कर नफरत और हिंसक परिवेश को खारिज करना चाहिए। आक्रामकता की प्रतिस्पर्धा ने स्त्री के दमन के हालात ही पैदा किए हैं। अगल-बगल की खामोश नजरों के अवलोकन, सार्वजानिक कटाक्ष करने वाले बीमार मानसिकता वाले लोगों के बीच महिलाओं की घनीभूत पीड़ा और उसके संघर्षों का कोई अंत नहीं दिखता।

समाज किसी स्त्री के महिमामंडन में तो अक्सर देर कर देता है, लेकिन चरित्रहीनता का तमगा देने में वह जरा भी वक्त नहीं लगाता। कुदृष्टि, गाली-गलौज, अपमानित और व्यक्तित्व को खंडित करने वाले अपशब्द समाज की भाषा में घुले हुए हैं और इनका सहज प्रवाह कई बार महिलाओं के भीतर खुद ही खुद से घृणा-भाव पैदा कर देता है। प्रेम पूरी तरह खलास हो गया दिखता है। बहुत सारी महिलाओं के मन के मरुस्थल में मर्द जाति के लिए कैक्टस और कंटीली झाड़ियों के जंगल में नफरत की तल्ख भावना उभरती है। जीवन के रास्ते में उगी भावनाओं के दामन को उलझ कर रोकने वाली ये झाड़ियां जिन पुरुषों की बदौलत मिली होती हैं, उनका मार्ग अवरुद्ध क्यों नहीं करतीं? क्यों नहीं उमड़ता ये वेदना का समुद्र? क्यों उमड़ कर आत्महत्या की लहरों में अस्तित्व खो बैठते हैं?

दरअसल, पुरुषों ने स्त्रियों के शोषण के शस्त्र बना रखे हैं। इस अचूक शस्त्र से स्त्रियों को हमेशा भयभीत रखा जाता है। इसी तरह की यातनाओं के क्रम में औरतों का खून ग्लेशियरों-सा हो गया है। अब पिघलाना पड़ेगा इन ग्लेशियरों को, अन्यथा स्त्रियों को पेड़ों के तने से लटका दिया जाएगा या कहीं दफ्न कर दिया जाएगा। जरूरत इस बात की है कि स्त्रियां अपने जेहन से देवदासियों वाला युग भी धूमिल न होने दें। गौर से देखें तो पता चलता है कि अब राह चलती औरतों की चौकन्नी आंखों में भय तैरता रहता है। हर समय असुरक्षित होने का एहसास, अस्पष्ट बुदबुदाते वाक्यों को अनसुना करके और भद्दे, गंदी जेहनियत वाले पुरुष को अनदेखा कर उनका तेज गति से कदम बढ़ाना। यही सब चल रहा है। यह किसी के जीवन का दैनिक संघर्ष भी हो सकता है। क्या गुजरती होगी उन महिलाओं पर, यह सोच कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। बलात्कार का शिकार होकर पहले कोई महिला दिमागी रूप से भयभीत होती है, फिर पुरुष आक्रांता से खौफ खाने लगती है। अब स्त्रियों यह समझना होगा कि जीना है तो लड़ना सीखो... बटोर लो अपनी आत्मशक्ति को! उसे संगठित कर खुद को महफूज करने के रास्ते तुम्हें खुद ही खोजने होंगे। अब दागदार मनसूबे वाले लोगों को रोकना होगा। आंखों में आंखें डाल कर, चुप्पी तोड़ कर अब मुंहतोड़ जवाब देने होंगे।

चौपाल

जलवायु की फिक्र

जी-२० शिखर सम्मेलन में जलवायु संकट पर दो दिन तक चर्चा चली। अमेरिका अपने रुख पर कायम है और उसने पेरिस जलवायु समझौते से खुद को दूर रखा है। लेकिन बाकी उन्नीस सदस्य देशों ने बिना किसी बदलाव के इस समझौते के पूर्ण क्रियान्वयन पर सहमति जताई है। पेरिस जलवायु समझौते में ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर दुनिया के देशों को गंभीरता से काम करना जरूरी है क्योंकि पर्यावरण समस्या की कोई राजनीतिक सीमाएं नहीं होती हैं। चीन सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करता है तो इसका नुकसान उसके पड़ोसी देशों को भी भुगतना पड़ता है लिहाजा, दुनिया के प्रत्येक देश को पेरिस समझौते का पालन करना चाहिए ताकि इस सृष्टि को बचाया जा सके। जब सभी देश हाथ बढ़ाएंगे तभी धरती की हालत सुधरेगी। अगर सबने पर्यावरण की रक्षा नहीं की तो यह धरती पर विनाश को न्योतना होगा।

जलवायु परिवर्तन जनित समस्याओं से अमेरिका अच्छी तरह वाकिफ है फिर भी इस समझौते के प्रति उसका उदासीन होना अफसोसनाक है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुरू से ही इस समझौते के कटु आलोचक रहे हैं और 2017 में उन्होंने इसे मानने से इंकार कर दिया था। चीन के बाद अमेरिका ऐसा दूसरा देश है जो सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करता है। उसके कई राज्य वायु प्रदूषण के शिकार हैं लेकिन फिर भी उसे अपने फायदे की पड़ी है। अमेरिका के इस रुख से दुनिया के देशों को गलत संदेश जाता है। इस वजह से कई देश इस समझौते की शर्तें मानने से इंकार कर सकते हैं क्योंकि पेरिस में 196 देशों ने इस समझौते पर दस्तखत किए हैं। फिलहाल जी-२० में पेरिस समझौते के मामले में अमेरिका अलग-थलग पड़ गया है। जर्मनी, चीन, जापान समेत अन्य देश इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत पहले से ही पेरिस समझौते का समर्थक रहा है और प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंच पर पर्यावरण के प्रति संवेदना प्रकट करते रहे हैं। भारत को भी पेरिस समझौते के प्रावधानों को प्रतिबद्धता से लागू करना चाहिए क्योंकि हमारा देश भी कई पर्यावरणीय समस्याओं से ग्रस्त हैं। बहरहाल, दुनिया के शक्तिशाली देश जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता दिखा रहे हैं यह सराहनीय है।

● *निशांत महेश त्रिपाठी, कोंढाली, नागपुर*

कुछ लोग कह रहे हैं कि चीन की तर्ज पर जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाई जानी चाहिए। मगर चीन ने अपनी एक संतान नीति 2015 में ही समाप्त कर दी थी क्योंकि उस नीति से देश में युवा आबादी की तुलना में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी थी। भारत न तो चीन बन सकता है, न अपनी विकास दर को 12 से 15 फीसद कर सकता है। बीच भंवर में हम फंस गए हैं।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

नई चुनौतियां

नई केंद्र सरकार को देश के सामने मुंह बाये खड़ी समस्याओं जैसे- बेरोजगारी, गिरता भूजल, वायु-जल व ध्वनि प्रदूषण, पराली जलावन का बढ़ता प्रचलन, महिला सुरक्षा, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, यातायात व पार्किंग समस्या आदि से दिन-रात पंजा लड़ाने की आवश्यकता है। धारा 370 और 35 अ के मामले में धरातल पर काम नजर आए न कि यह महज चुनावी घोषणा बन कर रह जाए। तीन तलाक समेत तमाम मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता दिखाने समय आ चुका है। पाकिस्तान के साथ जलसंधि में भारत के हक का जो पानी व्यर्थ ही पाकिस्तान की तरफ जा रहा है, उसे रोक कर पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गिरते भूजल स्तर और कृषि के लिए उपलब्ध करा देना केंद्र सरकार की बड़ी कामयाबी बनाई जा सकती है।

कश्मीर के आतंकवाद को वैसे ही नेस्तनाबूद किए जाने की आवश्यकता है जिस प्रकार पंजाब के आतंकवाद को किया गया था। शिक्षा के क्षेत्र में पिछली सरकार के कार्यकाल में न के बराबर काम हुआ, अब इसमें कुछ अधिक काम करने की आवश्यकता है। किसानों की आय दुगनी करना और 2022 तक सबको मकान का नारा फलीभूत हो, इसके लिए सरकार को द्रुत गति का विकास इंजन लगाने की भी आवश्यकता पड़ेगी। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के सिद्धांत से जात-पात और सांप्रदायिक सोच को भुला कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना होगा।

अधिक प्रचंड बहुमत न केवल अपेक्षाएं बढ़ाता है बल्कि सरकार के कंधों पर भी अधिक वजन डालता है इसलिए प्रधानमंत्री को अपने प्रत्येक विभाग के कंधों की समय-समय पर जांच करनी होगी। जनता प्रतीक्षा नहीं करेगी बल्कि तुरंत नतीजे देखना चाहेगी, इस बात को ध्यान में रख कर अन्य मंत्रियों को भी प्रधानमंत्री की तरह अठारह घंटे का परिश्रमी होना पड़ेगा तभी नए भारत का निर्माण हो पाएगा।

● *सतप्रकाश सनोठिया, रोहिणी, दिल्ली*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

बीच भंवर में

कहते हैं कि दुनिया की हर समस्या और परेशानी की वजह आबादी का बढ़ रहा बोझ है। चीन की आबादी इस वक्त एक अरब 42 करोड़ है और भारत की एक अरब 37 करोड़। फासला सिर्फ पांच करोड़ का है। एक अनुमान के अनुसार अगले आठ वर्षों में हम आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देंगे। कहते यह भी हैं कि आबादी बढ़ने से देश का जीडीपी बढ़ता है, आय में वृद्धि होती है। मगर भारत में ऐसा कुछ होता दिखाई नहीं दे रहा है। बेरोजगारी के वजह से देश का युवा त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है। अब भी जीडीपी की दर सात फीसद के अंदर है। अगले साल का अनुमान भी इससे अच्छा नहीं दिख रहा है। ऐसे में हमारा देश जनसंख्या विस्फोट को कैसे संभाल पाएगा?

एक साथ चुनाव

मुल्क की माली हालत को देखते हुए हर वर्ष अलग-अलग समय पर होने वाले चुनावों-उपचुनावों का बोझ देश नहीं सह सकता है। एक साथ चुनाव होने से सरकारी खजाने में अरबों रुपए बच सकते हैं, साथ ही समय व श्रम की भी बचत होगी। लिहाजा, सभी दलों को सर्वमान्य हल निकालते हुए 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी रजामंदी की मोहर लगानी चाहिए। विचारधाराएं भले ही सभी दलों की अलग हों, लेकिन उनका मूल मकसद तो देश का कल्याण ही है।

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन, मध्यप्रदेश*

जरा हट के

डेमोक्रेटिक पार्टी में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सैन फ्रांसिस्को प्राइड परेड में हिस्सा लिया।

बोल

लोग हम पर एक अस्थिर सरकार चलाने का आरोप लगा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि मैं और प्रधानमंत्री (रानिल विक्रमसिंघे) अलग-अलग दिशा में जा रहे हैं...इसका कारण 19 ए है।

-मैत्रीपाला सिरिसेना, श्रीलंका के राष्ट्रपति

विवाद

भारत ने वर्षों से अमेरिका के खिलाफ ऊंचा शुल्क लगा रखा है और हाल के दिनों में उसे और बढ़ा दिया है। यह अस्वीकार्य है और शुल्क को निश्चित रूप से वापस लिया जाना चाहिए।

-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति (ट्वीट कर कहा)

सम-सामयिक

खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण : उपभोक्ताओं को सचेत करने के नए मसविदा नियम

जनसत्ता संवाद

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग नियमों में बदलाव की तैयारी की है। नए नियमों के तहत खाद्य कंपनियों को अपनी पैकेट पर सामने की ओर लाल रंग में उच्च वसा, चीनी और नमक की मात्रा का उल्लेख करना होगा। इसका मकसद उपभोक्ताओं को इन खाद्य पदार्थों को लेकर सचेत करना है।

एफएसएसएआइ के मुताबिक, नया मसविदा अधिसूचना के लिए तैयार है और यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमन 2011 की जगह लेगा। प्राधिकरण का कहना है कि नियमों में बदलाव का मकसद नागरिकों को खाद्य उत्पादों की संरचना को लेकर ज्यादा जानकारी उपलब्ध कराना है। एफएसएसएआइ ने 25 जून को जारी बयान में कहा कि पैकिंग के दौरान डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर आरडीए (रिकमंडेड डायटरी अलाउंस) के अंशदान का उल्लेख करना होगा। इसके तहत खाद्य कंपनियों को पैकेट पर पोषण संबंधी जानकारियों का खुलासा करना होगा। इसमें कैलोरी (ऊर्जा), संतृप्त वसा, ट्रांस-फैट, एडेड शुगर और सोडियम की मात्रा का उल्लेख पैकेट पर सामने की ओर करना होगा। इसके अलावा कंपनियों को अनुशंसित आहार भत्ता (आरडीए) के लिए प्रतिशत योगदान का भी उल्लेख करना होगा। ज्यादा नमक वाले खाने, ज्यादा चर्बी वाले खाने और ज्यादा चीनी वाले खाने डिब्बों पर लाल रंग के स्टिकर लगाने होंगे। लाल रंग की कोडिंग पर एफएसएसएआइ ने कहा है कि इसकी मदद से लोग आसानी से जान सकेंगे कि जो वो खाना खरीद रहे हैं, उसमें कौन सी सामग्री का उपयोग हुआ है। डिब्बा बंद खाने के नियम को तीन साल के अंदर ही लागू करने की योजना तैयार की जा रही है।

प्रस्तावित बदलाव

खाद्य कंपनियों को डिब्बाबंद पैकेट पर पोषण संबंधी जानकारियों का खुलासा करना होगा। इसमें कैलोरी, संतृप्त वसा, ट्रांस-फैट, एडेड शुगर और सोडियम की मात्रा का उल्लेख पैकेट पर करना होगा। कंपनियों को अनुशंसित आहार भत्ता (आरडीए) के लिए प्रतिशत योगदान का भी उल्लेख करना होगा। इसे तीन साल के भीतर चरणबद्ध तरीके से कंपनियों को लागू करना होगा।

मसविदा नियमों की अधिसूचना जारी होने के 30 दिन के भीतर सभी हितधारकों को अपनी आपत्तियां और सुझाव जमा कराने होंगे। अंतिम फैसला किए जाने से पहले उद्योग संगठनों की चिंताओं पर भी चर्चा की जाएगी। नियामक ने कहा कि जारी होने के बाद नियमों को सभी कंपनियां चरणबद्ध तरीके से एक साल के भीतर अनिवार्य रूप से लागू करेंगी।

बड़ा बदलाव उत्पादन और इस्तेमाल की तिथियों को लेकर किया जाएगा। प्राधिकरण ने अपने बयान में कहा है कि अभी कंपनियां उत्पाद के निर्माण और एक्सपायरी तिथियां अलग-अलग जगह लिखती हैं। नए नियमों के तहत कंपनियों को पैकेट पर निर्माण और एक्सपायरी डेट एक ही जगह अंकित करना जरूरी होगा। अभी पैकेट पर पीछे की तरफ पोषण संबंधी जानकारियां होती हैं, जिसे बदलना होगा। पैकेजिंग को लेकर बदलाव प्रस्ताव पर अखिल भारतीय खाद्य प्रसंस्करण संगठन ने सरकार को पत्र लिखा है कि नियामक का प्रस्तावित नियम न तो वैज्ञानिक है और न ही व्यवहारिक है। प्राधिकरण को उपभोक्ताओं को अपनी खुराक और जीवनशैली के अनुरूप उपयुक्त खानपान को लेकर जागरूक करना चाहिए।

दो साल पहले की शुरुआत

भारत में मोटापा और डायबिटीज की समस्या बढ़ने के कारण सरकार ने दो साल पहले नियमों में बदलाव की शुरुआत की थी। साथ ही सरकार ने देश भर में कथित जंक फूड पर 'फैट टैक्स' लगाने पर भी विचार शुरू किया। एफएसएसएआई ने कहा कि नए 'लेबलिंग एवं डिस्प्ले' विनियमों के लिए मसविदा तैयार है। नए नियम खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम, 2011 की जगह लेंगे। एफएसएसएआइ ने कहा कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों में कितनी मात्रा में क्या-क्या चीजें मिलाई गई हैं, इसकी जानकारी नागरिकों को देने के लिए ये नियम लाए जा रहे हैं। जिसका मकसद उपभोक्ताओं को सेहतमंद खाद्य पदार्थ का विकल्प देना है।

शोध-अनुसंधान

सिर्फ एक आई ड्रॉप से होगा मोतियाबिंद का इलाज

जनसत्ता संवाद

हमारी आंखें कुदरत का अनोमल तोहफा हैं। इन्हीं की बदौलत हम अपनी दिनचर्या से जुड़े सभी छोटे-बड़े काम जैसे कि पढ़ाई-लिखाई, गाड़ी चलाना या फिर पहाड़ की चढ़ाई हो या दरिया पार जाना, सब बड़ी आसानी से कर लेते हैं। हालांकि सभी के लिए ऐसा करना आसान नहीं होता है। कारण कि कई लोगों को अपनी आंखों से सामान्य रूप से देखने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

दुनियाभर में 285 मिलियन से ज्यादा लोगों की आंखें कमजोर हैं। फ्रेड होलोज फाउंडेशन के मुताबिक, दुनियाभर में लगभग 32.4 मिलियन लोग दृष्टिहीन हैं। इनमें 90 फीसद लोग विकासशील देश से हैं और इनमें आधे से ज्यादा लोगों ने आंखों की रोशनी मोतियाबिंद के कारण गंवा दी है। मोतियाबिंद आंखों में होने वाली एक सामान्य बीमारी है, यह दुनिया भर में अंधेपन का प्रमुख कारण है। मोतियाबिंद का इलाज संभव है। इसका एक मात्र विकल्प लेजर विजिन करेक्शन (लेसिक) सर्जरी है जो काफी महंगी है। ऐसे में इलाज का यह तरीका विकासशील देशों के उन लोगों की पहुंच से बाहर है जिन्हें बुनियादी चिकित्सा देखभाल भी नहीं मिलती।

अमेरिकन एकेडमिक ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी के मुताबिक लगभग 22 मिलियन अमेरिकी जो 40 वर्ष से अधिक आयु के हैं उन्हें मोतियाबिंद होता है। जब तक वे 80 साल की उम्र तक पहुंचते हैं, आधे से अधिक अमेरिकियों को मोतियाबिंद हो चुका होता है, जिनमें से कई को दर्दनाक और महंगी सर्जरी से गुजरना होता या कई को जीवन भर दृष्टि संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वैज्ञानिकों ने मोतियाबिंद के उपचार का एक नया विकल्प खोजा है। अमेरिका में स्थित शोधकर्ताओं ने एक ऐसी दवा बनाई है, जिसे एक आई ड्रॉपर के जरिए सीधे आंखों में पहुंचाया जा सकता है जो मोतियाबिंद को खत्म कर सकता है।

मोतियाबिंद 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में दृष्टि हानि का सबसे आम कारण है और दुनिया में आंख की दृष्टिविहीनता का प्रमुख कारण भी।

हालांकि अभी इस आई ड्रॉप का मनुष्यों पर परीक्षण नहीं किया गया है। अभी इसके क्लीनिकल ट्रायल की तैयारी चल रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके कोई दुष्प्रभाव तो नहीं है। अगर परीक्षण सफल रहता है तो जल्द ही यह आई ड्रॉप बाजार में उपलब्ध होगा, जिसे मोतियाबिंद की सर्जरी की जगह इस्तेमाल किया जा सकेगा।

ऐसे करेगा काम

मोतियाबिंद क्रिस्टलीय प्रोटीन की संरचना के परिणामस्वरूप होता है जो हमारी आंखों में लेंस बनाते हैं। विशेष रूप से, वे तब बनते हैं जब यह संरचना बिगड़ती है, जिसके कारण प्रोटीन आपस में जुड़ जाते हैं जिससे आंखों पर एक दूधिया परत बन जाती है जो दृष्टि को बाधित करती है।

यह उपचार प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले स्टेरॉइड के आधार पर बनाया गया है, जिसे 'लैंस्टोरोल' के रूप में जाना जाता है। इस शोध के लिए वैज्ञानिकों ने दो ऐसे भाई-बहनों को लिया जो मोतियाबिंद से ग्रसित थे। हालांकि उनके माता-पिता को मोतियाबिंद नहीं था। इन भाई-बहनों ने एक उत्परिवर्तन साझा किया था जिसने लैंस्टोरॉल का उत्पादन बंद कर दिया। उनके माता-पिता के पास यह उत्परिवर्तन नहीं था। वैज्ञानिकों के अनुसार माता-पिता 'लैंस्टोरोल' का उत्पादन कर रहे हैं जिसके कारण उन्हें मोतियाबिंद नहीं हुआ। वहीं उनके बच्चों को मोतियाबिंद है क्योंकि वे 'लैंस्टोरोल' का उत्पादन नहीं कर रहे हैं। इससे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि आंख में 'लैंस्टोरोल' क्रिस्टलीय प्रोटीन को आपस में जुड़ने और मोतियाबिंद बनाने से रोक सकता है। वैज्ञानिकों ने इस परिकल्पना का परीक्षण खरगोशों पर किया था और इसके परिणाम बहुत आशाजनक थे। शोध पेपर का सह-लेखन करने वाले रुबेन अबाग्यान को उम्मीद है कि 'लैंस्टोरोल' की बूंदों का मनुष्यों में मोतियाबिंद पर समान प्रभाव पड़ेगा। यदि मनुष्यों पर इस आई ड्रॉप का परीक्षण सफल होता है और यह दवा बाजार में आती है तो दुनिया भर में लाखों लोगों का जीवन बदल सकता है।

विश्व परिक्रमा

यौन उत्पीड़न पर अमेरिकी राष्ट्रपति घिरे

रविवार, 23 जून : न्यूयार्क की लेखिका और स्तंभकार ई. जीन कैरोल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। लेखिका ने अपनी किताब 'वाट डू वी नीड मेन फॉर?' में ये बातें लिखी हैं। राष्ट्रपति ने आरोपों से इनकार करते हुए इन्हें फर्जी खबर बताया है।

ईरान पर किया साइबर हमला

सोमवार, 24 जून : अमेरिका ने ईरान में अपने निगरानी ड्रोन गिराए जाने के बाद ईरान की मिसाइल नियंत्रण प्रणाली और एक जासूसी नेटवर्क पर साइबर हमले किए। वाशिंगटन पोस्ट ने यह खबर दी है। इस हमले से राकेट और मिसाइल प्रक्षेपण में इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटरों को नुकसान पहुंचा है।

बेहतर संबंधों की दौड़ में पिछड़ रहा है ब्रिटेन

मंगलवार, 25 जून : ब्रिटिश संसद में पहले 'भारत दिवस' के अवसर पर 'बिल्डिंग ब्रिजेज : रीअवेकनिंग यूके-इंडिया टाइज' रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन भारत के साथ बेहतर संबंधों की दौड़ में पिछड़ रहा है। इस रिपोर्ट में भारतीय पर्यटकों, छात्रों और पेशेवरों के लिए बेहतर वीजा और आव्रजन नीति बनाकर संबंधों में सुधार लाने को कहा गया है।

ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी

'झूठ' बोल रहा अमेरिका : रूहानी

बुधवार, 26 जून : ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने कहा कि विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ सहित ईरान के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ नए अमेरिकी प्रतिबंध दिखाते हैं कि वाशिंगटन वार्ता की पेशकश पर 'झूठ' बोल रहा है। रूहानी ने ये बातें टेलीविजन पर सीधे प्रसारित मंत्रियों के साथ बैठक में कही।

ट्रंप के खिलाफ मुकदमे को मंजूरी

गुरुवार, 27 जून : अमेरिका में एक संघीय जज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रपति रहते हुए भी लाभ कमाया है जो संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है।

निर्यात पर भारत का ऊंचा शुल्क अस्वीकार्य

शुक्रवार, 28 जून : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों पर भारत द्वारा लगाए जाने वाला उच्च शुल्क 'अस्वीकार्य' है और उसे वापस लिया जाना चाहिए। जापान के ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक से पहले उन्होंने यह बात कही।

सऊदी अरब ने हज कोटा बढ़ाया

शनिवार, 29 जून : सऊदी अरब ने भारतीयों के लिए हज कोटे में वृद्धि की है। अब 1,70,000 की जगह दो लाख लोग हर साल तीर्थ स्थल मक्का जा सकेंगे।

जानें-समझें

जी 20 में अर्थव्यवस्था की कूटनीति

दिल में कारोबार, जुबां पर भारत

दीपक रस्तोगी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार एवं राजनीति में चल रही खींचतान और चिंता के बीच आयोजित हुई विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के प्रमुखों की बैठक पर दुनिया की निगाहें टिकी हुई थीं। जापान के ओसाका में जी 20 सम्मेलन में दो त्रिपक्षीय बैठकों में भारत शामिल हुआ। जापान-अमेरिका- भारत एवं रूस-चीन-भारत, इन दो तितरफा बैठकों का संदेश स्पष्ट रहा- भारत अपनी बड़े उपभोक्ता बाजार के कारण हर आर्थिक और सामरिक ध्रुवों के बीच स्वीकृति पा रहा है। जी 20 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तितरफा बैठकों के अलावा दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की।

महाशक्तियों के बीच संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और साथ गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जो बैठके कीं, उनसे स्पष्ट रहा कि भारत अपनी संतुलन वाली कूटनीति में कामयाब रहा है। प्रधानमंत्री ने एक ओर चीन और रूस के राष्ट्रपतियों के साथ वार्ता की तो दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति एवं जापानी प्रधानमंत्री के अलावा ब्रिक्स देशों के राष्ट्राध्यक्षों एवं सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, कनाडा, इंडोनेशिया और जर्मनी के नेताओं के साथ भी। इन बैठकों के एजंडे मिलते जुलते रहे- वैश्विक कारोबार के लिए माहौल तैयार करना, वैश्विक संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए जरूरी बदलाव, ढांचागत विकास और क्षेत्रीय शांति एवं संतुलन। ये सारे मुद्दे ऐसे हैं, जिनमें भारत अब दुनिया के लिए जरूरी बन रहा है। चाहे वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र का मुद्दा हो या फिर अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक ढांचे में बदलाव की कवायद, जिसके तहत बहुध्रुवीय विश्व की अवधारणा जोर पकड़ रही है और इस अवधारणा को लेकर रूस ने भारत का साथ दिया।

संरक्षणवाद को लेकर बना दबाव

सम्मेलन में आने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, जापान, जर्मनी और भारत के संबंध में जो तीखी बातें कही थीं, उससे आशंका थी कि ओसाका शिखर सम्मेलन में अमेरिका और चीन के व्यापार युद्ध अधिक सघन हो सकते है, राष्ट्रपति ट्रंप मेजबान जापान को नाराज कर सकते हैं और शुल्कों को लेकर भारत पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। ट्रंप ने भारत, जापान, यूरोपीय देशों आदि जैसे सहयोगियों की न केवल तारीफ की, बल्कि वे चीन और रूस जैसे परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों से भी संबंध सामान्य करने के लिए उत्साहित दिखे।

भारत के हित

जी 20 में भारत ने आर्थिक भगोड़ों की नकेल कसने के लिए मजबूत वैश्विक साझा कार्रवाई की जरूरत बताई। सम्मेलन में कारोबार से लेकर आतंकवाद तक के मुद्दों पर भारत ने कई अहम कूटनीतिक सफलताएं अर्जित कीं। इंडोनेशिया और भारत ने अगले 2025 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। प्रधानमंत्री मोदी और इंडोनेशियाई राष्ट्राध्यक्ष जोको विडोडो ने तय किया कि अर्थव्यवस्था, रक्षा और समुद्री सुरक्षा को लेकर भी आपसी सहयोग बढ़ाया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात में आतंकवाद का मुद्दा उठाया। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से मुलाकात में मोदी ने उनसे आपदा के बाद पुनर्वास के लिए देशों का गठबंधन बनाने के प्रस्ताव पर समर्थन मांगा। मोदी से मुलाकात के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भारत का हज कोटा एक लाख 70 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने का वादा किया। बीते कुछ महीनों में सऊदी ने भारत को किफायती दरों पर तेल बेचा है। यह जारी रहेगा। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल से मोदी की बातचीत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ई-मोबिलिटी, साइबर सुरक्षा, रेलवे आधुनिकरण और कौशल विकास पर साझेदारी तय हुई। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन ने आर्थिक संबंध, वीजा नीतियों को आसान बनाने और व्यापार बढ़ाने पर वार्ता की।

डिजिटल डेटा घोषणापत्र

भारत-जापान संबंधों की मजबूती और दोनों प्रधानमंत्रियों की नजदीकी के बावजूद भारत ने डिजिटल डेटा के निर्बाध प्रसार के घोषणापत्र पर सहमति नहीं दी, जो प्रधानमंत्री शिंजो आबे का प्रयास था। इसमें अमेरिका और अन्य विकसित देशों की सहमति भी थी। भारत का कहना है कि इस तरह के मसलों के बारे में फैसले विश्व व्यापार संगठन में लिए जाने चाहिए। सूचना तकनीक के अगले चरण 5जी पर भी भारत का ऐसा ही रुख है।

जी 20 का एजंडा

जी 20 का गठन 1999 में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता के उद्देश्य से विकसित एवं विकासशील देशों के एक मंच के रूप में किया गया था। 1997 के गंभीर एशियाई संकट के दौरान इसका गठन हुआ। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद वैश्विक समुदाय ने अपने एजंडे का विस्तार करने और इसे सरकार और राज्यों के प्रमुखों का एक शिखर सम्मेलन बनाने का फैसला किया। इसमें 19 देशों के साथ यूरोपीय संघ भी शामिल है।

क्या है जानकारों की राय

जापान के ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन में मौजूद नेता। (फाइल फोटो)

यह सकारात्मक है कि विभिन्न देशों ने अपने तनाव कम किए। लेकिन देखना होगा कि अगले कुछ महीनों में कोई नया विवाद न खड़ा हो जाए। जो बातें हुई हैं, उनसे वैश्विक कारोबार और निवेशकों का भरोसा दोबारा से बनेगा।

- मानव मजूमदार, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल, फिक्की

जी 20 का एजंडा अब आपदा प्रबंधन से आगे बढ़ गया है। अब वैश्विक स्तर पर सूक्ष्मतर आर्थिक सहयोग की बातें हो रही हैं, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था में नए तरह का संतुलन बन रहा है।

- बिश्वजीत धर, प्रोफेसर, जेएनयू

शीत युद्ध के खात्मे के बाद वैश्विक आर्थिक शासन व्यवस्था को पुनर्भाषित करना होगा। भारत जैसे विकासशील देशों की श्रेणी में डाले गए देश लगातार मजबूत हो रहे हैं और कथित महाशक्तियों को यह समझना होगा।

- पिनाक रंजन चक्रवर्ती, पूर्व आइएफएस, विदेश मंत्रालय में पूर्व सचिव (आर्थिक मामले)

व्यक्तित्व

महुआ मोइत्रा : संसद में पहले जोरदार भाषण से ही चर्चा में

जनसत्ता संवाद

बैंकर रह चुकी हैं और कुछ साल पहले उन्होंने राजनीति में कदम रखा। सांसद बनने के पहले वे पश्चिम बंगाल में तृणमूल की विधायक रह चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस की नवनिर्वाचित सांसद महुआ मोइत्रा संसद में दिए अपने भाषण के कारण सुर्खियों में हैं। उनके 10 मिनट के भाषण को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। पहली बार लोकसभा में भाषण देने वालों में महुआ मोइत्रा ने जिस प्रभावशाली तरीके से भाषण दिया. उसकी सोशल मीडिया पर जोरदार चर्चा हो रही है। महुआ ने संसद में दिए गए अपने भाषण में सात बिंदु उठाते हुए केंद्र सरकार को घेरा। वे बैंकर रह चुकी हैं और कुछ साल पहले उन्होंने राजनीति में कदम रखा। महुआ कहती हैं कि हम तो विपक्ष में हैं, जनता की आवाज हम उठाएंगे ही। लोकसभा में महुआ ने हिंदी के कवि रामधारी सिंह दिनकर, उर्दू के शायर राहत इंदौरी और आजादी की लड़ाई लड़ने वाले सेनानी मौलाना आजाद का जिक्र करते हुए जो भाषण दिया उसकी खूब चर्चा हो रही है। दिनकर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मतभेद इस देश का राष्ट्रीय चरित्र है। इसे खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने सात बिंदुओं के जरिए देश के मुद्दे उठाए। मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर लोकसभा सीट से चुनकर संसद में पहुंची हैं। वे याद करती हैं 'जब मैं बच्ची थी लोग मुझसे पूछते थे कि तुम बड़ी होकर क्या बनना चाहती हो, तो मेरा जवाब होता था मैं इंदिरा गांधी जैसा बनना चाहती हूं।' सदन में अपने पहले ही भाषण के बाद खबरों में छा जाने वाली महुआ इससे पहले बतौर विधायक भी काफी मजबूत और अपनी बात खुलकर रखने वाली रही हैं।

महुआ का जन्म कोलकाता के एक बंगाली परिवार में 5 मई 1975 को हुआ। 17 साल की उम्र में वे अमेरिका चली गईं और वहां अर्थशास्त्र और गणित में स्नातक किया।

वे बैंकर रह चुकी हैं। वे दुनिया के छठे सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन की वाइस प्रेसिडेंट रहीं। 2009 में कांग्रेस के तत्कालीन उपाध्यक्ष राहुल गांधी के प्रस्ताव पर वे नौकरी छोड़ कर भारत आ गईं और राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। उन्हें बंगाल में युवा कांग्रेस का काम दिया गया, लेकिन वहां गतिविधियां सीमित देख ममता बनर्जी के प्रस्ताव को स्वीकार कर वे तृणमूल में शामिल हो गईं। अभी वह तृणमूल कांग्रेस की महासचिव एवं प्रवक्ता भी हैं। महुआ के परिवार वालों ने उनके राजनीतिक करिअर को लेकर विरोध जताया। महुआ के मुताबिक, सिर्फ पति ने मेरा समर्थन किया। उन्होंने मुझसे कहा कि यह वही काम है जो हमेशा से तुम करना चाहती थीं। औरतें पांच साल का वर्क ब्रेक लेती हैं सो यही समझकर आगे बढ़ो।

कश्मीर के राजनीतिक, सुरक्षा हालात पर राहुल ने चर्चा की

● कहा, भाजपा की 'नाकामी' के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाएं पार्टी नेता

जम्मू, 1 जुलाई (भाषा)।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को जम्मू कश्मीर में राजनीतिक और सुरक्षा की स्थिति पर राष्ट्रीय राजधानी में नेताओं के साथ चर्चा की और उनसे विभिन्न मोर्चों पर भाजपा की 'विफलता' पर उसके खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार करने को कहा।

कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गांधी ने शीर्ष नेताओं की दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की और जम्मू कश्मीर में समग्र राजनीतिक व सुरक्षा की स्थिति पर चर्चा की। बैठक में गुलाम नबी आजाद, अंबिका सोनी, जम्मू कश्मीर के एआइसीसी प्रभारी सचिव केसी वेणुगोपाल, डॉ शकील अहमद और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीए मीर ने जैसे नेताओं ने शिरकत की।

प्रवक्ता ने बताया कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजे और आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राज्य के ताजा राजनीतिक हालत पर चर्चा की गई। राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है और कभी भी चुनाव हो सकते हैं, लेकिन अगले छह महीने के लिए राष्ट्रपति शासन की मियाद को बढ़ा दिया गया है।

गांधी ने राज्य के पार्टी नेताओं से लोगों के मुद्दों को उठाने व भाजपा की 'विफलता' और 'झूठ' को उजागर करने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्तर पर सक्रिय करने को कहा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व को सभी तीन क्षेत्रों के लोगों के मुद्दों को उठाना चाहिए और विभिन्न मोर्चों पर भाजपा की 'विफलता' के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाना चाहिए।

प्रवक्ता ने बताया गांधी ने नेताओं से यह भी कहा कि लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरनें के लिए केंद्र सरकार व भूतपूर्व गठबंधन सरकार की 'नाकामियों' को उजागर करें। उन्होंने कहा कि बैठक में सुरक्षा और राजनीतिक स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ में सभी तीनों क्षेत्रों में पार्टी के आधार को मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों ने राहुल से मुलाकात की

पेज 1 का बाकी

गहलोत, पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी शामिल हुए।

इस मुलाकात से पहले गहलोत ने कहा था, 'कांग्रेस शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए उनसे मुलाकात करेंगे। पहले भी हमने कहा है कि हम सभी कांग्रेस अध्यक्ष के साथ हैं और 2019 की हार की जिम्मेदारी लेते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारा यह मानना है कि मौजूदा हालात में सिर्फ राहुल जी ही पार्टी का नेतृत्व कर सकते हैं। देश और देशवासियों के कल्याण को लेकर उनकी प्रतिबद्धता सवालों से परे और बेमिसाल है।' उन्होंने कहा, '2019 के चुनाव का नतीजा कांग्रेस के कार्यक्रम, नीति और विचारधारा की हार नहीं थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई मोर्चों पर मोदी सरकार की विफलता के बावजूद भाजपा सरकारी मशीनरी की मदद से उग्रवाद राष्ट्रवाद के पीछे अपनी विफलता को छिपा ले गई।' गहलोत ने कहा, 'कांग्रेस अध्यक्ष ने इस चुनाव को मुद्दा आधारित बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।' गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद 25 मई को हुई पार्टी कार्य समिति की बैठक में राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश की थी।

हालांकि कार्य समिति के सदस्यों ने उनकी पेशकश को खारिज करते हुए उन्हें आमूलचूल बदलाव के लिए अधिकृत किया था। इसके बाद से गांधी लगातार इस्तीफे की पेशकश पर अड़े हुए हैं। हालांकि पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनसे आग्रह किया है कि वह कांग्रेस का नेतृत्व करते रहें।

राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाए : सिन्हा

पेज 1 का बाकी

मिला और उसकी अनदेखी की गई। सिन्हा ने जम्मू कश्मीर के संविधान का जिक्र करते हुए दावा किया कि वहां एक अनुसूचित जाति को उसका हक नहीं मिल रहा और वह भेदभाव की लगातार शिकार हो रही है। उन्होंने रोशनी कानून का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि वहां सरकारी जमीनों की बंदरबांट की गई। सिन्हा ने कहा कि कश्मीर के मामले में कांग्रेस को अपने अतीत की भूमिका पर फिर से विचार करना चाहिए।

समाज में सीए और डॉक्टरों की भूमिका की सराहना की प्रधानमंत्री ने

● पीएम ने ट्वीट किया, 'चार्टर्ड अकाउंटेंट का मेहनती समुदाय हमारे समाज में ईमानदारी की संस्कृति और बेहतर कॉर्पोरेट संचालन को मजबूत कर रहा है।

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

प्रधानमंत्री ने समाज में ईमानदारी की संस्कृति को मजबूत करने में चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) की भूमिका की सोमवार को सराहना की। साथ ही उन्होंने समाज को सेहतमंद बनाने के लिए चिकित्सकों के दिन-रात के प्रयासों के लिए उन्हें भी शुभकामना दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर सीए जगत के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और ट्वीट किया, 'चार्टर्ड अकाउंटेंट का मेहनती समुदाय हमारे समाज में ईमानदारी की संस्कृति और बेहतर कॉर्पोरेट संचालन को मजबूत कर रहा है।' उन्होंने ट्वीट किया कि सीए आर्थिक समृद्धि को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं चिकित्सक दिवस पर मोदी ने सभी मेहनती चिकित्सकों को समाज को सेहतमंद व दुरुस्त बनाने के उनके दिन-रात के प्रयासों के लिए भी शुभकामना दी। उन्होंने कहा, 'लोक कल्याण में उनके महती योगदान को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं डॉ बीसी रॉय को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो खुद भी एक प्रख्यात डॉक्टर थे।' रॉय की जयंती को 'डॉक्टर्स डे' के तौर पर मनाया जाता है।

नवनियुक्त आइएएस अधिकारियों से मिलेंगे प्रधानमंत्री : प्रधानमंत्री 169 नवनियुक्त आइएएस अधिकारियों से मंगलवार को मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इन अधिकारियों ने एक जुलाई से तीन महीने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में सहायक सचिवों के तौर पर कार्यभार संभाला है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री 2017 बैच के 169 आइएएस अधिकारियों से मंगलवार को बातचीत करेंगे। इन अधिकारियों की ये नियुक्तियां केंद्र सरकार की एक अनूठी पहल के तौर पर की गई हैं ताकि केंद्र में नौकरशाहों को उनके राज्य कैडरों में जाने से पहले निखारा जा सके।

जम्मू-कश्मीर में मिनी बस गहरे खड्ड में गिरी, 35 मरे

पेज 1 का बाकी

के जरिए तीन घायलों को निकाला गया।

राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवार वालों को पांच-पांच लाख रुपए देने का एलान किया है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि घायलों को हर संभव चिकित्सीय मदद मुहैया कराई जाए। राज्यपाल ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मलिक ने कहा कि ऐसी घटनाओं के कारण का पता लगा कर अगली राज्य प्रशासनिक परिषद (एसएसी) में कड़े फैसले लिए जाएंगे। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार कुछ महीने पहले राज्यपाल ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे खराब वाहनों और अप्रशिक्षित चालकों को सड़कों से दूर रखें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। मोदी ने ट्वीट किया, 'किश्तवाड़ की घटना दिल दहलाने वाली है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति हम शोक जताते हैं और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताते हैं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'किश्तवाड़ में बस दुर्घटना में मारे गए लोगों की खबर सुन कर दुखी हूं। मृतकों के परिवार वालों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

कर्नाटक में कांग्रेस के दो विधायकों ने दिया इस्तीफा

पेज 1 का बाकी

पर गए मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि वह घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर हमला किया और उस पर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वैसे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुंडू राव ने कहा कि सरकार को कोई खतरा नहीं है और वह अपना कार्यकाल पूरा करेगी। दो विधायकों ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब महज दो हफ्ते पहले कुमारस्वामी ने अपनी सरकार को स्थायित्व देने के लिए दो निर्दलीय विधायकों को मंत्री बनाकर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। उनकी सरकार असंतोष से जूझ रही है।

सिंह ने शुरू में कहा कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के सरकारी निवास पर जाकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा लेकिन कुमार ने इस बात से इनकार किया। उसके बाद सिंह ने उसकी एक प्रति राज्यपाल वजू भाई आर वाला को सौंपी। राजभवन से निकलते हुए उन्होंने कहा, 'यह सच है कि मैंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है।' विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय ने बाद में सिंह का त्यागपत्र मिलने की पुष्टि की और कहा कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, रमेश जरकिहोली का भी त्यागपत्र सामने आया और बाद में विधायक ने इस बात की पुष्टि की कि उन्होंने ही विधानसभा अध्यक्ष को यह पत्र भेजा था। इसमें लिखा है कि वह स्वेच्छा से इस्तीफा दे रहे हैं। जरकिहोली ने एक खबरिया टीवी चैनल से कहा, 'मैंने आज सुबह अपना इस्तीफा दिया। मैं आज मुंबई में हूं, मैंने इसे फैक्स के माध्यम से भेजा क्योंकि कल अमावस्या शुरू होगी। मैं कल सुबह इसे (अध्यक्ष को) व्यक्तिगत रूप से सौंपूंगा।' उनके इस पिछले बयान कि कुछ अन्य विधायक भी उनके साथ इस्तीफा दे सकते हैं, के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'अपनी योजना के बारे में बता नहीं सकता। इंतजार कीजिए, सभी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।' इस घटनाक्रम से स्तब्ध कांग्रेस ने स्थिति का आकलन करने और नुकसान को नियंत्रित करने के लिए बैठक की। उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर, वरिष्ठ मंत्री डी शिवकुमार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव ने पार्टी विधायक दल के नेता सिद्धरमैया के निवास पर यह बैठक की।

भगोड़े आर्थिक अपराधियों को लौटाने की प्रक्रिया तेज हो : नायडू

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

उपराष्ट्रपति एम वैंकया नायडू ने सोमवार को आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए देशों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर देते हुए कहा कि आर्थिक अपराधियों को संबंधित देशों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के प्रयास होने चाहिए।

उप राष्ट्रपति की तरफ से यह बात ऐसे समय कही गई है जब भारतीय जांच एजेंसियां देश से भागे कई आर्थिक अपराधियों को स्वदेश लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष संस्था आइसीएआइ के 70वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए नायडू ने इस पेशे में नैतिकता के उच्च मानकों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट को बार बार होने वाली धोखाधड़ी से बचने में मदद करनी चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि कैसे कोई देश लोगों को अपने यहां कालाधन रखने की अनुमति देते हैं।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में सचिव इंजेती श्रीनिवास ने इस अवसर पर कहा कि लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता सहित विभिन्न कड़े सवालों पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने भी ठोस नैतिक मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सीआइसी ने गृह मंत्रालय से कहा, देश में अवैध बांग्लादेशियों से जुड़े आरटीआइ का जवाब दें

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) ने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह तीन साल पुराने उस आरटीआइ आवेदन पर जवाब दें जिसमें भारत में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों की संख्या और उन्हें वापस भेजने में विफल रही एजंसियों पर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी गई है। एक आरटीआइ आवेदक ने गृह मंत्रालय से तीन बिंदुओं पर सवाल पूछे थे -भारत में रह रहे अवैध बांग्लादेशी, उन्हें वापस भेजने के जिम्मेदार अधिकारी और अपना काम करने में विफल रहे अधिकारियों पर की गई कार्रवाई।

मामला इंटेलीजेंस ब्यूरो (आइबी) को भेजा गया था जिसने आरटीआइ कानून से छूट का हवाला देते हुए सूचना देने से इनकार कर दिया।

भागवत सहित संघ के कई शीर्ष पदाधिकारी अब ट्विटर पर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

सरसंघचालक मोहन भागवत समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर अपने खाते बनाए हैं। संघ में सूत्रों ने बताया कि पदाधिकारियों के ट्विटर का प्रयोग करने की संभावना नहीं है क्योंकि माइक्रो ब्लॉगिंग साइट वह मंच नहीं है जिसके माध्यम से संघ लोगों से साथ संपर्क करना पसंद करेगा। भागवत, संघ के सरकार्यवाह सुरेश 'भैयाजी' जोशी, संघ के तीन सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी, कृष्ण गोपाल एवं वी भगैया, संघ के प्रचार प्रमुख अरुण कुमार और एक अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी अनिरुद्ध देशपांडे ने ट्विटर अकाउंट खोले हैं। संघ के एक अन्य सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले पिछले कुछ समय से ट्विटर पर हैं लेकिन उनका अकाउंट भी हाल में सत्यापित हुआ है।

संघ के सूत्रों ने कहा कि संघ पदाधिकारियों के पैरोडी अकाउंट के माध्यम से फैलाई जा रही झूठी खबरों को रोकने के लिए ये अकाउंट बनाए गए हैं, लेकिन उनकी ओर से इनका इस्तेमाल किए जाने की संभावना नहीं है। हाल में अपना ट्विटर अकाउंट बनाने वाले एक पदाधिकारी ने कहा कि संघ लोगों से ट्विटर के माध्यम से बात नहीं करना चाहेगा। हमारे प्रचारक हमेशा लोगों के संपर्क में रहते हैं। होसबोले को छोड़ कर अभी किसी ने ट्वीट नहीं किया है। वे एक दूसरे को और संघ के आधिकारिक अकाउंट को फॉलो कर रहे हैं। अभी तक आरएसएस के आधिकारिक अकाउंट से ही संगठन की विज्ञप्तियां और उस संबंधी जानकारी साझा की जाती थी। संघ के आधिकारिक अकाउंट के 13 लाख फॉलोवर्स हैं।

विपक्ष ने उठाए सवाल

पेज 1 का बाकी

रखिए। जम्मू कश्मीर को मत बांटिए। देश की एकता को बनाए रखिए।' अन्नाद्रमुक के एसआर बालसुब्रमण्यन ने सवाल किया कि राज्य में दोनों चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराए गए। उन्होंने हालांकि कहा कि चुनाव कराए जाने तक राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू रहना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि सरकार एक देश एक चुनाव की बात करती है। जम्मू कश्मीर में भी ऐसा होना चाहिए था। राजद के मनोज झा ने कहा कि आजकल देश में यह प्रवृत्ति चल निकली है कि हर समस्या के लिए प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें इस प्रवृत्ति को रोककर समस्याओं पर ढंग से विचार करना होगा और दलगत भावना से ऊपर उठकर समाधान तलाशने होंगे।

बीजद के प्रसन्न आचार्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया और सुझाव दिया कि राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य के विकास के कार्य जारी रहने चाहिए। जद (एकी) के आरसीपी सिंह ने कहा कि वे भी उत्तर प्रदेश में चार जिलों में कलेक्टर रहे थे और इस बात को जानते हैं कि राष्ट्रपति शासन के दौरान किसी राज्य में विकास कार्य करवाए जा सकते हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन के दौरान विकास कार्यों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों की सराहना की।

इस तरह तो जानवरों को भी नहीं पीटते हैं : तेलंगाना वन सेवा अधिकारी

पेज 1 का बाकी

विधायक के कोनप्पा के भाई कृष्ण की अगुआई वाली भीड़ ने मिन्नते करने के बाद भी उन्हें और अन्य वनकर्मियों को नहीं बख्शा।

अनिता ने अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने सरकार से अपनी सुरक्षा और ऐसी घटनाएं रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई का पुनः आश्वासन मांगा है। उन्होंने कहा, 'कृष्ण (स्थल पर) आया और पुलिस को धक्का दिया और (हमें) पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने पहले मुझे निशाना बनाया। मुझे पीटने के बाद ग्रामीणों ने हमारे अधिकारियों को पीटना शुरू कर दिया। मैं जख्मी हो गई और हमारे लोग मुझे लेकर गए।' अनिता ने कहा 'महिलाओं की परवाह किए बिना उन्होंने हमें पीटा और हम मिन्नतें करते रहे। जानवरों को भी इस तरह से नहीं पीटा जाता है।' के. कृष्ण सीरपुर के टीआरएस विधायक के कोनप्पा का छोटा भाई है।

वह कागज नगर जिला परिषद क्षेत्रीय निर्वाचन (ज़ेडपीटीसी) क्षेत्र का सदस्य निर्वाचित हुआ था। उसे जेडपीटीसी का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अनिता अपने स्टाफ और पुलिस के साथ वहां पौधारोपण के लिए गई थीं। यह जमीन कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए क्षतिपूरक वनीकरण योजना के तहत आती है।

वीडियो में दिख रहा है कि अनिता बचने के लिए एक ट्रैक्टर पर चढ़ गई हैं और कृष्ण व अन्य ग्रामीण वाहन पर हमला कर रहे हैं। देखा जा सकता है कि वह उनसे हमला नहीं करने की मिन्नत कर रही हैं।

अनिता ने कहा, 'वे अस्पताल से जाने के बाद भी कुछ (नुकसान पहुंचाने) कोशिश करेंगे। ऐसी चीजों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'ऐसी कई घटनाएं होती हैं, राजनीतिक नेताओं के पास बहुत समर्थन होता है। वे (हमलावर) दिन में (जेल से) बाहर आ जाते हैं। अगर मेरे साथ कुछ होता है तो कौन जिम्मेदारी लेगा।' अनिता के पति माणिक राव ने कहा कि वह मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव से मिलने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन्हें हमले के बारे में बता सकें।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले पर चिंता प्रकट करते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक को इस बारे में एक रिपोर्ट भेजने का अनुरोध किया है।

आयोग प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि वह अधिकारियों और महिलाओं, विशेषकर कर्तव्य निर्वहन कर रहे लोगों को घृणित अपराध का निशाना बनाने को लेकर गहरे रूप से चिंतित है। शर्मा ने तेलंगाना के डीजीपी एम महेंद्र रेड्डी को सोमवार को लिखे पत्र में अनुरोध किया कि मामले की त्वरित जांच की जाए और आयोग को इस संबंध में उठाये गए कदमों की जानकारी शीघ्र मुहैया कराई जाए।

आयोग ने उन मीडिया रिपोर्ट पर भी संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि बिहार में एक पार्षद के बलात्कार करने की कोशिश का विरोध करने वाली दो महिलाओं को पीटा गया।

निगम प्रशासन और मेरा बेटा कच्चे खिलाड़ी हैं : कैलाश विजयवर्गीय

इंदौर, 1 जुलाई (भाषा)।

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अपने विधायक बेटे द्वारा इंदौर नगर निगम के एक अधिकारी को क्रिकेट के बल्ले से सरेआम पीटे जाने के मामले को सोमवार को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन और उनका बेटा, दोनों कच्चे खिलाड़ी साबित हुए क्योंकि शहरी निकाय के अमले द्वारा बुधवार को एक जर्जर मकान को ढहाने की कोशिश के दौरान भाजपा के निर्वाचित जन प्रतिनिधि के साथ हुए विवाद को टाला जा सकता था।

विजयवर्गीय को उनके गृह क्षेत्र परदेशीपुरा के एक शिव मंदिर में अपने विधायक बेटे आकाश (34) और अन्य समर्थकों के साथ भजन गाते देखा गया। भजन-कीर्तन संपन्न होने के बाद भाजपा महासचिव ने संवाददाताओं से कहा, 'इंदौर में हाल ही जो भी घटनाक्रम (जर्जर मकान को ढहाने की कोशिश के दौरान हुआ विवाद) हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण था। इस विवाद को टाला जा सकता था। हालांकि, आकाश न किसी बिल्डर के लिए नहीं, बल्कि उस गरीब परिवार के लिए आवाज बुलंद की थी जिसका आशियाना उजाड़ा जा रहा था। लेकिन मुझे लगता है कि मेरा विधायक बेटा और निगम प्रशासन, दोनों कच्चे खिलाड़ी हैं। अब मैं इस बात को ज्यादा बढ़ाना नहीं चाहता। भविष्य में ऐसे विवादों की पुनरावृत्ति न हो, इसकी चिंता सबको करनी चाहिए।'

विजयवर्गीय ने निगम के अफसरों पर निशाना साधते हुए कहा, 'बुधवार के विवाद से पहले निगम के अफसरों ने आकाश के फोन नहीं उठाए थे। अफसरों को अहंकार नहीं करना चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि शहरी निकाय की परंपरा को कायम रखते हुए मॉनसून के दौरान जर्जर मकानों को नहीं तोड़ा जाना चाहिए। भाजपा महासचिव ने कहा, 'मुख्यमंत्री (कमलनाथ) और नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री (जयवर्धन सिह) अभी इन पदों पर नए हैं। उन्हें शायद इस बात की जानकारी नहीं होगी कि मॉनसून में आवासीय मकानों को तोड़ा नहीं जाता।'

भाजपा महासचिव ने तंज कसते हुए कहा, 'अगर राज्य सरकार ने अब तक ऐसा सकुर्लर जारी नहीं किया है कि बारिश में आवासीय मकानों को तोड़ा नहीं जाएगा, तो कमलनाथ को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से पूछ कर इस आशय का आदेश जारी करना चाहिए।'

राम रहीम ने पैरोल की अर्जी वापस ली

पेज 1 का बाकी

एक पत्रकार की हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद हरियाणा के रोहतक जिले में सुनारिया जेल में बंद है। उसने सिरसा जिले में अपने खेतों की देखरेख के लिए 42 दिन की पैरोल मांगी थी। राम रहीम की पैरोल अर्जी आने के बाद जेल अधीक्षक ने सिरसा जिला प्रशासन को पत्र लिखा था। अधिकारी ने 18 जून की तिथि वाले एक पत्र में इस बारे में एक रिपोर्ट मांगी थी कि राम रहीम को पैरोल पर रिहा करना व्यावहारिक होगा या नहीं। जेल अधीक्षक ने पत्र में जिक्र किया था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख का जेल में व्यवहार अच्छा था और उसने नियम का कोई उल्लंघन नहीं किया। सिरसा जिला प्रशासन से रोहतक मंडल आयुक्त को एक रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया था।

एनआरसी की गणना पूरी करने के लिए समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की गणना प्रक्रिया को पूरा करने के लिए केंद्र ने एक महीने का समय बढ़ाते हुए इसे पूरा करने की मियाद 31 जुलाई तक कर दी है जब राज्य के निवासियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। भारत के महा पंजीयक ने एक अधिसूचना में कहा कि यह फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि एनआरसी में नागरिकों की गणना 30 जून की तय समयसीमा तक पूरी नहीं की जा सकी।

भारत के महापंजीयक विवेक जोशी द्वारा अधिसूचना में कहा गया, 'और जैसा कि असम में कथित गणना तय समय में पूरी नहीं की जा सकी...केंद्र सरकार का विचार है कि लोकहित में यह आवश्यक और वांछनीय है कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी, 1951 की गणना का अद्यतन 31 जुलाई 2019 तक पूरा कर लिया जाए।' सरकार ने छह दिसंबर 2013 को समूची एनआरसी प्रक्रिया को तीन साल में पूरा करने के लिए पहली अधिसूचना जारी की थी। हालांकि, उसके बाद से सरकार द्वारा नियमित अंतराल पर छह बार समयावधि बढ़ाई गई क्योंकि यह कवायद अभी पूरी नहीं हुई है।

पिछले साल 30 जुलाई को मसौदा एनआरसी जब प्रकाशित हुई थी तब इसमें 40.7 लाख लोगों का नाम नहीं होने की वजह से काफी विवाद खड़ा हुआ था। मसौदा एनआरसी में कुल 3.29 करोड़ आवेदनों में से 2.9 करोड़ लोगों के नाम शामिल थे। एनआरसी की अंतिम सूची इस साल 31 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।

सरकारी आदेश से नहीं बदल जाएगी श्रेणी

पेज 1 का बाकी

धज्जियां उड़ाने वाला यह कदम उठाया है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उनकी उत्तर प्रदेश सरकार से अपील है कि वह इन 17 जातियों के लोगों को धोखा न दे और इस असंवैधानिक आदेश को तुरंत वापस ले। साथ ही वे केंद्र सरकार से अपील करती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत संवैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए इन 17 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में डाला जाए। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 24 जून को जारी एक शासनादेश में निर्देश दिया था कि 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के मसले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा 29 मार्च, 2017 को जारी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जरूरी दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार जाति प्रमाणपत्र जारी किए जाएं।

आतंकियों-अलगाववादियों से कड़ाई से निपटेंगे : शाह

पेज 1 का बाकी

जवाब में राज्यसभा में यह बात कही। गृह मंत्री के जवाब के बाद सदन ने इस संकल्प और विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। उच्च सदन ने अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया। इससे पहले शाह ने चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें यह बात सर्वमान्य रूप से सामने आई है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

यह संदेश जम्मू कश्मीर मुद्दे का हल निकालने और घाटी के लोगों का मनोबल बढ़ाने में मददगार होगा। आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि कठुआ, सांबा और जम्मू जिलों के 3.5 लाख लोगों को इसका फायदा होगा।

इस विधेयक के माध्यम से जम्मू कश्मीर आरक्षण कानून 2004 में और संशोधन का प्रस्ताव किया गया है। शाह ने कहा किमोदी सरकार की नीति कश्मीरी परंपरा की रक्षा करने की है। लेकिन कश्मीरी पंडितों, सूफी परंपराओं को कश्मीर से बाहर किसने किया, क्या वे कश्मीरी परंपरा का हिस्सा नहीं थे। हमारा रुख साफ है, जो देश को तोड़ने की बात करेंगे, हम उसे उसी की भाषा में जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू कश्मीर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन के दौरान हमने स्कूल खुलवाए, रसोई गैस मुहैया कराई, शौचालयों का निर्माण कराया, बिजली उपलब्ध कराई।

खबर कोना

कैटवॉक

जर्मनी में अंतरराष्ट्रीय फैशन फेस्टिवल में माडल।

पाक की जेलों में बंद 261 भारतीय कैदियों की सूची सौंपी गई

इस्लामाबाद, 1 जुलाई (भाषा)

पाकिस्तान ने देश की जेलों में बंद 261 भारतीय कैदियों की एक सूची यहां स्थित भारतीय उच्चायोग को सोमवार को सौंपी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह कदम 21 मई, 2008 को भारत और पाकिस्तान के बीच राजनयिक पहुंच समझौते के प्रावधानों के तहत उठाया गया है। इसमें कहा गया है, 'पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान में मौजूद 261 भारतीय कैदियों (52 असैन्य नागरिक और 209 मछुआरों) की सूची इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग को सोमवार को सौंपी।' विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार भी पाकिस्तानी कैदियों की सूची नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के साथ साझा करेगी। इस समझौते के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद कैदियों की सूची साल में दो बार एक जनवरी और एक जुलाई को एक-दूसरे के साथ साझा करनी होती है।

ट्रंप व किम की मुलाकात से बेहतर होंगे अंतर-कोरियाई संबंध

सियोल, 1 जुलाई (एपी)

दक्षिण कोरिया को उम्मीद है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के बीच हुई बैठक से उत्पन्न कूटनीतिक गति बनी रहेगी और इससे अंतर-कोरियाई बातचीत व संबंध बेहतर होंगे। दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय के प्रवक्ता ली सांग-मिन ने कहा कि परमाणु वार्ता में ट्रंप और किम की मुलाकात नई जान डालेगी और उत्तर कोरिया के साथ वार्ता व सहयोग के सियोल के प्रयासों को जारी रखने में मदद पहुंचाएगी। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने रविवार को किम और ट्रंप की असैन्यकृत क्षेत्र में हुई मुलाकात को अद्भुत करार दिया था।

डलास में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 10 मरे

डलास (अमेरिका), 1 जुलाई (एपी)

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डलास के स्थानीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह उड़ान भर रहा विमान हैंगर से टकरा गया जिससे उसमें सवार 10 व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसा एडिसन के स्थानीय हवाई अड्डे पर हुआ। टेक्सास के एडिसन शहर की प्रवक्ता मैरी रोजनब्लिथ ने बताया कि दो इंजन वाले विमान में सवार कोई व्यक्ति जीवित नहीं बचा है। संघीय विमानन प्रशासन के अनुसार 'बीचक्राफ्ट बीई-350 किंग एअर' सुबह नौ बजे खाली पड़े हैंगर से जा टकराया। आग लगने से विमान जलकर राख हो गया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष ब्रूस लैंड्सबर्ग ने बताया कि विमान में आठ यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे।

हांगकांग में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी संसद में घुसे

हांगकांग, 1 जुलाई (एएफपी)।

हांगकांग में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सोमवार शाम संसद भवन में घुस गए। प्रदर्शनकारियों ने इमारत में तोड़फोड़ की और इसकी दीवारों को भित्तचित्रों से रंग दिया। इससे हांगकांग में राजनीतिक अव्यवस्था गहरा गई है। पुलिस ने इमारत को खाली कराने के लिए उचित बल का इस्तेमाल करने की चेतावनी दी है। सोमवार को हांगकांग के चीन को सौंपे जाने की 22वीं सालगिराह है।

- प्रदर्शनकारियों ने संसद की इमारत में तोड़फोड़ की और इसकी दीवारों को भित्तचित्रों से रंग दिया।

सरकार चीन को प्रत्यर्पण करने के लिए विधेयक लेकर आई है जिसका बड़े पैमाने पर तीन हफ्तों से विरोध हो रहा है। हालांकि इस विधेयक को अब ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। हजारों लोकतंत्र प्रदर्शनकारियों ने सोमवार दोपहर को एक और शांति मार्च निकाला और मांग की कि शहर की बेजिंग समर्थक नेता इस्तीफा दें। रैली पर नकाबपोश युवाओं के एक समूह ने कब्जा कर लिया और पुलिस के साथ टकराव किया। नकाबपोश युवाओं ने संसद के अंदर घुसने के बाद उन्होंने शहर के नेता की तस्वीर को फाड़ दिया और मुख्य कक्ष में ब्रिटेन के औपनिवेशिक काल का झंडा लहरा दिया व दीवारों को रंग दिया। वहां के हालात देखकर ऐसा लग रहा था मानो पुलिस ने घुटने टेक दिए हैं।

हांगकांग की सड़कों पर सोमवार को प्रदर्शनकारी।

सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे कार्रवाई करने को मजबूर हैं क्योंकि शहर के बेजिंग परस्त नेताओं ने प्रत्यर्पण कानून के खिलाफ मार्चों के बाद जन भावनाओं को नज़रअंदाज किया। 26 साल के प्रदर्शनकारी जोइए ने कहा, 'हमने मार्च निकाले, धरने दिए लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ा।' उन्होंने कहा, 'हम सरकार को दिखाना चाहते हैं कि हम हाथ पर हाथ रखकर बैठे नहीं रहेंगे। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हम जानते हैं कि यह कानून का उल्लंघन है लेकिन हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं था।' हांगकांग में यह अंदेशा है कि शहर के बेजिंग परस्त नेताओं के साथ मिलकर चीन शहर की स्वतंत्रता को कम कर रहा है।

संसद में घुसने के कृत्य पर हांगकांग की पुलिस ने चेतावनी दी है कि वे प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए तैयार हैं और अगर इस काम में बाधा आती है तो उचित बल का इस्तेमाल किया जाएगा। इस बीच सरकार ने बयान जारी कर प्रदर्शनकारियों के संसद भवन में घुसने की आलोचना की और प्रदर्शनकारियों पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। बयान में कहा गया है कि हिंसा करके प्रदर्शनकारी 'लेजिस्लेटिव काउंसिल कॉम्प्लैक्स में घुस गए हैं। हांगकांग को एक जुलाई 1997 को ब्रिटेन ने चीन को वापस कर दिया था और 'एक देश, दो व्यवस्था' के तहत यहां पृथक शासन व्यवस्था है। हांगकांग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैरी लाम ने सोमवार तड़के झंडा रोहण समारोह में हिस्सा लिया।

ईरान ने संवर्धित यूरेनियम जखीरे की सीमा लांघी

तेहरान, 1 जुलाई (एएफपी)।

ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने 2015 के परमाणु समझौते के तहत संवर्धित यूरेनियम भंडार पर तय की गई सीमा को लांघ लिया है। अमेरिका द्वारा अत्याधिक दबाव बनाने के चलते यह समझौता खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है।

ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ ने अर्ध सरकारी संवाद समिति आइएसएनए से कहा, 'ईरान ने मई में घोषित अपनी योजना के आधार पर 300 किलोग्राम की सीमा पार कर ली है।' अमेरिका ने पिछले साल परमाणु सौदे से खुद को अलग कर लिया था और ईरान के महत्त्वपूर्ण तेल निर्यात, वित्तीय लेन-देन व अन्य क्षेत्रों पर सख्त प्रतिबंध फिर से लगा दिए थे। ईरान जिसने समझौते को बचाने के लिए इसके अन्य साझेदारों पर दबाव बढ़ाने की कोशिश के तहत आठ मई को घोषणा की थी कि वह संवर्धित यूरेनियम व हैवी वाटर भंडार पर लगाई गई सीमा को अब नहीं मानेगा। साथ ही धमकी दी थी कि वह और परमाणु प्रतिबद्धताओं को भी नहीं मानेगा जब तक कि समझौते के शेष साझेदार- ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी और रूस इन प्रतिबंधों से उसे छुटकारा नहीं दिलाते, खासकर तेल की बिक्री पर लगे प्रतिबंध से। सोमवार को प्रकाशित टिप्पणियों में जरीफ ने कहा कि ईरान ने अपनी मंशा मई में 'बहुत स्पष्ट' तौर पर जाहिर कर दी थी।

आइएईए ने भी पुष्टि की

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने ईरान के यूरेनियम भंडारण की सीमा 2015 के परमाणु समझौते की सीमा से ज्यादा बढ़ने की पुष्टि की है।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी (आइएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान ने वह सीमा लांघ ली है जो समझौते ने उसके कम संवर्धित यूरेनियम के भंडार पर लगाई थी। यूरोपीय संघ ने सौदे को बचाने के मकसद से की गई बैठक के बाद शुक्रवार को कहा कि प्रतिबंधों से पार पाने में ईरान की मदद के लिए स्थापित विशेष भुगतान प्रक्रिया जिसे 'इनस्टेक्स' के नाम से जाना जाता है, वह अंततः शुरू कर दी गई है और कहा कि पहले अंतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जरीफ ने कहा कि लेकिन यूरोपीय संघ के प्रयास पर्याप्त नहीं थे, इसलिए ईरान अपने घोषित कदमों के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'इनस्टेक महज उनकी प्रतिबद्धताओं की शुरुआत है, जिसे अब तक पूरी तरह लागू नहीं किया गया है।' साल 2015 में हुए सौदे के तहत ईरान ने कभी भी परमाणु बम नहीं रखने, उसके परमाणु कार्यक्रम पर लगाई गई कठोर सीमाओं को मानने व अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को आंशिक रूप से हटाए जाने के बदले में आइएईए को निरीक्षण करने देने की प्रतिबद्धता जताई थी। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के आठ मई, 2018 को समझौते से पीछे हट जाने और बाद में प्रतिबंध लगाने से ईरान को वे फायदे नहीं मिले जिसकी उसे अपेक्षा थी और वह मंदी में डूब गया।

श्रद्धांजलि

टेक्सास के ब्राउनसविली में ऑस्कर एल्ब्रटो मार्टनिज और उसकी बेटी वेलिरिया को श्रद्धांजलि देत लोग। तैरकर अमेरिका में प्रवेश करने के दौरान युवा पिता और उसकी बेटी की डूबने से मौत हो गई थी।

पाक में जमात-उद-दावा, जैश के 12 सदस्यों को सुनाई गई सजा

लाहौर, 1 जुलाई (भाषा)।

पाकिस्तान के पंजाब में आतंकवाद रोधी अदालतों ने प्रतिबंधित संगठनों जमात-उद-दावा और जैश-ए-मोहम्मद के 12 सदस्यों को आतंकवादी गतिविधियों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के मामले में पांच साल तक के कारावास की सजा सुनाई है।

पंजाब पुलिस के आंतकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के अनुसार उसने आतंकवादी गतिविधियों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के आरोप में जमात-उद-दावा व जैश के सदस्यों को कुछ समय पहले गिरफ्तार किया था और उन्हें सुनवाई के लिए पंजाब के विभिन्न जिलों की आतंकवाद रोधी अदालतों में पेश किया था। सीटीडी ने यहां सोमवार को बयान में कहा, 'एटीसी ने जमात-उद-दावा के रावलपिंडी निवासी असगर अली, जुनैद इरशाद व एजाज अहमद और रहीम यार खान के अब्दुल खालिक को दो-दो साल कारावास की सजा सुनाई और उन पर जुर्माना भी लगाया।' बयान में कहा गया है कि जैश-ए-मोहम्मद के आठ स्थानीय सदस्यों को एटीसी ने दोषी पाया है और उन्हें पांच साल कारावास की सजा सुनाई गई है। जैश के दोषी ठहराए गए सदस्यों की पहचान गुजरांवाला के इफ्तिकार अहमद, मोहम्मद अजमल, बिलाल मक्की, अबरार अहमद और इरफान अहमद, रावलपिंडी के हफीजुल्ला, मजहर नवाज और अब्दुल लतीफ के रूप में की गई है। जैश ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को हुए हमले की हाल में जिम्मेदारी ली थी।

काबुल में तालिबान का हमला, एक बच्चे सहित तीन लोग मारे गए

- 50 बच्चों सहित 100 से अधिक लोग घायल
- पांच स्कूल आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हुए

काबुल, 1 जुलाई (एएफपी)।

काबुल में तालिबान के सोमवार को हुए हमले में एक बच्चे सहित तीन लोग मारे गए जबकि 100 से अधिक लोग जख्मी हो गए। इसमें कम से कम 50 बच्चे शामिल हैं। इस घटना में एक कार बम हमले के बाद बंदूकधारी पास की इमारतों में घुस गए और उनकी सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ भी हुई। इस घटना में सभी पांच हमलावर मारे गए।

इस हमले में एक बच्चे के सहित तीन लोग मारे गए हैं और 116 लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इन आंकड़ों में और वृद्धि होने की आशंका है। शिक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि घायलों में 50 बच्चे शामिल हैं। इसमें से अधिकांश बच्चे उड़ते हुए कांच लगने से घायल हुए और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। कुछ सोशल मीडिया पर जारी छायाचित्रों में दिखाया गया है कि ये बच्चे स्कूल की पोशाक में हैं और वे किताबें पकड़े हुए अस्पताल पहुंचे।

> एक कार बम हमले के बाद बंदूकधारी पास की इमारतों में घुस गए और उनकी सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ भी हुई।

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार पांच स्कूल आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'सेव द चिल्ड्रन' संगठन ने इस हमले को पूरी तरह निंदनीय बताया है।

तालिबान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है जबकि यह संगठन कतर में अमेरिका के साथ सातवें दौर की बातचीत कर रहा है और उम्मीद है कि सितंबर में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के चुनाव से पहले कोई हल निकल आएगा।

अमेरिकी दूतावास के पास से धुआं निकलता दिखा

काबुल, 1 जुलाई (एपी)।

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को जबरदस्त विस्फोट हुआ जिसके बाद अमेरिकी दूतावास के निकट के इलाके से धुआं निकलता दिखाई दिया।

विस्फोट सुबह हुआ, जब राजधानी की सड़कों पर काफी भीड़ थी। अधिकारी व पुलिस विस्फोट स्थल पर पहुंच गए हैं लेकिन अभी अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। काबुल के मुख्य पुलिस प्रवक्ता फिरदौस फरामाज ने विस्फोट की पुष्टि की लेकिन इस बारे में अभी यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट किसे निशाना बनाकर किया गया या विस्फोट कैसे किया गया। काबुल में तालिबान और इस्लामिक स्टेट दोनों सक्रिय हैं।

पाक ने विमानों में नसवार ले जाने पर लगाया प्रतिबंध

इस्लामाबाद, 1 जुलाई। पाकिस्तान विमानन प्राधिकरण ने सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विमानों में नशीले पदार्थ नसवार ले जाने पर सोमवार को रोक लगा दी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब मध्य पूर्व के कई देशों ने नसवार पर रोक लगाते हुए इसे नारकोटिक्स की श्रेणी में रखा है। (भाषा)

कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

प्रपत्र सं. आइएनसी-26

केन्द्रीय सरकार के समक्ष क्षेत्रिय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी 2013 के नियम 30 के उपनियम (6) के खंड (अ) (निगमन) नियम, 2014 के मामले में
और
सत स्पेस टेल प्राईवेट लिमिटेड जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : 507, भिकाजी कामा भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066 स्थित है, के मामले में

(याचिकाकर्ता)

सूचना

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 25 जून 2019 को दोपहर 3:30 बजे आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निषेधक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी केन्द्रीय सरकार क्षेत्रिय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : 507, भिकाजी कामा भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066

उनके लिए और उनकी तरफ से
सत स्पेस टेल प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
उषा शर्मा
निदेशक
डीआईएन : 00706433

तिथि : 02 जून, 2019
स्थान : नई दिल्ली

प्रदर्शनकारियों पर पुलिस गोलीबारी में एक की मौत

काठमांडो, 1 जुलाई (एएफपी)।

रेत खनन के लिए बनाए गए गड्ढे में डूबकर 12 साल के लड़के की मौत के बाद राजमार्ग पर जाम लगा प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस की गोलीबारी में एक शख्स की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

दक्षिणी जिले सरलाही में रविवार को नाराज भीड़ ने लड़के की मौत के बाद राजमार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और सरकार से तत्काल नदी किनारे से रेत खनन रोकने की मांग की। अधिकारियों का कहना था कि इससे स्थानीय लोगों के लिए खतरा है। नाराज लोग पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की भी मांग कर रहे थे।

स्थानीय पुलिस प्रमुख गोपाल चंद्र भट्टाराई ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश के दौरान की गई गोलीबारी में 26 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। भट्टाराई ने बताया, 'प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए पथराव में करीब दो दर्जन पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद पुलिस को गोली चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। दुर्भाग्य से गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई।' लड़का नदी में नहाने गया था तभी वह गहरे गड्ढे में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों की मदद से रविवार को उसका शव बरामद किया गया।

कन्सोलिडेटेड फिनवेस्ट ऐंड होल्डिंग्स लिमिटेड

सीआईएन : L33200UP1993PLC015474
पंजी. कार्यालय : 19वां के.एम. हापुड़-बुलंदशहर रोड, पी.ओ. गुलावठी, जिला बुलंदशहर (उ. प्र.) – 203408
प्रधान कार्यालय : प्लॉट नंबर 12, सेक्टर बी-1, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110070
फोन : 011-26139258, 011-40322100,
ई-मेल : cs_cfhl@jindalgroup.com, वेब : www.consofinvest.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित मूल शेयर प्रमाणपत्रों, जो खो गए/गुम हो गए/चोरी हो गए प्रतिवेदित किए गए हैं, का विवरण यहां नीचे दिया गया है तथा कि संबंधित शेयरधारको से अनुरोध के अनुसरण में, कम्पनी मूल प्रमाणपत्रों के स्थान पर अनुलिपि शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का आशय रखती है :

फोलियो नम्बर	विशिष्ट संख्या से	तक	शेयर प्रमाणपत्र क्र.	शेयरधारक का नाम	शेयरों की संख्या
74976	5502638	5502713	7970	वन्दना अग्रवाल	76

कोई भी व्यक्ति, जिसको कम्पनी द्वारा मूल प्रमाणपत्र के स्थान पर अनुलिपि प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में कोई आपत्ति है, अपनी आपत्ति इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय/कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

वास्ते कंसोलिडेटेड फिनवेस्ट ऐंड होल्डिंग्स लि.
हस्ता./-
अनिल कौशल
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 01.07.2019

नोबेल पुरस्कार विजेताओं के सम्मेलन में 44 युवा भारतीय वैज्ञानिकों ने भाग लिया

लिंडाऊ (जर्मनी), 1 जुलाई (भाषा)।

अनुसंधान व नवाचार को लेकर नए दृष्टिकोणों के साथ दुनिया भर के 39 नोबेल पुरस्कार विजेताओं के साथ व्यापक विचार-विमर्श के लिए 44 युवा भारतीय वैज्ञानिक यहां लेक कॉन्स्टेंस के तट पर जमा हुए और इसके बारे में अपनी दृष्टि साझा की। ये युवा वैज्ञानिक 69वें लिंडाऊ नोबेल पुरस्कार विजेता सम्मेलन में भाग लेने वाले 89 देशों के 580 युवा वैज्ञानिक दल का एक हिस्सा है। इस बवेरियन आइलैंड पर सम्मेलन का आधिकारिक रूप से शुभारंभ रविवार को हुआ। प्रख्यात वक्ताओं ने अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों से सामाजिक विकास को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जरदारी भ्रष्टाचार के अन्य मामले में गिरफ्तार

इस्लामाबाद, 1 जुलाई (भाषा)।

पाकिस्तान के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वह और उनकी बहन लाखों डालर के धनशोधन मामले में पहले से ही राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो की हिरासत में हैं।दोनों ने कथित फर्जी बैंक खातों के माध्यम से 15 करोड़ रुपए का लेन-देन किया था। विपक्षी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सहअध्यक्ष और देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पति जरदारी (63) को इस बार पार्क लेन मामले में गिरफ्तार किया गया है।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, मथुरा

कृ0उ0म0स0/2019-1219 दिनांक: 24.06.2019

सफाई कार्य हेतु अल्प निविदा आंमत्रण सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, मथुरा के नवीन उपमण्डी स्थल राया का सम्पूर्ण परिसर, नवीन उपमण्डी स्थल वृन्दावन का सम्पूर्ण परिसर, नवीन उपमंडी स्थल गोवर्धन का सम्पूर्ण परिसर एवं नवीन उपमण्डी स्थल सौंख का सम्पूर्ण परिसर में सफाई कार्यो हेतु सुदृढ, अनुभवी वांछित पंजीकृत सफाई ठेकेदारों से दिनांक 10.07.2019 के अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 10.07.2019 के अपरान्ह में 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र सहित समिति कार्यालय से निर्धारित धनराशि रू. 1180.00 जमा कर किसी भी कार्यालय कार्यदिवस मे प्राप्त की जा सकती है। निविदा में ठेके से सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज ड्राफ्ट आदि रखना होगा जिसपर निविदादाता का नाम अंकित होगा। कार्यो का विवरण निम्नवत है –

क्र. सं.	मण्डी समिति का नाम	सफाई कार्यों के स्थान	09 माह की अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित	कार्य की अवधि वित्तीय वर्ष 2019-20
1	मथुरा	नवीन मण्डी उपमण्डी स्थल, राया	450000.00	45000.00	1180.00	आदेश निर्गत होने के दिनांक से 31..03.2020 तक
2		नवीन मण्डी उपमण्डी स्थल, वृन्दावन	450000.00	45000.00	1180.00	आदेश निर्गत होने के दिनांक से 31..03.2020 तक
3		नवीन उपमण्डी स्थल, गोवर्धन	450000.00	45000.00	1180.00	आदेश निर्गत होने के दिनांक से 31..03.2020 तक
4		नवीन उपमण्डी स्थल, सौंख	364500.00	36450.00	1180.00	आदेश निर्गत होने के दिनांक से 31..03.2020 तक

मुख्य नियम व शर्त :-
1. निविदादाता द्वारा वांछित धरोहर की धनराशि की मूल बैंक ड्राफ्ट कृषि उत्पादन मण्डी समिति मथुरा के नाम हो तथा जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग आदि सम्बंधित के प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीकरण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ट्रैक्टर का पंजीयन, निविदादाता का नाम अथवा ट्रैक्टर-ट्राली सहित निविदादाता का ट्रैक्टर स्वामी के साथ अनुभव प्रमाण पत्र आदि की स्वप्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त घोषित कर दी जायेगी।
2. निविदादाता द्वारा डाली गयी निविदा में सफाई सम्बन्धी उपकरण की उपलब्धता एवं सफाई की वार्षिक/मासिक दरों का अंकन स्पष्ट रूप से करना होगा। जिसमें जी0एस0टी0 व अन्य कर सम्मलित होंगे।
3. सफाई ठेका हेतु विस्तृत विवरण तथा अन्य शर्ते कार्यालय में एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी व पढ़ी जा सकती है।
4. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार समिति में निहित होगा।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
मथुरा

नगर मजिस्ट्रेट/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
मथुरा

पाकिस्तान में 500 साल पुराना गुरुद्वारा | **भारत-पाक संबंध** | **गुरु नानक देव बेरी के वृक्ष के नीचे रुके थे**

भारतीय सिख तीर्थयात्रियों के लिए गुरुद्वारे के कपाट खुले

लाहौर, 1 जुलाई (भाषा)।

पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के सियालकोट में 500 वर्ष पुराने गुरुद्वारे के कपाट भारतीय सिख श्रद्धालुओं के लिए अब खोल दिए गए हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले यहां से लगभग 140 दूर स्थित सियालकोट शहर स्थित बाबे-दी-बेर गुरुद्वारा में भारतीयों को जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी।

पंजाब के गवर्नर मुहम्मद सरवर ने प्रांत के औकाफ विभाग को भारत से सिख तीर्थयात्रियों को सूची में शामिल करने का निर्देश दिया। वे अब सियालकोट गुरुद्वारे जा सकते हैं।

भारत समेत कई देशों के सिख पंजाब के कई धार्मिक स्थलों पर अक्सर जाते रहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार पंजाब के गवर्नर मुहम्मद सरवर ने प्रांत के औकाफ विभाग को भारत से सिख तीर्थयात्रियों को सूची में शामिल करने का निर्देश दिया। इसलिए वे अब सियालकोट गुरुद्वारे जा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार सिख परंपरा के अनुसार सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जब 16वीं शताब्दी में कश्मीर से सियालकोट पहुंचे, तो वह बेरी के वृक्ष के नीचे रुके थे। इसके बाद सरदार नत्था सिंह ने उस जगह पर उनकी याद में गुरुद्वारा बनवाया था।

जीएसटी आगे चल कर बन सकती हैं दो दरों वाली प्रणाली : जेटली

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

एक दर वाली जीएसटी व्यवस्था भारत में संभव नहीं। यह संपन्न देशों में ही संभव, जहां कोई गरीब नहीं

पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने सोमवार को कहा कि माल व सेवा कर (जीएसटी) के राजस्व में सुधार होने पर आगे चल कर 12 और 18 फीसद की दरों को मिलाकर एक किया जा सकता है। इसके बाद प्रभावी रूप में यह दो दरों वाली प्रणाली बन सकती है।

देश में जीएसटी के दो साल पूरे होने पर फेसबुक पर अपने एक लेख में जेटली ने कहा कि नई प्रणाली में 20 राज्यों के राजस्व में पहले ही 14 फीसद वार्षिक से अधिक की वृद्धि हो रही है। इससे इन राज्यों को केंद्र से राजस्व क्षतिपूर्ति की जरूरत नहीं है। उन्होंने लिखा है कि उपभोक्ताओं की जरूरत के ज्यादातर सामान अब 18, 12, यहां तक कि पांच फीसद कर दायरे में ला दिए गए हैं। अब केवल विलासिता की चीजों और कुछ अहितकर वस्तुओं पर ही जीएसटी की सबसे ऊंची 28 फीसद की दर लागू है। शून्य और पांच फीसद की दरें हमेशा रहेंगी। आगे राजस्व में सुधार हुआ तो इससे नीति नियंताओं को 12 और 18 फीसद की दरों को आपस में मिलाकर एक करने का अवसर मिल सकता है। इस तरह जीएसटी दो दरों वाली प्रणाली बन जाएगी।

उन्होंने कहा- सभी प्रकार के माल पर दरें एक झटके में कम नहीं की जा सकतीं। इससे सरकार को राजस्व की भारी हानि हो सकती है। यह काम राजस्व में वृद्धि के साथ धीरे-धीरे किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 'पांच साल बाद राजस्व का क्या होगा।' जीएसटी में पहले पांच साल तक राज्यों को सालाना 14 फीसद राजस्व वृद्धि की गारंटी दी गई है। इसमें कमी की भरपाई केंद्र की जिम्मेदारी है। इसके लिए जीएसटी में राजस्व क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था की गई है। लेकिन जीएसटी के दूसरे साल में ही 20 राज्यों में राजस्व वृद्धि 14 फीसद से अधिक रही है। उनके लिए राजस्व क्षतिपूर्ति कोष की जरूरत नहीं है।

जेटली ने कहा कि एक दर वाली जीएसटी व्यवस्था संपन्न देशों में ही संभव है जहां कोई गरीब नहीं है। ऐसे देश, जहां बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हों, उनमें कोई एक दर रखना अनुचित होगा।

आर्सेलर मित्तल की संपत्तियां 5782 करोड़ रुपए में खरीदीं लिबर्टी स्टील ने

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

लिबर्टी स्टील ने सोमवार को बताया कि उसने लक्ष्मी निवास मित्तल की कंपनी आर्सेलर मित्तल की यूरोप स्थित सात इस्पात विनिर्माण इकाइयों व पांच सेवा केंद्रों का 74 करोड़ यूरो (करीब 5,782 करोड़ रुपए) में अधिगहण कर लिया है।

भारतीय मूल के धातु क्षेत्र के दिग्गज उद्योगपति संजय गुप्ता के स्वामित्व वाली इस कंपनी ने चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा व रोमानिया के गलाटी में प्रमुख एकीकृत इस्पात संयंत्र के अलावा उत्तरी मैसिडोनिया के कोप्जे और इटली के पियामबिनो स्थित रोलिंग मिलों के अलावा लग्जमबर्ग के डूडलेंग और बेल्जियम के लीज में दो संयंत्रों का अधिग्रहण किया है। इन सात संयंत्रों में 14,000 लोग कार्यरत हैं।

इन मिलों के उत्पादों का विपणन करने वाले पांच सेवा केंद्र फ्रांस और इटली में स्थित हैं। इन संयंत्रों की सालाना रोलिंग क्षमता एक करोड़ टन की है। ये मुख्य रूप से यूरोप के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को इस्पात की आपूर्ति करते हैं। इनमें निर्माण और बुनियादी ढांचा उत्पाद, वाहन, वैमानिकी, ऊर्जा, औद्योगिक उपकरण और उपभोक्ता सामान क्षेत्र शामिल हैं।

लिबर्टी स्टील ने कहा है कि 74 करोड़ यूरो के इस सौदे के बाद लिबर्टी स्टील चीन को छोड़कर दुनियाभर में शीर्ष 10 इस्पात उत्पादक कंपनियों में शामिल हो गई है। उसकी कुल रोलिंग क्षमता 1.80 करोड़ टन से अधिक पहुंच गई है।

जीएसटी संग्रह जून में घटकर एक लाख करोड़ रुपए से नीचे आया

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

माल व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जून में एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से नीचे 99,939 करोड़ रुपए पर आ गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

जून में जीएसटी संग्रह का आंकड़ा मई के 1,00,289 करोड़ रुपए से कम रहा है जबकि यह पिछले साल के समान महीने के संग्रह 95,610 करोड़ रुपए से अधिक है। इस आंकड़े में केंद्र और राज्य सरकार दोनों का जीएसटी शामिल है। दो साल पहले 17 विभिन्न अप्रत्यक्ष कर शुल्कों को जीएसटी में समाहित कर लिया गया था।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जून में कुल सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 99,939 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी का हिस्सा 18,366 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी का 25,343 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी का 47,772 करोड़ रुपए है। एकीकृत जीएसटी में आयात से जुटाया संग्रह 21,980 करोड़ रुपए है। इसमें उपकर का हिस्सा 8,457 करोड़ रुपए है। उपकर में 876 करोड़ रुपए आयात पर कर से जुटाए गए हैं।

उधर, आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार जीएसटी के दो साल पूरे होने के बावजूद इसमें कर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या लगातार अस्थिर बनी हुई है। हर तीन महीने में इसमें कुछ वृद्धि दिखाई देती है लेकिन कुल मिलाकर यह वांछित स्तर से कम है। विश्लेषकों के अनुसार जुलाई 2017 के बाद जीएसटीआर-3बी के तहत संक्षिप्त रिटर्न भरने की स्थिति में भी कोई ज्यादा सुधार नहीं आया है। कारोबारी इसे मासिक रिटर्न की तय तिथि के बाद भर रहे हैं। इस रिटर्न को भरने वालों का अनुपात 60 फीसद के आसपास बना हुआ है।

माल व सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) के जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जुलाई 2017 को कुल पंजीकृत करदाताओं में से 50 फीसद ने ही तय तिथि को जीएसटीआर-3बी दाखिल किया। 23 जून, 2019 की स्थिति के अनुसार यह संख्या बढ़कर करीब 85 फीसद पर पहुंच गई है। अप्रैल में भी इसी तरह का रुझान देखा गया। पात्र करदाताओं में से 60 फीसद से भी कम ने समय से यह रिटर्न दाखिल किया और 23 जून, 2019 को जीएसटीआर-3बी दाखिल करने वालों की संख्या करीब 80 फीसद पर पहुंच गई।

जीएसटी व्यवस्था के तहत कारोबारियों को हर महीने का जीएसटीआर-3बी उससे अगले माह की 20 तारीख तक भरना होता है जबकि जीएसटीआर-1 को महीने की 10 तारीख तक भरना होता है। जीएसटी कानून के तहत रिटर्न दाखिल करने में देरी पर केंद्रीय व राज्य जीएसटी के लिए विलंब शुल्क 25 रुपए प्रति दिन रखा गया है। शून्य कर देनदारी वाले कारोबारियों द्वारा विलंब से रिटर्न दाखिल करने पर विलंब जुर्माना 10 रुपए प्रति दिन रखा गया है।

विश्लेषकों का कहना है कि जीएसटीआर-1 के विश्लेषण से पता चलता है कि हर तीन महीने में भरी जाने वाली अंतिम बिक्री रिटर्न का आंकड़ा बढ़ जाता है। इससे पता चलता है कि कंपोजीशन योजना डीलर और छोटे व्यवसायी रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। फिर भी जीएसटीआर-1 भरने की पात्रता रखने वाले कारोबारियों और वास्तव में रिटर्न दाखिल करने वालों के बीच काफी अंतर बना हुआ है।

एक जुलाई, 2017 को जब जीएसटी को अमल में लाया गया, तब 38.51 लाख कारोबारियों ने पंजीकरण कराया था। उसके बाद से यह संख्या 1.22 करोड़ तक पहुंच चुकी है। हालांकि, इसमें से 23 जून, 2019 तक जीएसटीआर-1 दाखिल करने वालों की संख्या 75 लाख तक ही पहुंची है।

शेयर सूचकांक 292 अंक चढ़ा

मुंबई, 1 जुलाई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों के लिए बजट वाले सप्ताह का पहला दिन अच्छा रहा। वैश्विक स्तर पर तेजी के बीच बंबई शेयर बाजार का सूचकांक सोमवार को 292 अंक मजबूत होकर 39,686.50 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार युद्ध फिलहाल थमने से वैश्विक स्तर पर निवेशकों को थोड़ी राहत मिली जिसका वैश्विक और घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। शुक्रवार को पेश होने वाले बजट में सुधार की उम्मीद से भी घरेलू बाजारों को बल मिला।

बंबई शेयर बाजार का सूचकांक तेजी के साथ 39,543.73 अंक पर खुला और अंत में 291.86 अंक की तेजी के साथ 39,686.50 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 76.75 अंक उछलकर 11,865.60 अंक पर पहुंच गया।

सूचकांक के शेयरों में लाभ में रहने वालों में टाटा मोटर्स, बजाज आटो, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। इनमें 3.23 फीसद तक की तेजी आई। दूसरी तरफ ओएनजीसी, एचसीएल, मारुति सुजुकी, एचयूएल, एशियन पेंट्स और वेदांता में 3.99 फीसद तक की गिरावट आई। सूचकांक के 30 शेयरों में से 22 लाभ में और 8 नुकसान में रहे।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध फिलहाल थमने और तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक से तेल आपूर्ति जरूरी स्तर पर बने रहने की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी आई। मासिक आधार पर वाहन बिक्री में तेजी और राजस्व संग्रह में वृद्धि के कारण जीएसटी दर को सरल बनाने के प्रस्ताव से बाजार धारणा को बल मिला। कारोबारियों के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच भी व्यापार मुद्दों को लेकर चिंता दूर होने से कारोबारी धारणा को बल मिला। आगामी बजट में सुधारों की उम्मीद से भी बाजार में उत्साह है।

आइसीआइसीआइ बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर घटाई

मुंबई, 1 जुलाई (भाषा)।

निजी क्षेत्र के आइसीआइसीआइ बैंक ने अपने ऋणों के लिए ब्याज की मानक दर 0.10 फीसद कम करने की सोमवार को घोषणा की। बैंक ने जमा दरों में कटौती करने के कुछ हफ्ते बाद यह कदम उठाया है। इसके अलावा एक्सिस और एचडीएफसी बैंक जैसे देश के निजी क्षेत्र के शीर्ष घरेलू बैंकों ने अपनी ऋण ब्याज दरों में 0.10 से 0.25 फीसद तक की कटौती कर चुकी हैं।

आइसीआइसीआइ बैंक ने सभी अवधियों के ऋण पर कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण ब्याज दर (एमसीएलआर) को 0.10 फीसद घटा दिया है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। वाहन, आवास इत्यादि अधिकतर ऋण एक साल की अवधि वाले एमसीएलआर पर आधारित होते हैं। बैंक ने अपनी एमसीएलआर घटाकर 8.65 फीसद कर दी है।

विश्वनाथन एक और साल के लिए आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

एनएस विश्वनाथन को और एक साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। एक सरकारी आदेश में सोमवार को यह जानकारी दी गई है।

कार्मिक मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने विश्वनाथन की एक साल के लिए और डिप्टी गवर्नर पद पर पुनः नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति चार जुलाई से प्रभावी होगी। उनका मौजूदा कार्यकाल तीन जुलाई को पूरा हो रहा है।

विश्वनाथन के अलावा इस समय बीपी कानूनगो और एमके जैन केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर हैं। चौथे डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने पिछले महीने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही रिजर्व बैंक से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा मंजूर हो गया है और वह जुलाई के आखिर तक रहेंगे।

वाहनों की जून महीने में बिक्री घटी

नई दिल्ली 1 जुलाई (भाषा)।

जून महीने में सभी कंपनियों के सभी श्रेणियों के वाहनों की बिक्री घटी है। टाटा मोटर्स और दोपहिया वाहनों में सुजुकी मोटरसाइकिल व बजाज ऑटो की बिक्री में कुछ बढ़ोतरी हुई है।

मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री जून माह में 14 फीसद घटकर 1,24,708 वाहन रही जो इससे पिछले साल समान अवधि में 1,44,981 वाहन थी। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि समीक्षावधि में उसकी घरेलू बिक्री 15.3 फीसद गिरकर 1,14,861 वाहन रही जबकि पिछले साल जून में यह आंकड़ा 1,35,662 वाहन का था।

अशोक लीलैंड की जून में कुल बिक्री 19 फीसद घटकर 12,810 वाहन रही जो पिछले साल इसी माह में 15,792 वाहन थी। टीवीएस मोटर कंपनी की कुल बिक्री 11 फीसद घटकर 2,79,102 वाहन रही। पिछले साल समान अवधि में कंपनी ने 3,13,614 वाहन बेचे थे। कंपनी का कुल निर्यात इस अवधि में छह फीसद बढ़कर 69,900 इकाई रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा ट्रैक्टर की बिक्री जून में 18 फीसद घटकर 33,094 इकाई रही। ट्रैक्टर कंपनी एस्कॉर्ट की कुल बिक्री जून में 10.2 फीसद घटकर 8,960 ट्रैक्टर रही। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की कुल वाहन बिक्री जून में 19 फीसद घटकर 11,365 वाहन रही। पिछले साल जून में कंपनी ने 14,102 वाहन बेचे थे।

दूसरी ओर, टाटा मोटर्स की कुल बिक्री जून में 14 फीसद बढ़कर 49,073 वाहन रही। पिछले साल कंपनी ने इसी माह में 56,773 वाहनों की बिक्री की थी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री जून में 29.25 फीसद बढ़कर 67,491 वाहन रही। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 52,217 वाहन बेचे थे। बजाज ऑटो लिमिटेड की कुल बिक्री जून में मामूली तौर पर बढ़कर 4,04,624 वाहन रही जो इससे पिछले साल इसी माह में 4,04,429 वाहन थी।

दक्षिण के राज्यों में एलपीजी टैंकर परिचालक बेमियादी हड़ताल पर

चेन्नई, 1 जुलाई (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के थोक एलपीजी टैंकर लॉरी परिचालक अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सोमवार को बेमियादी हड़ताल पर चले गए। हड़ताल की अपील सदर्न रीजन बल्क एलपीजी ट्रांसपोर्ट ओनर्स एसोसिएशन ने किया है। एसोसिएशन की मांग है कि थोक एलपीजी परिवहन अनुबंधों के लिए पूर्व की राज्यवार निविदा प्रणाली को बहाल किया जाए। इसमें सभी पात्र टैंकर ट्रकों को शामिल किया जाए।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार राज्यवार निविदा प्रणाली में निकाय के तहत आने वाले सभी टैंकर लॉरी को एलपीजी परिवहन का ठेका मिलता था। अगस्त, 2018 से नई निविदा प्रणाली के बाद 5,500 में से 700 टैंकर बेकार खड़े हैं।

आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मई में 5.1 फीसद रही

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

इस्पात व विद्युत उत्पादन में अच्छी बढ़ोतरी के बल पर आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर इस साल मई में 5.1 फीसद रही।

पिछले साल मई में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली उद्योग में कुल मिला कर 4.1 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई थी। आलोच्य माह के दौरान इस्पात व विद्युत उत्पादन में 19.9 व 7.2 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि इस दौना कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट आई।

चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल और मई में इन आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर 5.7 फीसद रही, जो पिछले साल की इसी अवधि में 4.4 फीसद रही थी।

प्रतिस्पर्धा आयोग ने दिया गूगल की गतिविधियों की जांच का आदेश

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) ने सोमवार को कहा कि उसने गूगल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप की जांच के आदेश दिए हैं। आयोग के सामने ऐसी बात आई है कि गूगल हैंट सेट विनिर्माताओं पर उपकरणों में अपने ही ऐप स्थापित करवा कर आनलाइन बाजार में उसका वर्चस्व बना रहेगा और दूसरे ऐप की पेशकश करने वाली कंपनियों को बाजार से वंचित होना पड़ सकता है।

सीसीआइ को इस बारे में शिकायत मिली है कि गूगल भारत में विनिर्मित या बेचे जाने वाले स्मार्टफोन और टैबलट विनिर्माताओं के लिए पहले से गूगल एप्लीकेशन और सेवाओं को लगाने को कथित तौर पर अनिवार्य बनाकर गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों में शामिल हो सकती है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया था कि गूगल भारत में मोबाइल फोन विनिर्माताओं को एंड्रायड के संशोधित और प्रतिस्पर्धी संस्करण के विकास और विपणन से रोकती है। इस तरह से कंपनी कथित रूप से प्रतिद्वंद्वी मोबाइल एप्लीकेशन के विकास और बाजार पहुंच को अवरुद्ध कर रही है।

गूगल ने इन आरोपों से इनकार किया है। उसने अपने जवाब में कहा कि पहले से एप्लीकेशन के लगे होने की गुंजाइश सीमित है और एंड्रायड उपयोगकर्ताओं को अपने फोन अपने हिसाब से तैयार करने की आजादी है। वे गूगल के अलावा दूसरे ऐप का उपयोग कर सकते हैं। ग्राहक पहले से लगे ऐप को हटा सकते हैं जिसमें गूगल का ऐप भी शामिल है।

इस संदर्भ में प्रतिस्पर्धा आयोग ने कहा कि गूगल का आचरण आनलाइन 'सर्च' बाजार में मजबूत स्थिति बनाए रखने में मदद कर सकता है। साथ ही कंपनी प्रतिस्पर्धी ऐप की बाजार पहुंच को बाधित कर सकती है जो प्रतिस्पर्धा कानून की धारा 4 (2) (सी) का उल्लंघन होगा। सीसीआइ ने कहा कि इन पहलुओं की विस्तृत जांच की जरूरत है। उसने आयोग ने महानिदेशक को निश्चित समय सीमा में इसकी जांच करने को कहा।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, हमारे क्लाइंट मैसर्स मुथूट फाईनान्स लि. द्वारा **22nd, 24th, 25th, 26th & 27th June 2019** को (बंधक आभूषणों की-एनपीए खातों) आयोजित होने वाली सार्वजनिक नीलामी कुछ अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है और अब **08th, 09th, 10th, 12th & 13th August 2019** को सार्वजनिक नीलामी पुनः निर्धारित की गई है। सार्वजनिक नीलामी का स्थान एवं समय वही रहेगा जो कि पहले ही संबंधित कर्ज़दारों को अधिसूचित किया जा चुका है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक व्यक्ति हमारे क्लाइंट की संबंधित शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट
ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गिरवी रखे गहनों को छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

स्टोर डिवीजन, सिविल इंजीनियरिंग विभाग
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद
कमरा सं. 224, शहीद भगत सिंह प्लेस, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001

ई-प्रोक्योरमेंट लघु निविदा सूचना

निविदा आईडी सं. – 2019_NDMC_175302_1
कार्य का नामः वर्ष 2019-20 के दौरान 9-बी सस्पेंस स्टॉक।
उपशीर्षः 10 मिमी स्टोन एग्रीगेट की आपूर्ति एवं भण्डारण।
अनुमानित लागत राशि : ₹ 15,88,248/-

निविदा आईडी सं. – 2019_NDMC_175304_1
कार्य का नामः वर्ष 2019-20 के दौरान 9-बी सस्पेंस स्टॉक।
उपशीर्षः मोटे रेत की आपूर्ति एवं भण्डारण।
अनुमानित लागत राशि : ₹ 11,24,505/-
निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.06.2019
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय : 04.07.2019 अपराह्न 4.00 बजे तक

विस्तृत जानकारी के लिए https://govtprocurement.delhi.gov.in देखें

नोटः एनडीएमसी की ई-निविदा में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के ई-निविदा प्रणाली के साथ पंजीकरण अनिवार्य है।

अधिशासी अभियंता (स्टोर)
To be the global Benchmark for a Capital City

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, हमारे क्लाइंट मैसर्स मुथूट फाईनान्स लि. द्वारा **26th, 27th & 28th June 2019** को (बंधक आभूषणों की-एनपीए खातों) आयोजित होने वाली सार्वजनिक नीलामी कुछ अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है और अब **29th, 30th & 31st July 2019** को सार्वजनिक नीलामी पुनः निर्धारित की गई है। सार्वजनिक नीलामी का स्थान एवं समय वही रहेगा जो कि पहले ही संबंधित कर्ज़दारों को अधिसूचित किया जा चुका है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक व्यक्ति हमारे क्लाइंट की संबंधित शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट
ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गिरवी रखे गहनों को छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

इलाहाबाद बैंक ALLAHABAD BANK
विश्वास की परंपरा A tradition of trust
प्रधान कार्यालय : प्रथम तल, 14 इंडिया एक्स्चेंज प्लेस, कोलकाता - 700001
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
निविदा सूचना
आरएफपी संदर्भ सं. प्रका/डीआईटी/पीनीरेफ्रेश/2019-20/138 दिनांकः 02.07.2019
इलाहाबाद बैंक पात्र बोली लगानेवालों से "इलाहाबाद बैंक में आरटीजीएस, एनईएफटी और सीसीआईएल सेट-आप से हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि के रेफ्रेश" हेतु बोलियां आमंत्रित करता है। अतिरिक्त विवरण हेतु कृपया बैंक की अधिकारिक वेबसाइट www.allahabadbank.in एवं ई-टेंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/abbank देखें।
इस आरएफपी के परिशिष्ट, यदि कोई हो, के लिए कृपया ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें।
मुख्य प्रबंधक (सूप्रौ)

Petronet LNG Limited

द्वारका, सेक्टर-14, नई दिल्ली में कार्यालय भवन परिसर के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) द्वारा द्वारका, सेक्टर-14, नई दिल्ली में कार्यालय भवन परिसर के निर्माण के लिए ठेकेदार की नियुक्ति हेतु अनुभवी तथा सुदृढ़ वित्तीय हैसियत रखने वाले ठेकेदारों से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि निविदा दस्तावेज जारी करने के लिये अन्य आवश्यक विवरणों के साथ विस्तृत पात्रता मानदंड के लिये हमारी वेबसाइट **www.petronetlng.com** देखें।

टिप्पणीः पीएलएल को उसकी एकाकी इच्छा पर बिना कारण बताए निविदा दस्तावेज जारी नहीं करने एवं / अथवा प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी अथवा सभी बोलियों को स्वीकार अथवा निरस्त करने एवं/ अथवा प्रक्रिया को संशोधित करने का अधिकार है। प्रैस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। स्वयं को अद्यतन बनाए रखने के लिए बोलीदाता से अनुरोध है कि नियमित रूप से वेबसाईट देखते रहें।

अमित वर्मा
वरिष्ठ प्रबंधक (सी एंड पी)
पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड
प्रथम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन,
नई दिल्ली-110001, ईमेल आईडीः dbtender@petronetlng.com

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, हमारे क्लाइंट मैसर्स मुथूट फाईनान्स लि. द्वारा **26th, 27th & 28th June 2019** को (बंधक आभूषणों की-एनपीए खातों) आयोजित होने वाली सार्वजनिक नीलामी कुछ अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है और अब **11th, 12th & 13th July 2019** को सार्वजनिक नीलामी पुनः निर्धारित की गई है। सार्वजनिक नीलामी का स्थान एवं समय वही रहेगा जो कि पहले ही संबंधित कर्ज़दारों को अधिसूचित किया जा चुका है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक व्यक्ति हमारे क्लाइंट की संबंधित शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट
ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गिरवी रखे गहनों को छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

ओएनजीसी ONGC

राजमुन्द्री परिसम्पत्ति, राजमुन्द्री (ए.पी.)
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
बन्टुमिल्ली साउथ फिल्ड के प्रचालन एवं रखरखाव सेवाओं के साथ स्किड माउन्टेड आरंभिक उत्पादन सुविधा

भीमावरम से लगभग 15 कि.मी. पर स्थित बन्टुमिल्ली साउथ फिल्ड में 3 वर्षों के लिये हायर आधार पर प्रचालन तथा रखरखाव सेवाओं के साथ स्किड माउन्टेड आरंभिक उत्पादन सुविधा की आपूर्ति। इस अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) का उद्देश्य ईओआई का प्रत्युत्तर मांगना है जिससे ओएनजीसी, एवार्ड के बाद 6 माह की अवधि में सुविधाओं की आपूर्ति, उपरोक्त कार्य के लिये भविष्य की बोली में संभावित रूप से भाग लेने के लिये इस तरह के ईओआई के भागीदारों के लिये अवसर का निर्माण करने के ईओआई के उद्देश्य को पूरा करने के लिये उपयुक्त रूप से योग्य तथा अनुभवी भागीदारों की खोज, पहचान तथा मूल्यांकन करने में सक्षम होगा। इच्छुक भागीदार जिनके पास उपयुक्त अनुभव तथा दक्षता (विवरण ओएनजीसी की निविदा पोर्टल, https://tenders.ongc.co.in पर उपलब्ध) के साथ प्रमाणिक क्षमता हो तथा जिन्होंने कार्य-निष्पादन प्रदर्शित किये हों, को राजमुन्द्री में ओएनजीसी कार्यालय में 10.7.2019 को 1100 बजे में आयोजित होने वाली ईओआई सम्मेलन में भाग लेने के लिये आमंत्रित हैं। इच्छुक पार्टियों/भागीदारों को अधिकतम 05.07.2019 तक अपनी भागीदारी की पुष्टि करनी होगी। ईओआई सम्मेलन के बाद ईओआई के भागीदारों/पार्टियों को अधिकतम 17.7.2019 तक ईओआई का प्रस्ताव जमा करना होगा। ईओआई के लिये सभी शुद्धिपत्र, संबर्धन, संशोधन, समय-विस्तार ओएनजीसी की निविदा पोर्टल पर प्रेषित की जायेगी तथा प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जायेगी। इस ईओआई के लिये संभावित पार्टियों से अनुरोध है कि स्वयं को अद्यतन बनाये रखने के लिये ओएनजीसी की निविदा पोर्टल नियमित रूप से देखते रहें। बोलीदाताओं को अधोलिखित डेलिबरेबल्स पर प्रस्तुतीकरण देना होगाः क) प्रस्तावित की जा रही मॉड्युलर सर्फेस प्रॉसेस फैलिलिटीज का अनुमानित पीएफडी, पीआईडी, विनिर्देशनों, ख) निष्पादन पद्धत्ति आदि, ग) सम्पूर्ण आपूर्ति एवं प्रचालनारम्भ के लिये समय-अनुसूची (माह में)

पताः सीजीएम (पी)-आई/सी स्पेशियलिस्ट पूल ग्रुप रूम नं.: जी-सी-1, गोदावरी भवन, ओएनजीसी बेस कॉम्प्लैक्स, लाल चेरुबु, राजमुन्द्री-533103

सम्पर्क नं.: 9435715569/8978023399, 0883-2494210 विवरणों के लिये कृपया https://tenders.ongc.co.in देखें।

इंद्रप्रस्थ पावर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड एवं प्रगति पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं. (सीआईएन): U40103DL2001SGC111530
(पंजीकृत कार्यालयः जी. एम. (सीएंडएम), प्रगति पावर स्टेशन-1, आई.पी.एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली-नई दिल्ली-110002), फोनः 011-23370541, फैक्स नं. 011-23379164, वेबसाईटः www.ipgcl-ppcl.gov.in

एनआईटी नं. 3/2019-20 ऑनलाइन निविदा के लिए टेंडरिंग दिनांकः 24.06.2019

नीचे वर्णित मदों के लिए निविदा जमा करने की तिथि को 11.00 बजे निविदा बंद होने के साथ दिल्ली सरकार के पोर्टल **https://govtprocurement.delhi.gov.in** पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से दो भाग प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं:-

निविदा आईडी	डिवि.	बीएसईडी	बी.ओ.डी.	निविदा मूल्य(रू.)
1. 2019_IPGCL_174630_1 वर्ष 2020-21 के लिए प्रगति पावर स्टेशन-1 में इलेक्ट्रिकल सिस्टम के रखरखाव के लिए वार्षिक दर अनुबंध।	CS-II	06.08.2019	08.08.2019	28,81,375/-
2.2019_IPGCL_174703_1 पीपीएस-3 बवाना और सैक्टर-4, डीएसआईआईडीसी, बवाना में सीआईएसएफ कॉलोनी में मच्छर नियंत्रण प्रबंध हेतु वार्षिक अनुबंध।	CS_III	23.07.2019	25.07.2019	5,98,898/-
3.2019_IPGCL_174815_1 जीटीपीएस में मेल प्लांट एरिया में भवनों, ऑक्जिलरी प्लांट एरिया, फ्यूल ऑयल टैंक एवं चारदीवारी आदि की बाहरी एवं आंतरिक फिनिशिंग।	CS_III	25.07.2019	30.07.2019	18,68,175/-
4.2019_IPGCL_174794_1 आरपीएच कार्यालय कॉम्प्लैक्स में सीआईएसएफ यूनिट में शेड का निर्माण और विविध सिविल कार्य।	CS_III	30.07.2019	01.08.2019	8,09,886/-
5.2019_IPGCL_174753_1 विद्युत विहार कॉलोनी सराय काले खां में आवासीय फ्लैटों में आंतरिक रंग-रोगन एवं पेन्टिंग कार्य।	CS_III	30.07.2019	01.08.2019	48,33,717/-
शुद्धिपत्र				
1.2019_IPGCL_172462_1 पीपीएस-3, बवाना में लगे 9 एफए गैस टर्बाइनों के लिए ब्लेंडेड मीडिया इनलेट एयर फिल्टरों के दो सेट की अधिप्राप्ति।	MM-III	17.07.2019	19.07.2019	1,16,74,000/-

नोटः रु. 50.00 लाख तक निविदा मूल्य के लिए समाचारपत्रों में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन प्र

जापानी बुखार से मरने वाले ज्यादातर गरीब परिवारों से : नीतीश

कहा, सूबे की सरकार गरीबों के उत्थान के लिए संकल्पित

पटना, 1 जुलाई (भाषा)।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (जापानी बुखार) के कारण बड़ी संख्या में बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि इ बीमारी से मरने वाले ज्यादातर बच्चे गरीब परिवार से हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गरीबों और गांवों के विकास के लिए बनाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें जोड़कर उनके उत्थान के लिए संकल्पित है।

बिहार विधानसभा की सोमवार की कार्यवाही शुरू होते ही जापानी बुखार से इस मौसम में 28 जून तक 154 बच्चों की मौत को लेकर विपक्षी दलों द्वारा कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के सरकार की ओर से जवाब देने के बाद नीतीश ने कहा, 'जो हुआ, दुर्भाग्यपूर्ण है और दुख व्यक्त करना काफी नहीं है। यह बेहद गंभीर मसला है... हमने कई बैठकें की हैं और मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रोग के कारण पिछले कुछ सालों में इससे पीडित होने वालों की संख्या में कमी आई थी लेकिन इस साल कुछ ज्यादा की घटना घट गई, जिसको लेकर सरकार सभी दृष्टिकोण से सचेत है। नीतीश ने कहा कि पीड़ितों के परिजनों से मिलने के बाद यह काफी हद तक स्पष्ट था कि ज्यादातर गरीब परिवारों के हैं।

उन्होंने कहा कि उनके सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण का निर्देश दिया है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर वंचित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, शुद्ध पेयजल योजना तथा सतत जीविकोपार्जन योजना से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सूखे की बन रही स्थिति पर चिंता जताते हुए सभी दलों के विधायकों से सदन के बाहर बैठक कर अपने अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा।

बिहार विधानसभा की सोमवार की कार्यवाही शुरू होते हुए विपक्षी दलों के अपने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिए सबसे पहले जापानी बुखार पर चर्चा कराए जाने की मांग को विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने स्वीकृति दे दी। चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए उपायों के कारण मुजफ्फरपुर में इस वर्ष जापानी से होने वाली मृत्यु के दर में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस रोग के कारण 2013 में मृत्यु दर बढ़कर जहां 38 फीसद हो गया था, वह सरकार के सतत प्रयास के कारण 2018 में घटकर 21 फीसद हो गया ।

इससे पूर्व मंत्री के जवाब देने के लिए खड़े होने पर मुख्यमंत्री से इस पर जवाब देने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए लेकिन मुख्यमंत्री के बोलने के समय वे सदन में वापस लौट आए थे।

2024 तक हर परिवार को नल से जल मुहैया कराने का सरकार का लक्ष्य

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

सरकार ने 2030 तक देश में सभी परिवारों को पाइपलाइन के जरिए 'नल से जल' मुहैया कराने के लक्ष्य को छह साल पहले ही 2024 में हासिल कर लिए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने भारत के लिए 2030 तक सभी घरों को नल से जल मुहैया कराने का लक्ष्य तय किया था। उन्होंने बताया कि सरकार यह काम 2024 तक पूरा कर लेगी।

जल संसाधन के संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पानी की कमी वाले जिलों की पहचान कर इनमें जलस्तर को बेहतर बनाने, जलशोधन के व्यापक उपाय करने और पानी को रिजार्च करने की पहल की गई है। शेखावत ने

जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने भारत के लिए 2030 तक सभी घरों को नल से जल मुहैया कराने का लक्ष्य तय किया था

बताया कि नीति आयोग की 'स्ट्रेटजी फॉर न्यू इंडिया एट दर रेट आफ 75' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 2001 में 1816 घन मीटर से 2011 में घटकर 1544 घन मीटर हो गई है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जल प्रबंधन के मामले में सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। इसके तहत केंद्र सरकार राज्यों को सभी प्रकार की तकनीकी मदद भी मुहैया करा रही है। पेयजल व स्वच्छता विभाग की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली पर राज्यों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 17,25,808 ग्रामीण बसावटों में से 13,98,292 बसावटों में मौजूदा मानदंडों के अनुसार सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ढांचागत अवसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।

एक अन्य सवाल के जवाब में शेखावत ने बताया कि तटीय क्षेत्रों में पेजयल संकट को दूर करने के लिए कुछ तमिलनाडु और पुदुचेरी में समुद्र जल को पेयजल बनाने के सफल प्रयोग हुए हैं। गुजरात में भी ऐसे प्रयोग चल रहे हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि समुद्र जल को पेयजल बनाने में ऊर्जा की अत्यधिक खपत को देखते हुए कम ऊर्जा व्यय वाली तकनीक की खोज पर काम जारी है। नदी जोड़ परियोजना के बारे में शेखावत ने कहा कि देश की विभिन्न नदियों को जोड़ने के लिए 17 लिंक चिह्नित किए गए हैं।

फार्म नं. आईएनसी–26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले
और
सनश्योर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U74900DL2014PTC263703)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **217, दूसरी मंजिल, डीएलएफ टॉवर-ए, जसोला डिस्ट्रिक सेन्टर, नई दिल्ली-110025 में हैं, के मामले में**
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्त्ता
एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **11 जून, 2019** को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"हरियाणा राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया।
यदि किसी व्यक्ति का हित कम्पनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो, तो वे इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए जिसमें उनके हित / विषय के आधार हों, एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फार्म दर्ज करे या क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली -110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय **217, दूसरी मंजिल, डीएलएफ टॉवर-ए, जसोला डिस्ट्रिक सेन्टर, नई दिल्ली-110025** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें ।
कृते **सनश्योर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड**
दिनांक: 02 जुलाई, 2019 शशांक शर्मा (निदेशक)
स्थान: नई दिल्ली डीआईएन: 06709285

भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

देश में करीब 25 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते और समझते हैं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जुलाई।

भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने सोमवार को लोकसभा में भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि देश में करीब 25 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते और समझते हैं। मॉरीशस में इसे दूसरी राष्ट्रभाषा का दर्जा मिला हुआ है। कई कैरेबियाई देशों में भोजपुरी बोली जाती है। किशन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की एक सभा में भोजपुरी में जनता का अभिवादन किया तो लोगों को लगा अब भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कर लिया जाएगा। इस दौरान किशन ने भोजपुरी में एक गीत– हे गंगा मइयो तो के पीयरी चढ़बो...गाना शुरू किया तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि आप सिर्फ अपनी बात रखिए गाना किसी और दिन सुन लेंगे।

सांसद ने कहा कि भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। उन्होंने गाना तो यह बताने के लिए गाया है कि भोजपुरी में कितनी मीठास है। सत्तापक्ष और विपक्ष के कई सदस्य भी रवि किशन का समर्थन करते देखे गए। जगदंबिका पाल, राजीव प्रताप रूढी आदि ने अध्यक्ष से रवि किशन की मांग में अपने को संबद्ध करने का आग्रह किया। दार्जिलिंग से भाजपा के लोकसभा सदस्य राजू बिस्ता ने अपने क्षेत्र में पुलिस उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस बारे में तथ्यान्वेषी समिति गठित की जाए और गोरखा लोगों को न्याय मिले। इस पर तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि उनकी पार्टी गोरखालैंड राज्य की मांग का विरोध करती है।

भाजपा के रमेश धागुक ने कहा कि पोरबंदर हवाई अड्डे का नाम कस्तूरबा गांधी हवाई अड्डा किया जाना चाहिए। भाजपा की शोभा करंदलाजे ने कर्नाटक में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में अवरोध डाले जाने का मुद्दा उठाया और केंद्र सरकर से इस संबंध में कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने एनआरसी का मुद्दा उठाया और दावा किया कि असम के जिन 1.2 लाख लोगों को एनआरसी से बाहर रखा गया है उनमें गोरखा समाज के कई प्रतिष्ठित लोग भी हैं। गृह मंत्रालय को इसका संज्ञान लेना चाहिए। द्रमुक के दया निधि मारन ने झारंखड और कुछ अन्य राज्यों में भीड़ द्वारा हत्या की घटनाओं का मुद्दा उठाया।

नौकरियों और शिक्षा में गरीबों के लिए 10 फीसद आरक्षण के खिलाफ सुनवाई टली

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों के लिए नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए 10 फीसद आरक्षण की व्यवस्था करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 16 जुलाई के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति बीआर गवई के पीठ ने कहा कि इस मामले में विस्तार से सुनवाई की आवश्यकता है। साथ ही पीठ ने इसे 16 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

न्यायालय ने इससे पहले आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था के केंद्र सरकार के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। परंतु वह इससे संबंधित कानून की वैधानिकता पर विचार के लिए तैयार हो गया था और उसने केंद्र को नोटिस जारी किया था। इस फैसले को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता ने संविधान (103वें संशोधन) कानून, 2019 को निरस्त करने का अनुरोध किया है। याचिका में तर्क दिया गया है कि आरक्षण के लिए सिर्फ आर्थिक आधार को एकमात्र आधार नहीं बनाया जा सकता है।

फार्म आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) विनियमन, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
समक्ष केंद्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक) उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) तथा कंपनी (निगमन) विनियमन, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के अनुच्छेद (अ) के मामले में
– तथा –
विप्रो एचआर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, (पहले एलाइट एचआर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) **(CIN : U74999DL2016PTC305940)** जिसका पंजीकृत कार्यालय : 710, अंसल चेंबर्स II, 6 भिखाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110066 में स्थित है, के मामले में ... **आवेदक**
सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **20 जून 2019** को आयोजित विशेष आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन के पुष्टीकरण हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कंपनी केंद्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक) को एक आवेदन दाखिल करेगी ताकि कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय का स्थानांतरण **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"कर्नाटक राज्य"** में करने का अधिकार प्राप्त हो जाए।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से प्रभावित हो, तो वह हलफनामे में विरोध के आधार व प्रभावित होने वाले अपने/ अपनी हित की प्रकृति का जिक्र कर अपने/ अपनी आपत्ति इस सूचना की प्रकाशन तिथि से चौदह दिनों के भीतर **निवेशक शिकायत फार्म भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर प्रेषित करे** अथवा **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र को बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉमप्लेक्स, नई दिल्ली**-110003 के पते पर दाखिल करें अथवा पंजीकृत डाक से उनके पास पहुंच जाए तथा उसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को भी उसके अधोलिखित पते पर पंजीकृत कार्यालय में भिजवाएं :
पंजीकृत कार्यालय : 710, अंसल चेंबर्स II, 6 भिखाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली, दक्षिण पश्चिम दिल्ली- 110066
आवेदक की ओर से तथा उनके लिए
विप्रो एचआर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(पहले एलाइट एचआर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
दिनांक : जुलाई 01, 2019 **विनय एम ए**
स्थान : नई दिल्ली **कंपनी सचिव**

फॉर्म नं: आईएनसी–25ए
सार्वजनिक कंपनी से निजी कंपनी में परिवर्तन करने के लिए विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014, के नियम 41 के मामले में
और
मै. जूम कौम्यूनिकेशंस लिमिटेड,
जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-10, ग्रेटर कैलाश एंकलेव पार्ट-1, नई दिल्ली-110048 पर स्थित है, के मामले में,
....आवेदक
इस नोटिस के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 14 के तहत कंपनी केन्द्र सरकार को एक आवेदन करती है, पूर्वोक्त नियमों के साथ पढ़ा जाए, जो कि कंपनी को प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित करने की इच्छुक है और कंपनी को सक्षम बनाने हेतु कंपनी द्वारा **28/06/2019** को आयोजित एक वार्षिक आम सभा/असाधारण सभा में एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया।
कंपनी के इस प्रस्तावित परिवर्तन/प्रस्थिति से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होने की आशंका है, तो वह अपने हितों की प्रकृति और विरोध के आधार बताते हुए, एक शपथ-पत्र, लगाकर अपनी याचिका को सम्बोधित क्षेत्रीय निदेशक बी-2, विंग, द्वितीय तल, दीन दयाल उपाध्याय भवन (पर्यावरण भवन), सीजीओ कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली-110003 को इस सूचना के प्रकाशित होने के 14 दिवस की अवधि के मध्य भेज सकता है, और याचिका की एक प्रति: कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के उपरोक्त लिखित पते पर भेजना अनिवार्य है।
आवेदक के लिए व उनकी ओर से
मै. जूम कौम्यूनिकेशंस लिमिटेड
अनिल मल्होत्रा
स्थान: नई दिल्ली (निदेशक)
दिनांक: 02.07.2019 DIN:07839183
पता: 14/6, कमीशनर लेन, सिविल लाईन्स, नई दिल्ली 110054

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
(भारत सरकार का उपक्रम)
जेड ओ एस ए आर बी, 13वाँ तल, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भवन, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
फोन : 011-23441330, मो.- 9584317482,
ई–मेल : armdel@bankofbaroda.com
शुद्धि पत्र
दिनांक 30.06.2019 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई–नीलामी सूचना के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि इन सभी खातों की सम्पत्ति की ई–नीलामी की तिथि दिनांक 16.07.2019, और धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2019 **के स्थान पर ई–नीलामी की तिथि दिनांक 23.07.2019, धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2019** पढ़ा जाए।
और यह भी सूचित किया जाता है कि क्र. सं. 13 का खाता मॉर्डन ओवरसीज़ प्रा. लि. की सम्पत्ति की ई –नीलामी को हम निरस्त करते है।
शेष नियम व शर्तें पहले अनुसार ही रहेंगी।
स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 01-07-2019 बैंक ऑफ बड़ौदा

राजीव सक्सेना से संबंधित ठिकानों पर छापे

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा)।

आयकर विभाग ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में आरोपी राजीव सक्सेना के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उनसे संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग को कथित कर चोरी और सक्सेना से संबंधित सहायक एजंसी से अघोषित संपत्ति को विदेश भेजने के बारे में अहम सुराग मिले हैं, इसलिए छापेमारी की गई।

समझा जाता है कि विभाग इससे पहले शुरू किए गए कुछ निश्चित रक्षा सौदों के संबंध में नए कालाधन रोधी कानून के तहत सक्सेना और उनकी कंपनियों की जांच कर रहा है। राजीव सक्सेना इस समय प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में है और अब आयकर विभाग द्वारा उससे पूछताछ के लिए अदालत में आवेदन दायर करने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते सक्सेना के विदेश जाने की अनुमति से संबंधित दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। सक्सेना ने ब्लड कैंसर और अन्य बीमारियों के इलाज के लिए अदालत से विदेश जाने की अनुमति मांगी थी। 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआइपी हेलिकॉप्टर खरीद सौदा मामले में सक्सेना ईडी की ओर से वादामाफ गवाह बने हैं। हालांकि समझा जाता है कि जांच एजंसी अदालत को यह सूचित कर सकती है कि सक्सेना जांच में असहयोग कर रहे हैं और वादामाफ गवाह बनने तथा धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अभियोजन पक्ष से राहत पाने के लिए उन्होंने आवश्यक जानकारी नहीं दी, जो कि वादामाफ गवाह बनने के लिये जरूरी होता है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें 25 जून से 24 तक संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और यूरोप जाने की अनुमति देने के दिल्ली हाई कोर्ट के 10 जून के फैसले को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सक्सेना को नोटिस भी जारी किया था। सक्सेना दुबई की कंपनी यूएचवाई सक्सेना और मैट्रिक्स होल्डिंग्स के निदेशक हैं और मामले में ईडी ने आरोपपत्र में सक्सेना का भी नाम दिया है।

पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले पर तीन हफ्ते की रोक लगा दी और एम्स के निदेशक को सक्सेना के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करने का निर्देश दिया तथा इस संबंध में तीन सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को यह भी बताया था कि अन्य अपराधों के संबंध में नए तथ्य सामने आने वाले हैं।

मेघालय में भारी बारिश, बाढ़ में लड़की व बीएसएफ जवान बहे

शिलांग, 1 जुलाई (भाषा)।

मेघालय में पिछले 36 घंटे से हो रही भारी वर्षा के कारण बीएसएफ के एक जवान और एक लड़की के बाढ़ में बह जाने की खबर है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन हुआ है, जिससे इस पूर्वोत्तर राज्य में कई जगह सड़कें टूट गई हैं। भारी बारिश के चलते जलाशयों का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने जिला उपायुक्तों से प्रभावित लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है। पूर्वी खासी हिल्स जिले के उमसोहियोंग गांव में स्कूल से लौट रही 11 वर्षीय एक बच्ची जल के तेज प्रवाह में बह गई। अधिकारियों के मुताबिक, पश्चिमी गारो हिल्स जिले में रविवार शाम बीएसएफ का एक जवान गनोल नदी के तेज बहाव में बह गया और उसका अभी कोई पता नहीं चला है। जवान को खोजने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। खोजी टीम में बीएसएफ, राज्य पुलिस और जिला आपदा अधिकारियों को शामिल किया गया है। जवान तुरा के डोबासिपारा में तैनात था।

बजाज फाइनांस लिमिटेड — **कब्जा सूचना**
पंजीकृत कार्यालय: मुम्बई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे, महाराष्ट्र-411035
शाखा कार्यालय: 8वाँ, 10वाँ, 11वाँ एवं 13वाँ तल, अग्रवाल मेट्रो हाइट्स, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली-110034
वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत (परिशिष्ट-IV)
जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत मै. बजाज फाइनांस लिमिटेड (बीएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना जारी कर यहां नीचे वर्णित ऋणधारक(कों)/सह-ऋणधारक(कों)/गारन्टर(रों) को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
ऋणधारक(कों)/सह-ऋणधारक(कों)/गारन्टरों इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक(कों)/सह-ऋणधारक/गारन्टर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे तालिका में वर्णित विवरणों के अनुसार मै. बजाज फाइनांस लिमिटेड की ओर से अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8-(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का वास्तविक कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/गारन्टरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस पर आगे के ब्याज के साथ यहां नीचे वर्णित राशि के लिए बीएफएल के प्रथम चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक(कों)/गारन्टर(रों) का नाम (एलएएन नं., शाखा का नाम)	प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)	मांग सूचना तिथि एवं राशि	कब्जा की तिथि
शाखा: दिल्ली लैन: 401CSH01998364 एवं 401CSH09006132 ऋणधारक का नाम: नीलेश सिंह, पुत्र उदय सिंह राना सह-ऋणधारक: 1. विजय ग्रोवर, पुत्र देवकी नंदन ग्रोवर 2. रितेश सिंह पुण्डीर, पुत्र उदय सिंह पुण्डीर 3. सन एग्रिफ्रेश इंडस्ट्रीज प्रा.लि. (द्वारा उसके निदेशकों निलेश सिंह एवं विजय ग्रोवर)	अधोलिखित में स्थित गैर-कृषि भूमि की सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा जिसका विवरण इस प्रकार है: ● फ्लैट नं. ए 502, 5वाँ तल, राजस्य सीजीएचएस लि., प्लॉट नं. 33, सेक्टर 4, नई दिल्ली-110075'' ● ''सम्पूर्ण 4था तल, सम्पत्ति सं. 9 के साथ जीएफ ब्लॉक ए, सेक्टर 19, अम्बरहई, द्वारका, नई दिल्ली 110075 पर स्टिल्ट।''	18 मार्च, 2019 रु. 2,14,61,084/- (रु. दो करोड़ चौदह लाख इकसठ हजार चौड़ासी मात्र) के लिये।	25 जून, 2019

स्थान: दिल्ली
तिथि: 2.7.2019
मै. बजाज फाइनांस लिमिटेड के लिये
(मोहित शर्मा)- प्राधिकृत अधिकारी

इण्डियन ओवरसीज बैंक
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
रचना बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 2, राजेन्द्र प्लेस, पूसा रोड, नई दिल्ली-110008, फोन : 011-25758124, ई-मेल : iob1997@iob.in
(परिशिष्ट-IV)
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति हेतु) [नियम 8 (1)]
जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 11.4.2017 जारी कर ऋणधारक/मार्टगैजर्स/गारन्टर्स मै. ट्रस्टेड प्रिन्ट एंड पैकेज प्रा.लि. (यहां के बाद ''ऋणधारक'' वर्णित), श्री विरेन्दर कुमार पुरी (यहां के बाद ''मार्टगैजर/गारन्टर'' वर्णित), श्री कृष्ण कुमार भवनी दास छोटानी एवं श्री अजय मल्होत्रा (यहां के बाद ''गारन्टर'' वर्णित) को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 31.3.2017 को रु. 1,57,03,433.25 (रुपये एक करोड़ सत्तावन लाख तीन हजार चार सौ तैंतीस एवं पैसे पच्चीस मात्र) एवं भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रेट्स पर आगे के ब्याज, चार्जेज आदि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
1) उक्त ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, दिनांक 29 जून 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है।
2) विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय मांग सूचना जारी करने के बाद वसूली यदि कोई की गई हो, घटाकर मांग सूचना में वर्णित उपरोक्त तिथि से भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं स्वीकृत रेट्स पर उस पर आगे के ब्याज, लागत के साथ 31.3.2017 को रु. 1,57,03,433.25 (रुपये एक करोड़ सत्तावन लाख तीन हजार चार सौ तैंतीस एवं पैसे पच्चीस मात्र) की राशि के लिये इंडियन ओवरसीज बैंक के चार्ज के अधीन होगा। कब्जा लेने की तिथि को बकाया राशि भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रेट्स पर आगे ब्याज, चार्जेज आदि के साथ रु. 1,57,03,433.25/- (रुपये एक करोड़ सत्तावन लाख तीन हजार चार सौ तैंतीस एवं पैसे पच्चीस मात्र) है।
3) ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।
अचल सम्पत्ति का विवरण
1 विरेन्दर कुमार पुरी के नाम में नवीन ओखला औद्योगिक विकास क्षेत्र, उ.प्र. के भीतर स्थित लीज होल्ड व्यावसायिक दुकान नं. 11, ब्लॉक बी8ए, अमलताश शॉपिंग सेन्टर, सेक्टर-34 का सभी भाग तथा हिस्सा।
2 विरेन्दर कुमार पुरी के नाम में लीज होल्ड व्यावसायिक दुकान सं. पीजी-04, प्लाट नं. 02 से 11 (समामेलित), टीओटी मॉल, सी-58/15ए, सेक्टर-62, नोएडा, उ.प्र. का सभी भाग तथा हिस्सा।
तिथि: 29.06.2019 (प्राधिकृत अधिकारी)
स्थान: नई दिल्ली इंडियन ओवरसीज बैंक

चिटफंड घोटाले में 22 ठिकानों पर छापेमारी

जनसत्ता संवाददाता
कोलकाता, 1 जुलाई।

पश्चिम बंगाल में चिटफंड घोटालों की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने सोमवार को राज्य के सात जिलों में न्यू लैंड एग्रो इंडस्ट्रीज के निदेशकों और प्रमोटरों के 22 ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। सीबीआइ सूत्रों ने बताया कि छापों के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मई, 2017 में उक्त कंपनी के घोटाले की जांच का निर्देश दिया था।

सीबीआइ की एक विशेष टीम राज्य में चिटफंड घोटाले में शामिल तमाम कंपनियों की जांच कर रही है। उक्त कंपनी ने निवेशकों को भारी-भरकम निवेश का लालच दिया था। उसकी लुभावनी योजनाओं में फंस कर लगभग ढाई सौ एजंटों ने लोगों से एक-एक करोड़ की रकम कंपनी की योजनाओं में निवेश कराई थी। लेकिन मियाद पूरी होने पर निवेशकों की रकम नहीं लौटाई गई।

**ऋण वसूली अधिकरण - I, दिल

जनसत्ता

महासमर

विश्व कप -2019

2 जुलाई, 2019 12

दिलचस्प आंकड़े

रन	17615	सबसे ज्यादा रन डेविड वार्नर
विकेट	528	
छक्के	294	उच्चतम स्कोर डेविड वार्नर
अर्धशतक	90	

बांग्लादेश से अहम मुकाबला आज

भारत को सेमी फाइनल में जगह पक्की करने के लिए जीत जरूरी

बर्मिंघम, 1 जुलाई (भाषा) ।

मध्यक्रम की नाकामी से चिंतित भारत मंगलवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में जीत दर्ज करके सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अंतिम एकादश में कुछ बदलाव कर सकता है।

बांग्लादेश को सेमी फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में वह अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

एजबेस्टन के मैदान की स्थिति को देखते हुए भारत केदार जाधव और युजवेंद्र चहल को बाहर रखकर भुवनेश्वर कुमार और रविंद्र जडेजा को अंतिम एकादश में जगह दे सकता है। भारत के अभी सात मैचों में 11 अंक हैं और मंगलवार को जीत से उसकी सेमी फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी। बांग्लादेश को पहली बार अंतिम चार में पहुंचने के लिए अपने दोनों मैच जीतने होंगे। इंग्लैंड के हाथों हार के बाद भारत को अगले मैच की तैयारियों के लिए बहुत कम समय मिला है। उसका सामना अब उस टीम से जिसके पास शाकिब अल हसन के रूप में नंबर एक आलराउंडर है।

महेंद्र सिंह धोनी का फिनिशर के रूप में खराब प्रदर्शन और मध्यक्रम की नाकामी से भारत के कमजोर पक्ष खुलकर सामने आ गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ भारत आखिरी पांच ओवर में केवल 39 रन बना पाया जबकि धोनी और जाधव क्रीज पर थे। बड़े शॉट लगाने में उनकी नाकामी से अधिक उनका प्रयास नहीं करना ज्यादा चर्चा का विषय बना। टीम प्रबंधन हालांकि अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ी के समर्थन में खड़ा है और ऐसे में गाज जाधव पर गिर सकती है जिससे जडेजा की टीम में जगह बनाने की संभावना मजबूत हो गई है।

इसके पीछे मुख्य तर्क यह है कि जाधव की तुलना में जडेजा छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छे शॉट जमा सकते हैं। उनकी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी रनों पर अंकुश लगा सकती है और क्षेत्ररक्षण में तो उनका कोई जवाब नहीं है। एजबेस्टन मैदान का आकार प्रकार भी बदलाव का कारण बन सकता है जिसमें एक तरफ की बाउंड्री 60 मीटर से भी कम है। इंग्लैंड के जैसन रॉय, जॉनी बेयरस्टॉ और बेन स्टोक्स ने कलाईयों के स्पिनर चहल और कुलदीप यादव के खिलाफ रिवर्स स्वीप का अच्छा इस्तेमाल करके इसका पूरा फायदा उठाया था। ऐसी परिस्थितियों में तमीम इकबाल, शाकिब, मुशफिकुर रहीम, लिट्टन दास और महमुदुल्लाह जैसे स्पिन को अच्छी तरह से खेलने वाले बल्लेबाजों के सामने कलाईयों के दो स्पिनरों को उतारना जोखिम भरा हो सकता है। भुवनेश्वर कुमार फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं और इस तरह से भारत टूर्नामेंट में पहली बार तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है।

चहल को विश्व कप में भारत की तरफ से सबसे खराब गेंदबाजी (दस ओवर में 88 रन, कोई विकेट नहीं) करने के बाद बाहर बैठना पड़ सकता है। बांग्लादेश के खिलाफ भुवनेश्वर को शामिल करने से निचले क्रम की बल्लेबाजी को भी मजबूती मिलेगी। भारत के लिए महत्त्वपूर्ण यह है कि बांग्लादेश की गेंदबाजी इंग्लैंड की तरह धारदार नहीं है तथा वे शाकिब पर बहुत अधिक निर्भर हैं जिन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 476 रन बनाने के अलावा दस विकेट भी लिए हैं। गेंदबाजी बांग्लादेश का कमजोर पक्ष है और विराट कोहली ऐसे में सपाट पिच पर पहले बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे। बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसके कप्तान मशरफे मुर्तजा हैं जिन्होंने छह मैचों में अब तक एक विकेट लिया है।

- आमने-सामने
- कुल मैच-03
- भारत जीता-02
- 2011,2015
- उच्च स्कोर-370
- निम्न स्कोर-191
- मैच समय-दोपहर तीन बजे

टीमें

भारत : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, केएल राहुल, विजय शंकर, हार्दिक पंड्या, महेंद्र सिंह धोनी (विकेटकीपर), केदार जाधव, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, जसजीत बुमराह, मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार, रविंद्र जडेजा, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत में से।

बांग्लादेश : मशरफे मुर्तजा (कप्तान), तमीम इकबाल, सौम्या सरकार, शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर), महमूदुल्लाह रियाद, शब्बीर रहमान, मेहदी हसन मिराज, मोसादेक हुसैन, मोहम्मद सैफुद्दीन, मुस्तफिजुर रहमान, रूबेल हुसैन, लिट्टन कुमार दास, अबू जायद, मोहम्मद मिथुन में से।

विश्व कप डायरी

'ऋषभ से शुरू में बहुत उम्मीद करना सही नहीं'

बर्मिंघम, 1 जुलाई (भाषा)।

भारतीय उप कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि युवा ऋषभ पंत से विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में शुरू में ही बहुत अधिक उम्मीद लगाना शायद सही नहीं है।

दिल्ली के बाएं हाथ के बल्लेबाज को विजय शंकर की जगह अंतिम एकादश में शामिल करना चर्चा का विषय रहा। ऋषभ ने हालांकि 32 रन बनाए लेकिन दबाव की परिस्थिति में उनका कम अनुभव फिर से खुलकर सामने आ गया। रोहित से पूछा गया कि जब अच्छी फार्म में चल रहे हार्दिक पंड्या नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए अधिक उपयुक्त थे और तो ऐसे में क्या ऋषभ को इस महत्त्वपूर्ण स्थान पर देखकर उन्हें हैरानी हुई, उन्होंने थोड़ी देर चुप रहकर व्यंग्यात्मक अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, वास्तव में नहीं क्योंकि आप सभी चाहते थे ऋषभ पंत खेलें। मैंने सही कहा न। आप सभी भारत से ही पूछ रहे थे कि ऋषभ पंत कहां हैं? वह यहां नंबर चार पर खेल रहे हैं। रोहित का मानना है कि ऋषभ को बड़े हिट करने के लिए थोड़ा अधिक आत्मविश्वास की जरूरत है।

उन्होंने कहा, उन्हें आत्मविश्वास की जरूरत है क्योंकि वह अपना पहला मैच खेल रहे थे और उनसे इस समय बहुत अधिक उम्मीद लगाना सही नहीं है, लेकिन उन्हें अपने खेल का पूरा लुत्फ उठाना चाहिए।

विजय शंकर विश्व कप से बाहर, मयंक टीम में

बर्मिंघम, 1 जुलाई (भाषा) ।

भारतीय हरफनमौला विजय शंकर पांव के अंगूठे में चोट लगने के कारण सोमवार को विश्व कप से बाहर हो गए और उनकी जगह मयंक अग्रवाल को टीम में रखे जाने की संभावना है जिन्होंने अब तक कोई वनडे नहीं खेला है।

शंकर दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए। उनसे पहले सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान अंगूठे में चोट लगने के कारण बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह ऋषभ पंत ने ली। बीसीसीआइ के मीडिया विभाग ने कहा, विजय शंकर के बाएं पांव के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है जिसे ठीक होने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लगेगा। बीसीसीआइ ने शंकर की जगह अग्रवाल को टीम में शामिल किया है जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंजूरी दे दी है। भारतीय टीम प्रबंधन ने बीसीसीआइ से शीर्ष क्रम के उपयुक्त बल्लेबाज की मांग की थी।

मैच देखने पहुंचीं रिहाना

चेस्टर ली स्ट्रीट, 1 जुलाई (एएफपी) ।

पाप स्टार रिहाना ने सोमवार को क्रिकेट विश्व कप में ग्लैमर का तड़का लगाया जब वह श्रीलंका के खिलाफ यहां वेस्ट इंडीज का लीग मैच देखने पहुंचीं।

क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, देखिए कौन आज वेस्ट इंडीज की हौसलाअफजाई के लिए आया है। हे रिहाना। वेस्ट इंडीज ने इसके साथ ही मैच देखते हुए रिहाना की तस्वीर भी डाली।

श्रीलंका ने वेस्ट इंडीज को 23 रन से हराया

चेस्टर ली स्ट्रीट, 1 जुलाई (भाषा) ।

युवा बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो के करिअर के पहले शतक के बाद विषम परिस्थितियों में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से श्रीलंका ने निकोलस पूरण के शतक पर पानी फेरते हुए विश्व कप लीग मैच में सोमवार को यहां वेस्ट इंडीज को 23 रन से हरा दिया।

श्रीलंका के 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट इंडीज की टीम निकोलस पूरण (118) के करिअर के पहले शतक और फाबियान एलेन (51) के साथ उनकी सातवें विकेट की 83 की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट 315 रन ही बना सकी। पूरण ने 103 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और चार छक्के मारे। उन्होंने कप्तान जेसन होल्डर (26) के साथ पांचवें विकेट के लिए 61 जबकि कार्लोस ब्रेथवेट (08) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी भी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। श्रीलंका की ओर से लसिथ मलिंगा ने 55 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

श्रीलंका ने विश्व कप में तीसरा मैच खेल रहे फर्नांडो की 103 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 104 रन की पारी बदौलत छह विकेट पर 338 रन बनाए थे जो मौजूदा टूर्नामेंट में उसका सर्वोच्च स्कोर है। फर्नांडो ने श्रीलंका की पारी में एंकर की भूमिका निभाते हुए कुशाल मेंडिस (39) के साथ तीसरे विकेट की 85, एंजेलो मैथ्यूज (26) के साथ चौथे विकेट की 58 और लाहिरू थिरिमाने (33 गेंद में नाबाद 44) के साथ पांचवें विकेट की 67 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज कुशाल परेरा (64) ने भी अर्धशतक जड़ा। वेस्ट इंडीज की ओर से होल्डर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 59 रन देकर दो विकेट चटकाए। दोनों टीमें हालांकि पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं इसलिए इस मैच का नतीजा अधिक मायने नहीं रखता। लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्ट इंडीज की शुरुआत खराब रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम 84 रन तक ही चार विकेट गंवाकर संकट में घिर गई। मलिंगा ने श्रीलंका को शानदार शुरुआत दिलाई। इस तेज गेंदबाज ने तीसरे ओवर में ही सुनील अंबरीश (05) को विकेटकीपर परेरा के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में शाई होप (05) को बोल्ड किया। शिमरोन हेटमायर मलिंगा के अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब स्लिप में मेंडिस ने उनका कैच टपका दिया।

विश्व कप के दौरान 80,000 भारतीय ब्रिटेन का दौरा करेंगे

नई दिल्ली, 1 जुलाई (भाषा) ।

भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त जान थॉम्पसन ने सोमवार को यहां कहा कि क्रिकेट विश्व कप के दौरान लगभग 80,000 भारतीयों के ब्रिटेन यात्रा करने की संभावना है।

थॉम्पसन ने एजंसी से कहा, हमारा अनुमान है कि लगभग 80,000 भारतीय विश्व कप के लिए ब्रिटेन की यात्रा करेंगे। साल के इस समय में ऐसे भी पर्यटकों की संख्या ज्यादा होती है लेकिन क्रिकेट की वजह से और अधिक पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। आंकड़ों की बात करें तो पिछले 12 महीने में लगभग छह लाख भारतीयों को ब्रिटिश वीजा जारी किया गया है जिसमें से ज्यादातर पर्यटक हैं।

जोकोविच विंबलडन के दूसरे दौर में

लंदन, 1 जुलाई (एएफपी) ।

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पांचवें विंबलडन खिताब के अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में जर्मनी के फिलिप कोलश्रेबर को सीधे सेटों में हराया। शीर्ष वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने सीधे सेटों में 6-3, 7-5, 6-3 की जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

जोकोविच दूसरे दौर में अमेरिका के डेनिस कुडला से भिड़ेंगे जिन्होंने ट्यूनीशिया के मलिक जजिरी को सीधे सेटों में 6-4, 6-1, 6-3 से हराया। चौथे वरीय दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन को भी फ्रांस के अनुभवी पियरे ह्यूज हर्बर्ट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। वह अगले दौर में सर्बिया के यांको टिप्सरेविच के खिलाफ उतरेंगे। टिप्सरेविच को जापान के वाई निशिओका के खिलाफ पांच सेट तक जूझना पड़ा। सर्बिया का खिलाड़ी हालांकि अंततः 6-4, 6-7, 6-2, 5-7, 6-2 से जीत दर्ज करने में सफल रहा। स्विट्जरलैंड के तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता और 22वें वरीय स्टेन वावरिंका भी पहले दौर में सीधे सेटों में जीत दर्ज करने में सफल रहे। वावरिंका ने बेल्जियम के रूबेन बेमेलमान्स को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। दूसरे दौर में वावरिंका का सामना अमेरिका के रेइली ओपलेका से होगा जिन्होंने पहले दौर में जर्मनी के सेड्रिक मार्सेल स्टेब को 6-3, 7-6 (7/4), 6-1 से बाहर का रास्ता दिखाया।

महिला एकल : महिला एकल में भी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने आसान जीत दर्ज की। चेक गणराज्य की तीसरी वरीय कैरोलिना प्लिसकोवा, युक्रेन की आठवीं वरीय एलिना स्वितोलिना और अमेरिका की 17वीं वरीय मेडिसन कीज भी दूसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहीं। कैरोलिना ने चीन की झू लिन को 6-2, 7-6 से हराया जबकि स्वितोलिना ने आस्ट्रेलिया की दारिया गावरिलोवा को 7-5, 6-0 से शिकस्त दी।

स्पेन ने रेकार्ड पांचवीं बार जीता यूरोपीय अंडर-21 का खिताब

उडाइन (इटली), 1 जुलाई (एएफपी) ।

स्पेन ने पिछली बार के विजेता जर्मनी को 2-1 से हराकर रविवार को यहां रेकार्ड पांचवीं बार यूरोपीय अंडर-21 फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीता।

स्पेन की तरफ से फैबाइन रूइज और दानी ओल्मो ने गोल किए। रूईज ने सातवें मिनट में ही स्पेन को बढ़त दिला दी थी जबकि ओल्मो ने 69वें मिनट में गोल करके दो साल पहले जर्मनी के हाथों 1-0 से मिली हार का बदला चुकता कर दिया। नदीम अमीरी ने मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले जर्मनी के लिए एकमात्र गोल किया। स्पेन ने इससे पहले 2013 में खिताब जीता था। उसने सर्वाधिक पांच बार खिताब जीतने के इटली के रेकार्ड की बराबरी की।

राहुल जैसे युवा बल्लेबाजों पर प्रदर्शन के लिए दबाव डालें : मांजरेकर

बर्मिंघम, 1 जुलाई (भाषा) ।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि करिअर के इस पड़ाव पर महेंद्र सिंह धोनी के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाना सही नहीं है और उनकी जगह लोकेश राहुल जैसे युवा खिलाड़ियों को अधिक जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

धोनी ने 31 गेंद में 42 रन बनाए। मांजरेकर को यह बात चौंकाने वाली लगी कि इस अनुभवी बल्लेबाज ने आखिरी ओवरों में बड़ा शॉट नहीं लगाया लेकिन उन्होंने माना कि दूसरे बल्लेबाजों को अपना स्तर ऊंचा करना होगा।

मांजरेकर ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर एजंसी से कहा, यह वास्तव में अनुचित है कि करिअर के इस स्तर पर भी सारा ध्यान सिर्फ धोनी पर है, क्या टीम में दूसरे बल्लेबाज नहीं हैं जो भारत को जीत दिलाने में मदद कर सकें। अगर ऐसा है तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत नहीं है। मांजरेकर को लगता है कि राहुल को अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलना चाहिए और अपनी क्षमता के साथ न्याय करना चाहिए।

भारत के लिए 37 टैस्ट मैच खेलने वाले मुंबई के इस बल्लेबाज ने कहा, धोनी पर इतना ज्यादा ध्यान नहीं होना चाहिए। ये बातें मीडिया में चर्चा के लिए हैं। अगर मैं भारतीय क्रिकेट का शुभचिंतक हूं तो राहुल और दूसरे बल्लेबाजों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव बनाउंगा जिससे धोनी जैसे खिलाड़ी से दबाव कम हो सके। मांजरेकर ने हालांकि माना कि अगर धोनी पारी के 20-25वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो उन्हें गेंद और रन के बीच में ज्यादा अंतर नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर टीम शुरुआत में दो विकेट गंवा देती है तब तो यह समझ में आता है। अगर वह 22वें या 25वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो उन्हें गेंद और रन में ज्यादा अंतर नहीं होने देना चाहिए। टीम में मयंक अग्रवाल के आने से मांजरेकर खुश हैं। उन्होंने कहा, विजय शंकर का चोटिल होना दुर्भाग्यशाली है लेकिन मयंक के टीम में आने से मैं खुश हूं।

जमकर की आलोचना, कोहली ने किया बचाव

धोनी की लचर बल्लेबाजी से हैरान हुए पूर्व दिग्गज

बर्मिंघम, 1 जुलाई (भाषा) ।

भारत की विश्व कप में इंग्लैंड के हाथों हार के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने महेंद्र सिह धोनी की लचर बल्लेबाजी की कड़ी आलोचना की, लेकिन कप्तान विराट कोहली ने हमेशा की तरह इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज का पक्ष लिया। भारत के सामने 338 रन का लक्ष्य था लेकिन वह पांच विकेट पर 306 रन ही बना पाया। धोनी 31 गेंदों पर 42 और केदार जाधव 13 गेंदों पर 12 रन बनाकर नाबाद रहे थे।

मैच की कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बल्लेबाजी रवैए पर सवाल उठाए। गांगुली ने कहा, मेरे पास इसके लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं हैं। मैं इन एक एक रन की व्याख्या नहीं कर सकता। लेंथ और उछाल ने भी भारतीय बल्लेबाजों को गच्चा दिया। आप 338 का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते लेकिन आखिर में आपके पांच विकेट बचे होते हैं। उन्होंने कहा, यह मनोदशा और मैच को लेकर आपकी सोच से जुड़ा है। संदेश साफ होना चाहिए था, चाहे जैसे भी हो और चाहे गेंद जहां भी पड़े आपको चौका या छक्का लगाना ही होगा। ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या के आउट होने के बाद भारत को आखिरी पांच ओवरों में 71 रन चाहिए थे। सभी की निगाह सर्वश्रेष्ठ फिनिशर रहे धोनी और केदार जाधव पर टिकी थी लेकिन वे टीम को पांच विकेट पर 306 रन के स्कोर तक ही पहुंचा पाए।

- आखिरी पांच ओवरों में 71 रन चाहिए थे। सभी की निगाह धोनी पर टिकी थी लेकिन वह टीम को 306 रन के स्कोर तक ही पहुंचा पाए।

कोहली ने आलोचनाओं के बावजूद धोनी का बचाव किया और कहा कि मैच के आखिर में विकेट धीमा हो गया था जिस पर शॉट लगाना मुश्किल था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि धोनी ने बाउंड्री लगाने के लिए काफी कोशिश की लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंग्लैंड ने सही क्षेत्र में गेंदबाजी की और गेंद रुककर आ रही थी। इसलिए आखिरी क्षणों में रन बनाना मुश्किल हो गया था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि भारतीयों के रवैए को देखकर प्रशंसकों को निराशा हुई होगी। हुसैन ने कमेंट्री करते हुए कहा, मैं बहुत हैरान हूं। क्या चल रहा है। भारत ऐसा नहीं चाहता है। उसे रन की जरूरत है। वे क्या कर रहे हैं। कुछ भारतीय प्रशंसक स्टेडियम से निकलने लग गए हैं। निश्चित तौर पर वे धोनी से बड़े शॉट चाहते हैं। यह विश्व कप का मैच है। दो चोटी की टीमें खेल रही हैं। भारतीय प्रशंसक चाहते हैं कि उनकी टीम कुछ और प्रयास करे। जीत के लिए जोखिम ले। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी हुसैन की हां में हां मिलाई। मांजरेकर ने कहा, अगर कोई टीम भारत के विजय अभियान को रोक सकती थी तो वह इंग्लैंड थी। हालांकि आखिरी ओवरों में धोनी का रवैया हैरान करने वाला रहा।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 226, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।

कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।